राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-116
लखनऊ, बुधवार 13 दिसंबर, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए कर रही काम : भूपेंद्र सिंह 03

एआई के लिए वैश्विक फ्रेमवर्क तैयार करे विश्व : मोदी 12

## संक्षिप्त समाचार

### स्पाइसजेट इक्विटी शेयर से जुटाएगी 2,250 करोड़

**नई दिल्ली।** आर्थिक संकट से जूझ रही एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट इक्विटी शेयर जारी करके 2,250 करोड़ रुपये की नई पूंजी जुटाएगी। स्पाइसजेट के निदेशक मंडल ने निजी नियोजन के आधार पर इक्विटी शेयर और वारंट जारी करने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को बताया कि स्पाइसजेट बोर्ड ने इक्विटी शेयर और वारंट के जरिए रकम जुटाने को मंजूरी दे दी है। बोर्ड ने 32 करोड़ शेयर जारी करने की मंजूरी दी है। इस राशि से कंपनी को अपनी उपस्थिति और बाजार पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी। शेयर बाजार को दी गई इस जानकारी के बाद कंपनी के शेयरों में 8 फीसदी तक की गिरावट आई है।

### हथियार व युद्धक सामग्री के साथ दो गिरफ्तार

**अनंतनाग।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षाबलों ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से हथियारों और अन्य युद्धक सामग्री भी बरामद की गई है। यह जानकारी मंगलवार को सेना ने दी है। चिनार कॉर्प्स के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर 11 दिसंबर को ज़बिलपुरा, बिजबिहाडा अनंतनाग में सेना और जेएमयू और केएमआर पुलिस ने एक संयुक्त मोबाइल वाहन चेक पोस्ट (एमवीसीपी) स्थापित किया था। सेना प्रवक्ता ने बताया कि चेकिंग के दौरान एक पिस्तौल, कारतूस और युद्धक जैसी सामग्री मिलने पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। सुरक्षाबलों के अधिकारी दोनों से पूछताछ कर रहे हैं। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

### सीबीएसई 10वीं-12वीं का परीक्षा कार्यक्रम जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट cbse.nic.in या cbse.gov.in पर कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षा 2024 की डेट शीट जारी कर दी है। दोनों कक्षाओं के लिए परीक्षा 15 फरवरी, 2024 से शुरू होने वाली है और यह 2 अप्रैल, 2024 तक जारी रहेगी। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि परीक्षा कार्यक्रम तैयार करते समय बोर्ड ने इस बात का ध्यान रखा है कि दो विषयों के बीच समय का पर्याप्त अंतर हो। बारहवीं कक्षा के लिए परीक्षा कार्यक्रम तय करते समय जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तारीखों को ध्यान में रखा गया है। 12वीं कक्षा के लिए कार्यक्रम तय करते समय जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तारीखों को ध्यान में रखा गया है। 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 13 मार्च को और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं दो अप्रैल को समाप्त होंगी।

### चार मार्च तक करा सकेंगे आधार कार्ड में निःशुल्क संशोधन

**नई दिल्ली।** देश में आधार कार्ड का महत्व बेहद अधिक है। आधार कार्ड धारकों को आधार कार्ड को अपडेट करने के लिए कई बार सरकार मौके दे चुकी है। फ्री में आधार कार्ड में अपडेट कराने के लिए केंद्र सरकार कई बार इसकी डेडलाइन को बढ़ा चुकी है। इस बार निशुल्क आधार कार्ड में बदलाव करने की अंतिम तिथि 14 दिसंबर है। यूआईडीएआई आधार प्राधिकरण की ओर से इस संबंध में अपडेट भी सामने आया है। इस अपडेट में आधार को लेकर डेडलाइन बढ़ाए जाने की जानकारी दी गई है। प्राधिकरण का कहना है कि नागरिकों से मिलने वाले रिस्पॉन्स को देखते हुए ही डेडलाइन को आगे बढ़ाने का फैसला किया गया है। यानी अब 14 मार्च 2024 तक यूजर्स बिना शुल्क दिए आधार कार्ड को अपडेट करवा सकेंगे। अब ये डेडलाइन 15 दिसंबर 2023 से बढ़कर 14 मार्च 2024 तक जारी रहेगी।

### बिहार लाए जा रहे गांजा समेत दो भारतीय गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** नेपाल पुलिस ने बड़ी कारवाई करते हुए नेपाल से तस्करी कर बिहार लायी जा रही गांजा के साथ दो भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। उक्त कारवाई नेपाल के हेटौंडा पुलिस ने वार्ड नंबर 15 चूड़ियां माई के समीप की है। जहां एक बोलेरो पर लदी 45 किलो गांजा के साथ दोनो भारतीय नागरिक गिरफ्तार किये गये। जिनकी पहचान पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी शहर के बरियारपुर निवासी 24 वर्षीय भूषण कुमार एवं 21 वर्षीय साजन सिंह के रूप में हुई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आईआईआईटी लखनऊ के द्वितीय दीक्षांत समारोह में कहा

# दुनिया का सबसे युवा देश है भारत

▸ एआई के साथ इमोशनल इंटेलिजेंस को भी दें महत्व

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत के पास 5 डी (डिमांड, डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी, डिजायर व ड्रीम) है, जो विकास की यात्रा में लाभकारी है। हमारी अर्थव्यवस्था एक दशक पहले 11वें पायदान पर थी। आज पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2030 तक यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है। भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। यहां 55 फीसदी से अधिक आबादी 25 वर्ष से कम उमर की है। भारत प्रगतिशील व लोकतांत्रिक राष्ट्र हैं। हमारा सपना है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने। आप भी न केवल इस विजन के भागीदार बनें, बल्कि इसे पूरा करने के लिए सर्वस्व लगा दें। हमें प्रतिज्ञा करनी होगी जब भारत आजादी के 100 वर्ष पूरा कर रहा हो, तब आने वाली पीढ़ियां ऐसे भारत में जन्म लें, जो संपन्न-समृद्ध हो और जहां विकास समावेशित हो। उक्त बातें राष्ट्रपति ने मंगलवार को कहीं। वे भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) लखनऊ के द्वितीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। उन्होंने मेधावियों को डिग्री व मेडल प्रदान करते हुए पदक पाने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




### डाटा सेंटर का हब बन रहा है उत्तर प्रदेश : सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहीं। समारोह को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि भारत आज दुनिया के अंदर एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरता हुआ दिखाई दे रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर की बनाने का संकल्प देशवासियों के सामने रखा है। उत्तर प्रदेश भी उस लक्ष्य के साथ 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने की दिशा में अग्रसर है। आज तकनीक के माध्यम से भ्रष्टाचार पर प्रहार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि तकनीक और डिजिटाइजेशन से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्य को प्राप्त करने में बहुत आसानी हुई है। उन्होंने कहा कि धर्म का मतलब केवल उपासना विधि से नहीं है। भारतीय मनीषा ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरुक रहने को धर्म माना है। शास्त्रों में इस बात का उल्लेख है,'सत्यं वद धर्मं चर' यानी सत्य बोलो, धर्म का आचरण करो। योगी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके डिजिटल हॉस्पिटल की दिशा में हम कदम बढ़ा सकते हैं। इससे ग्रामीण और रिमोट एरिया में रहने वाले लोगों के जीवन में परिवर्तन ला सकते हैं।

राष्ट्रपति ने विद्यां ददाति विनयम्, विनयाद् याति पात्रताम। पात्रत्वात् धनमाप्नोति धनात् धर्मं ततः सुखम श्लोक सुनाया और कहा कि विद्या विनय देती है और विनय से पात्रता आती है। पात्रता से धन, धन से धर्म और धर्म से सुख प्राप्त होता है। उन्होंने आशा जताई कि संस्थान के आदर्श वाक्यों के अनुकूल आचरण करते हुए नैतिकता के साथ समाज व देश के सशक्त व समृद्ध भविष्य के लिए कार्य करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सरकार ने 2018 में एआई के लिए राष्ट्रीय रणनीति प्रकाशित की थी। यूपी सरकार ने भी प्रमुख शहरों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी हब के रूप में विकसित करने के लिए योगदान प्रारंभ किया है। एआई व अन्य समकालीन तकनीकी विकास असीमित, अभूतपूर्व डवलपमेंटल एवं ट्रांसफरमेटिव संभावनाएं प्रदान करता है। आवश्यक है कि एआई प्रयोग के साथ उत्पन्न नैतिक दुविधाओं का निराकरण सबसे पहले हो। चाहे आटोमेशन के कारण उत्पन्न रोजगार की समस्या हो या आर्थिक असमानता की चौड़ी होती खाई या फिर एआई के परिणामों में आने वाले मानवीय पूर्वाग्रह, हमें हर समस्या के लिए रचनात्मक हल ढूंढना होगा।

### मानव जीवन को आसान बनाने में एआई महत्वपूर्ण

महामहिम ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। ऑर्टिफिशयल इंटेलिजेंस मानव जीवन को आसान बनाने व उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण साधन साबित हो रहा है। अपने व्यापक अनुप्रयोग के साथ एआई और मशीन लर्निंग जीवन के सभी पहलुओं को छू रहा है। हेल्थ केयर, एजूकेशन, एग्रीकल्चर, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट सिटी, स्मार्ट मोबिलिटी व ट्रांसपोर्टेशन आदि क्षेत्रों में एआई और मशीन लर्निंग हमारी दक्षता व कार्यक्षमता में व्यापक स्तर पर सुधार के अनेक अवसर प्रस्तुत कर रहा है।

### 315 छात्र-छात्राओं को प्रदान की गईं डिग्रियां

समारोह में 315 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की गईं। बीटेक इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम के 2018 सत्र के 65 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। साथ ही वर्ष 2019 बैच के बीटेक इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और कंप्यूटर साइंस पाठ्यक्रम के कुल 147 स्टूडेंट्स को डिग्री दी गई। इसके अलावा 2020 बैच के कंप्यूटर साइंस पाठ्यक्रम के 23 स्टूडेंट्स को डिग्री प्रदान की गई। साथ ही एमटेक कंप्यूटर साइंस 2021 बैच के 27, एमबीए डिजिटल बिजनेस 2020 बैच के 22 और 2021 बैच के 20 स्टूडेंट्स को डिग्री दी गई। वहीं पीजी डिप्लोमा इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग में वर्ष 2020 और 2021 के दो स्टूडेंट्स को डिग्री प्रदान की गई। पीजी डिप्लोमा इन डाटा साइंस के सत्र 2020 व 2021 के तीन स्टूडेंट्स और पीजी डिप्लोमा इन बिजनेस स्टडी के सत्र 2020 और 2021 के छह स्टूडेंट्स को डिग्री दी गई।

# जम्मू-कश्मीर, लद्दाख के लोगों के साथ विश्वासघात था अनुच्छेद 370, 35ए : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख को लेकर संविधान के अनुच्छेद 370 एवं 35 ए वहां के लोगों के साथ एक विश्वासघात था और इन अनुच्छेदों के हटने से कश्मीरियों के साथ अन्याय और देश के माथे पर कलंक मिट गया है।

प्रधानमंत्री ने उच्चतम न्यायालय के कल अनुच्छेद 370 एवं 35 ए को लेकर दिए गए फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि इस ऐतिहासिक निर्णय से एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना मजबूत हुई है तथा केन्द्र शासित प्रदेशों में सामाजिक आर्थिक विकास को गति मिली है।

श्री मोदी ने उच्चतम न्यायालय के फैसले पर आज एक लेख लिखा है जिसमें उन्होंने फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि आज जम्मू कश्मीर और लद्दाख में जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चे को साफ-सुथरा माहौल मिल रहा है जिसमें वह अपने भविष्य को साकार कर सकता है। लोगों के सपने बीते समय के मोहताज नहीं, बल्कि भविष्य की संभावनाएं बन गए हैं। जम्मू कश्मीर में मोहभंग, निराशा और हताशा की जगह अब विकास, लोकतंत्र और गरिमा ने ले ली है।

श्री मोदी ने लेख में कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त करने पर 11 दिसंबर को ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। न्यायालय ने अपने फैसले में भारत की संप्रभुता और अखंडता को बरकरार रखा है, जिसे प्रत्येक भारतीय द्वारा सदैव संजोया जाता रहा है।



### जब आपके पास कांग्रेस है तो भारत में मनी हीस्ट फिक्शन की जरूरत किसे : पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से जुड़े परिसरों से 350 करोड़ रुपये से अधिक की बरामदगी के मुद्दे पर मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और इसके लिए एक लोकप्रिय क्राइम सीरिज का हवाला दिया। प्रधानमंत्री की यह प्रतिक्रिया भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से 'एक्स पर एक पोस्ट किए गए उस वीडियो के जवाब में आई है, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ साहू की तस्वीरें और झारखंड के सांसद से जुड़े परिसरों पर आयकर छापे के दौरान बरामद नकदी के ढेर दिखाई दे रहे है। वीडियो में राहुल गांधी को नोटों के ढेर पर लेटे दिखाया गया है। भाजपा ने वीडियो के साथ लिखा 'कांग्रेस प्रस्तुत करती है मनी हाइस्ट जबकि पृष्ठभूमि में क्राइम सीरिज का लोकप्रिय शीर्षक गीत बज रहा है।

# भजन लाल शर्मा होंगे राजस्थान के नए मुख्यमंत्री

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान के नए मुख्यमंत्री की घोषणा हो गई है। भाजपा विधायक दल की बैठक में भजन लाल शर्मा के नाम पर सहमति बनी। भजन लाल शर्मा राजस्थान के बड़े ब्राह्मण चेहरा है। सांगानेर से वह पहली बार विधायक बने हैं। वह चार बार संगठन के महामंत्री रह चुके हैं।

भजन लाल शर्मा अमित शाह के बेहद करीबी माने जाते हैं। वह पहली बार विधायक बने हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में भजन लाल शर्मा के नाम की घोषणा भाजपा की वसुंधरा राजे ने की, जिनका नाम भी शीर्ष पद के दावेदारों में था। भाजपा आलाकमान ने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, विनोद तावड़े और सरोज पांडेय को राजस्थान का पर्यवेक्षक बनाया था। राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के रूप में भजनलाल शर्मा पर राज्य भाजपा नेता डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। वह राज्य को आगे ले जायेंगे। उनके नाम का प्रस्ताव वसुंधरा जी ने किया था और मैंने नाम आगे बढ़ाया। भाजपा के भजन लाल शर्मा की राजनीतिक यात्रा महत्वपूर्ण उपलब्धियों से भरी रही है।



### डॉ. मोहन यादव आज लेंगे मप्र के नए मुख्यमंत्री पद की शपथ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार दोपहर 12 बजे भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित भव्य समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत भाजपा शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्री व पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। तो वहीं छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सायंकाल चार बजे होगा।

# आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट में बदलाव से जुड़े नए विधेयक लोकसभा में पेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने मंगलवार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम (एविडेंस एक्ट) में बदलाव से जुड़े पिछले सत्र के दौरान पेश विधेयकों को वापस लेकर तीन नए विधेयकों को मंगलवार को लोकसभा में पेश किया।

▸ स्थायी समिति ने विधेयकों में सुझाए थे कई बदलाव

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023 लोकसभा में पेश किया। गृहमंत्री ने कहा कि पिछली बार पेश विधेयकों को गृह विभाग की स्थायी समिति को भेजा गया था। समिति ने विधेयकों में कई बदलाव सुझाए थे। इनमें से बहुत से बदलावों को स्वीकार किया गया है। ऐसे में विधेयकों से जुड़े संशोधन लाने की बजाय नए ढंग से विधेयक लाए गए हैं। गृह मंत्री ने विपक्ष के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि ज्यादातर बदलाव कॉमा, फुलस्टॉप से जुड़े हैं।

# संजय सिंह की जमानत याचिका पर 21 दिसंबर को होगा फैसला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में आज दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया।

स्पेशल जज एमके नागपाल ने जमानत याचिका पर 21 दिसंबर को फैसला सुनाने का आदेश दिया। संजय सिंह की न्यायिक हिरासत भी 21 दिसंबर को पूरी हो रही है। सुनवाई के दौरान ईडी ने संजय सिंह की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि दो करोड़ का लेन-देन दो किश्तों में किया गया। यह लेन-देन संजय सिंह के घर पर हुआ। ईडी ने कहा कि सर्वेश को संजय सिंह के घर पर पैसा दिया गया, जो संजय सिंह का कर्मचारी है। दिनेश अरोड़ा ने इसकी पुष्टि की है। ईडी ने कहा था कि उनके खिलाफ कैश ट्रांजेक्शन, कॉल रिकॉर्ड समेत अन्य साक्ष्य मौजूद है।

# अवैध प्रवासियों का आंकड़ा जुटाना असंभव

▸ नागरिकता कानून की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता पर सुनवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे अवैध प्रवासियों के आंकड़े जुटाना संभव नहीं है क्योंकि अवैध प्रवासी गुप्त तरीके से देश में दाखिल होते हैं। सुप्रीम कोर्ट नागरिकता कानून की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता पर सुनवाई कर रहा है। इसी सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने हलफनामा देकर ये बात बताई।



नागरिकता कानून की यह धारा असम में अवैध प्रवासियों से संबंधित है। केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि 17,861 लोगों को इस प्रावधान के तहत नागरिकता दी गई है। विदेशी ट्रिब्यूनल के आदेशों के तहत साल 1966-1971 के बीच 32,381 लोगों की बतौर विदेशी पहचान की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने 7 दिसंबर को केंद्र सरकार ने पूछा था कि देश में 1 जनवरी 1966 से लेकर 25 मार्च 1971 तक कितने बांग्लादेशी नागरिकों को असम में भारतीय नागरिकता दी गई और सरकार से इसका डाटा मांगा था। साथ ही सरकार से अवैध घुसपैठ रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में भी पूछा था।

# जम्मू-कश्मीर व पुडुचेरी विधानसभाओं में महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक पारित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी में महिलाओं को विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़ा विधेयक पारित कर दिया।

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा ने मंगलवार को जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023 केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 पेश किया। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं तथा दिल्ली में महिलाओं को आरक्षण देने से जुड़ा विधेयक पहले ही पारित होकर कानून बन चुका है। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन द्वितीय संशोधन विधेयक 2023 में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का प्रावधान है।

बढ़ती ताकत

## एचएएल वायु सेना के लिए अगले आठ वर्षों में करेगा 180 विमानों का उत्पादन

# पश्चिमी भारत-पाक सीमा पर बनेगी एलसीए तेजस मार्क-1ए की स्काड्रन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना भारत-पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर राजस्थान के बीकानेर में नाल हवाई अड्डे पर स्वदेशी एलसीए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान की पहली स्क्वाड्रन बनाने के लिए तैयार है। भारतीय वायु सेना को 4.5 पीढ़ी का पहला लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) एमके-1ए फाइटर जेट अगले साल फरवरी-मार्च तक मिल जाएगा। इसी सौदे का पहला ट्रेनर विमान वायु सेना को सौंपा जा चुका है।

एचएएल के साथ अतिरिक्त 97 तेजस एमके-1ए के सौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है। रक्षा मंत्रालय ने 83 एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट के लिए 03 फरवरी, 2021 को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ डील फाइनल की थी। इसी सौदे का पहला विमान वायु सेना को अगले साल फरवरी-मार्च में एचएएल से मिलेगा।

भारतीय वायुसेना भारत-पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर राजस्थान के बीकानेर में नाल हवाई अड्डे पर स्वदेशी एलसीए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान का पहला स्क्वाड्रन बनाने के लिए तैयार है। श्रीनगर स्थित स्वॉर्ड आर्म्स स्क्वाड्रन को भी तेजस एमके-1ए के लिए निर्धारित किया गया है। अभी तक यह स्क्वाड्रन मिग विमानों का ठिकाना है, जिन्हें तेजस की आपूर्ति शुरू होने के बाद सेवा से विदाई दी जानी है। केंद्र सरकार ने लम्बे इंतजार के बाद 30 नवंबर को वायु सेना के लिए 97 हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस एमके-1ए खरीदने को मंजूरी दी है। एचएएल के साथ अतिरिक्त 97 तेजस एमके-1ए के सौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है।



▸ वायु सेना को अगले साल से मिलने लगेंगे एलसीए 'तेजस' एमके-1ए फाइटर जेट

### क्या कहते हैं एचएएल के शीर्ष अधिकारी

एचएएल के एक शीर्ष अधिकारी का कहना है कि 180 एलसीए का पूरा ऑर्डर अगले आठ वर्षों में भारतीय वायु सेना को सौंप दिया जाएगा। एचएएल ने प्रति वर्ष लगभग 24 तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान का उत्पादन करने के लिहाज से अपनी क्षमता बढ़ाई है।

### सेना 2035 तक 32 से बढ़ाकर 42 स्क्वाड्रन करने की तैयारी में

भारतीय वायु सेना अपने लड़ाकू विमानों की मौजूदा 32 स्क्वाड्रन को बढ़ाकर 2035 तक 42 स्क्वाड्रन करने की तैयारी में है। इसी के साथ भारत लड़ाकू विमानों की 15 स्क्वाड्रन को रिटायर करने की भी योजना बना रहा है। अगले 15 वर्षों में भारतीय वायुसेना के पास 40 एलसीए तेजस, 180 एलसीए मार्क-1ए और कम से कम 120 एलसीए मार्क-2 विमान होंगे। वायु सेना को पहले सप्लाई किये जा चुके 40 एलसीए की तुलना में एलसीए मार्क-1ए विमान में अधिक उन्नत एवियोनिक्स और रडार हैं। नए एलसीए मार्क-1ए में स्वदेशी सामग्री 65 प्रतिशत से अधिक होगी।

### बीजेपी विधायक रामदुलार गोंड रेप मामले में दोषी करार

**नई दिल्ली।** सोनभद्र दुष्कर्म एवं पास्को एक्ट में दोषी करार दिए गए दुद्धी विधानसभा से भाजपा विधायक रामदुलार गोंड दुद्धी विधायक को रेप के मामले मे कोर्ट ने पुलिस हिरासत भेजा है। राम दुलार गोंड विधायक दुद्धी के सजा की तारीख भी कोर्ट ने तय कर दी है। आरोपी को सजा देने की तारीक 15 दिसम्बर मुकर्रर की गई है। आरोपी दुद्धी विधानसभा से भाजपा विधायक रामदुलार गोंड पर पास्को और रेप के मामले मे वर्ष 2014 से मुकद्दमा चल रहा है। दुद्धी विधानसभा से भाजपा विधायक रामदुलार गोंड पर वर्ष 2014 में प्रधानपति रहते हुए नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप लगा था, जिसका केस की सुनवाई सोनभद्र के एमपी एमएल कोर्ट में चल रही थी। इस मामले को सुनने पर कोर्ट ने विधायक को आरोपी पाया और पुलिस हिरासत में भेंज दिया है।

आंगनबाड़ी केंद्रों का मूल कार्य याद रखें

# हॉट कुक्ड फूड योजना के तहत नब्बे प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि इस माह के अंत तक जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों आदि से हॉट कुक्ड फूड वितरण का कार्य सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत अभी तक जनपद के 90 प्रतिशत से अधिक केंद्रों से कुक्ड फूड वितरण का कार्य शुरू किया जा चुका है, इसे शत प्रतिशत इस माह के अंत तक सुनिश्चित किए जाने का लक्ष्य है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आज लोक सभागार में ज़िला पोषण समिति, एमडीएम एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह समेत अन्य समस्त सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को पहले न्यूट्रीशन केंद्र और फिर एजुकेशन केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस माह के अंत तक हॉट कुक्ड फूड वितरण की व्यवस्था हो जाने के बाद अगले माह इन केंद्रों पर क्या और कैसे पढ़ाया जाए, इस की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि नेशनल बुक ट्रस्ट से आए किताबों के सेट के अलावा अन्य किताबों द्वारा बच्चों को प्री प्राइमरी स्कूलों की तर्ज पर पढ़ाई को सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कुक्ड फूड वितरण की व्यवस्था का सभी तहसीलों में ब्लॉक वार इन केंद्रों का औचक निरीक्षण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में शिथिलता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के सृजन के जो छह मूल उद्देश्य थे, उन पर कोई समझौता न किया जाए।

बैठक में डीएम ने कहा कि कुपोषित बच्चों को पोषण समय पर उपलब्ध कराने की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को पूरी निष्ठा से लागू किया जाए और उनका डाइट चार्ट भी सभी को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि पोषण वितरण निर्धारित समय पर ही वितरित किया जाए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण वितरण का यह अर्थ नहीं है कि महिला और किशोरी योजनाओं की उपेक्षा कर दी जाए, वे योजनाएं पूर्ववत लागू रहेंगी। बैठक में निपुण स्कूलों के सम्बंधित प्रधानाचार्य आदि को विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मानित करने के सम्बंध में भी चर्चा की गई। ज़िलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्कूलों की निर्धारित ग्रेडिंग आदि के कार्यों के लिए संवेदनशील होकर कार्य करें, बच्चों को निपुण बनाने के लिए शासन से जो मानक तय किए गए हैं।

# विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का भविष्य संकट में

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों को प्राइवेट विद्यालयों से बेहतर बनाने के लिए जहां निरंतर प्रयास किया जा रहा है वही परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की लापरवाहियों से विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं का शिक्षण कार्य बहुत ही प्रभावित हो रहा है।

मामला शिक्षा क्षेत्र हैदरगढ़ के प्राथमिक विद्यालय लालपुर पोस्ट अंसारी का है जहां पर तैनात शिक्षिका का देर से विद्यालय पहुंचना और जल्दी चले जाने का रोजाना नियम बन गया है। जिसके चलते विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का भविष्य खतरे में नजर आता दिख रहा है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बताया कि मैडम जी रोज 10:00 बजे के बाद आती है और विद्यालय बंद होने के पहले ही चली जाती हैं। विद्यालय में मौजूद रसोईया ने बताया कि हम सुबह 9:00 बजे आकर विद्यालय का गेट खोल देते हैं और बच्चों से प्रार्थना भी करवा देते हैं। उसके बाद 10 से 10:30 बजे के बीच मैडम जी आती है फिर छात्र-छात्राओं का शिक्षण कार्य प्रारंभ होता है। बताते चले कि इस प्राथमिक विद्यालय में बतौर शिक्षक सिर्फ एक ही शिक्षिका तैनात हैं और वह भी लगातार देर से आती हैं। जब इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पहले भी कई बार की गई शिकायतों पर इस प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षिका का कई बार वेतन काटा जा चुका है हम स्वयं जाकर इसकी जांच करेंगे और दोषी पाए जाने पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ स्वागत

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का जन प्रतिनिधियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इसी क्रम में हैदरगढ़ विकासखंड के बरावा ग्राम पंचायत में पहुंची यात्रा का बड़ी संख्या में मौजूद लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामदेव सिंह ब्लॉक प्रमुख हैदरगढ़ की मौजूदगी में ग्राम आवास योजना वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भागीदारी निभाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में ग्राम वासियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही लाभान्वित भी किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए श्री सिंह ने विकसित भारत के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रयासों को बताते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार अब योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने के लिए संकल्प यात्रा के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों का पंजीकरण कर रही है।

इससे अब कोई भी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ लेने से वंचित नहीं रहेगा। इन अवसरों पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुची शुक्ला डॉक्टर अमित कुमार वीडियो कृषि ज्ञानेंद्र कुमार बीओपीआरडी विशाल वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार, भाजपा मंडल महामंत्री संतोष कुमार श्रीवास्तव रामकुमार सिंह प्रधान प्रतिनिधि बृजेश सिंह आदर्श सिंह सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

# समाजसेवी ने जरुरतमंदों को वितरित किया कम्बल

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

ठंड व शीतलहरी का प्रकोप दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। गरीबों को ठंड से बचाने के लिए मंगलवार को फिल्म अभिनेता एवं निर्देशक आदित्य ओम ने नगर के देवा रोड स्थित गांधी भवन में अपने पिता स्व. रमाशंकर सिंह पूर्व आईएएस की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों को गर्म कंबल व टोपी वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने स्व. स्व. रमाशंकर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। फिल्म अभिनेता आदित्य ओम ने कहा कि गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। सभी को बढ़-चढ़कर इन कामों में हिस्सा लेना चाहिए। समाज के हर लोगों को गरीबों के प्रति सच्ची भावना से समर्पित होने की जरूरत है। यह संस्कार मुझे अपने पिताजी से मिले है। जो प्रशासनिक सेवा मे रहते हुए और सेवानिवृत के बाद भी हमेशा गरीबों और जरूरतमंदों की मदद किया करते थे। उन्हीं की प्रेरणा और सीख से मुझे भी जरूरतमंदों की सेवा करने का सौभाग्य मिल रहा है। हमें मिलकर ऐसे सामाजिक कार्यो को करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में कंबल पाकर गरीबों व जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार हशमत उल्लाह, सभासद शिवा शर्मा, सभासद सोनू यादव, विनय कुमार सिंह, राजेश यादव, जितेन्द्र कुमार गौतम, वेद प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

# धूं-धूं कर जली बस, यात्रियों ने भागकर बचाई जान

कई यात्रियों का सामान जलकर हुआ राख, फायर कर्मियों ने आग पर पाया काबू

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार की शाम अंबेडकर नगर से लखनऊ जा रही एक रोडवेज बस अहमदपुर टोल प्लाजा के निकट शार्ट सर्किट के चलते लगी आग से पूरी तरह जलकर राख हो गई इस आग में कई यात्रियों का सामान भी जलकर राख हो गया गनीमत यह रही सभी यात्री सुरक्षित बस से निकाल लिए गए।

जानकारी के मुताबिक अंबेडकर नगर डिपो की रोडवेज बस संख्या यूपी 45 ए टी 6057 मंगलवार की शाम अंबेडकर नगर से लखनऊ जा रही थी। रोडवेज बस में 59 यात्रियों के साथ ही एक दिव्यांग व्यक्ति सवार था। उधौली टोल प्लाजा पर बैरियर से कुछ पहले ही बस में हुई शार्ट सर्किट से आग लग गई जब तक यात्री कुछ समझ पाते बस धू धू करके जलने लगी। बस में आग लगते देखा यात्रियों में हड़कंप मच गया। बस में आग लगते देख टोलकर्मी भी मौके पर पहुंच गए और लोगों को बस से नीचे उतारने में लग गए। बस में लगी आग से जान बचाने के लिए लोग अपना सामान छोड़कर नीचे की ओर भागे इस अफरातफरी मे कई लोगों को मामूली चोटे भी आई। घटना की सूचना पर पहुंचे फायर कर्मियों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। इस बीच बस पूरी तरह जलकर राख हो गई मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने दूसरी बस से यात्रियों को गंतव्य के लिए रवाना कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### 40 दिन पूर्व बाइक चोरी का नही लगा कोई सुराग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली भीरा के अंतर्गत बिजुआ ब्लॉक परिसर से विगत 30 अक्टूबर दोपहर को ब्लॉक परिसर से बाइक चोरी हो गई थी। चोरी हुई बाइक हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बगहा कुरैया निवासी अचल मिश्रा की है। भीरा थाना क्षेत्र में लंबे समय से बाइक चोर गिरोह सक्रिय बना हुआ है। इसके चलते कई बाइक चोरी हो चुकी है। इनकी थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है, लेकिन पुलिस कुछ को छोड़ अधिकतर बाईकों का अभी तक पता नहीं लगा सकी है। वाहन स्वामियों ने उसी समय थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी, पर अभी तक भीरा थाना पुलिस बाइक चोरी का पता नहीं लगा पाई है। कुछ दिनों पहले पुलिस ने जिन बाइक चोर गिरोह को पकड़कर बाइकों को जब्त किया था। सूत्रों के अनुसार कई बाइकें दूसरी जगहों के लोगों की निकली थी। बाइक चोरी की जिन लोगों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी वह भी थाने के कई बार चक्कर काट चुके हैं। इसके बाद भी उन्हें संतुष्ट जवाब नहीं मिल पा रहा है। इससे उनकी परेशानी दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

### सरकारी सम्पत्ति पर नहीं लगेंगे होर्डिंग व पोस्टर : एसडीएम

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।** प्रशासन हुआ सतर्क सरकारी संपत्ति पर प्रचार प्रसार के नहीं लगा सकेंगे होर्डिंग और पोस्टर। मोहम्मदी नगर को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अरूण कुमार सिंह, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने जिन लोगों ने रोडो के किनारे अतिक्रमण कर रखा है उनको सख्त हिदायत दी वह अपना अतिक्रमण जल्द भे जल्द हटा ले। कई जगह जेसीबी द्वारा अतिक्रमण को मुक्त भी कराया गया।नो पार्किंग में खड़े कई चार पहिया वाहनों के चालान भी किये। एसडीएम ने बताया प्रतिदिन चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान। दुकानदारों को हिदायत देकर छोड़ा गया यदि दुकानदारों ने स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया तो कल से जुर्माना भी काटा जाएगा। उपजिलाधिकारी मोहम्मदी के नेतृत्व में पहली बार अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही।गुरेला मोड़ से अम्बेडकर चौराहा, अस्पताल रोड, हनुमान द्वार सहित इत्यादि क्षेत्र के दुकानदारो को स्वयं अतिक्रमण हटाने की दी चेतावनी।

### सटर तोड़कर मोबाइल नकदी चोरों ने उड़ाए

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** मोबाइल की दुकान का शटर तोड़ कर चोरों ने दर्जनों मोबाइल के साथ 35 हजार की नगदी पार कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पर बदोसरांय पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी। बीती रात अज्ञात चोरों ने ग्राम अरियामऊ के अवस्थी मार्केट में संचालित रामराज की मोबाइल दुकान का शटर तोडकर 20 की-पैड रिपेयरिंग के मोबाइल तथा 5 एन्ड्राइड मोबाइल और गल्लक में रखे करीब 35 हजार रुपए नगद चोर चोरी कर ले गये। चोरों ने कुछ सामान दुकान के पीछे जंगल में छोड़ दिया। दूसरी घटना लाल बहादुर सिंह की पान की गुमटी की कुन्धी तोड़ कर बैट्री सामान व नकद 1 हजार रुपए चोर उठा ले गये हैं। दोनों दुकानदारों ने कोतवाली बदोसराय पुलिस को संयुक्त रूप से शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार यादव,मय फोर्स के घटना स्थल पर पहुंच कर बारीकी से निरीक्षण कर जांच पड़ताल शुरु किया तो दोनों दुकानदारों का कुछ सामान झाड़ियों में मिला।

# तीन नई एंबुलेंस को सदर विधायक ने किया रवाना

सेवाओं को लगातार और अधिक बेहतर करने पर कार्य कर रही डबल इंजन की सरकार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



ग्रामीण अंचलों से मरीज को सरकारी अस्पतालों तक पहुंचने में किसी भी तरह की कोई समस्या उत्पन्न ना हो, इसके लिए सरकार द्वारा एंबुलेंस सेवा संचालित की जा रही है। इसी कार्य में शासन द्वारा तीन नई 102 एंबुलेंस जिला खीरी को दी गई है। जिन्हें हरी झंडी दिखाकर सदर विधायक योगेश वर्मा ने रवाना किया।

इस दौरान उनके साथ सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता भी मौजूद रहे। सदर विधायक ने इस दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार और अधिक बेहतर करने पर कार्य कर रही है। ऐसे में पहले से ही शासन मरीज के आसान आवागमन के लिए एंबुलेंस सेवा प्रदान कर रहा है। इसी कड़ी में जिला खीरी को अर्बन क्षेत्र के लिए 102 की तीन एंबुलेंस शासन ने भेंट की है। जिससे और अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि जिले में पहले 43 एंबुलेंस थीं। तीन नई एंबुलेंस बेड़े में शामिल हो जाने से अब इनकी संख्या 46 हो गई है। जिससे और अधिक लोगों तक यह सेवा अब पहुंच सकेगी। इस दौरान एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद वर्मा, रिटायर्ड डिप्टी सीएमओ डॉ आरके सिंह सहित अन्य विभाग अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लापरवाही के चलते झाड़ियों से पटी माइनरें, सफाई की मांग

**बेलहरा बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

फतेहपुर शारदा सहायक नहर से निकली क्षेत्र की कई माईनरें शिल्ट और झाड़ियों से पटी पड़ी हैं। इससे खेतों तक पानी पहुचने में बाधा उत्पन्न होता है। माइनरों का पानी ओवर हो जाता है जिससे फसलें अक्सर डूब जाती हैं और किसानों की सैकड़ों एकड़ फसल नष्ट हो जाती है। किसानों ने माइनरों में पानी छोड़ने से पहले उनकी सफाई कराने की मांग की है। फतेहपुर तहसील क्षेत्र में किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने हेतु करोड़ो रुपए खर्च कर माइनरें बनाई गई है ताकि फसलों की आसानी से सिंचाई हो सके लेकिन इलाके की तमाम माइनरें विभागीय लापरवाही का शिकार हैं। वहीं फतेहपुर क्षेत्र अंतर्गत नन्दरासी गांव के पश्चिम दिशा से निकली माइनर इन दोनों पूरी तरह से जंगल झाड़ियों से पटी पड़ी है लेकिन इसकी ओर कोई ध्यान देने वाला नहीं है।

गांव के किसान महेंद्र प्रताप सिंह,नरेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, शिव कुमार ,बिजय कुमार आदि का कहना है कि माइनरों की सफाई न होने से किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंच पाता है। बिना सफाई के माइनर में पानी छोड़ दिया जाता है जो ओवर होने के कारण खेतों में बहने लगता है और फैसले नष्ट हो जाती है लेकिन सिंचाई विभाग पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ता। किसानो की मांग है कि नहर में पानी छोड़ने से पहले उसकी साफ सफाई कराई जाए।

# लाभार्थियों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी।** ग्राम पंचायत कटका व लोधपुरवा तुरकानी सदेवा गांवों मे आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा मे ग्रामीणों को केंद्र एव प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देते हुए वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलायी। विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव पहुंचने पर समूह की महिलाओ ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा प्रचार वाहन में लगी एक बड़ी स्क्रीन द्वारा केंद्र और प्रदेश सरकार के कार्यकाल पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। डॉक्यूमेंट्री में केंद्र और प्रदेश सरकार के कार्यकाल में विकास कार्यों पर फोकस किया गया।

# पुलिस ने अपहृत बालिका को किया बरामद

**सिद्धौर, बाराबंकी।** थाना असंद्रा पुलिस ने बीते माह अपहृत हुई बालिका को बरामद कर अपहर्ता को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। थाना क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित पिता ने बीते दिनों गांव के ही युवक बब्लू उर्फ अमित पुत्र अखिलेश यादव पर अपनी पुत्री को अगवा करने का आरोप लगाते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया था ।इंस्पेक्टर असंद्रा संतोष कुमार सिंह ने बालिका की सकुशल बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मुखबिरों का जाल बिछाया था। उनकी यह कोशिश रंग लाई मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी बब्लू उर्फ अमित को गिरफ्तार कर अपहृता को सकुशल बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

# राज्यमंत्री ने लाभार्थियों को वितरित किए स्वीकृति पत्र



**सिद्धौर,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

विधानसभा दरियाबाद अन्तर्गत विकास खण्ड बनीकोडर के ग्राम पंचायत टिकरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित होकर राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, उज्जवला कनेक्शन, शौचालय, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किया। साथ ही उपस्थित जनों को पंचप्रण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष राकेश लोधी खंड विकास अधिकारी विनय कुमार मिश्र , प्रधान सोनू सिंह , हरीशंकर तिवारी , रुपेश प्रताप सिंह लकी, हरिश्चन्द्र रावत और अम्बिका शुक्ला सहित तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पानी न आने से फसलों की सिंचाई में आ रही समस्या

डेढ़ माह से नहरों में सफाई का कार्य चल रहा था जिसकी वजह से नहर में पानी नहीं छोड़ा गया

**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**



लखीमपुर खीरी क्षेत्र की नहरों में पानी नहीं होने से किसानों में मायूसी छाई हुई है। तहसील गोला क्षेत्र बांकेगंज में छोटी बड़ी कई नहरें हैं जिससे किसान अपने खेतों की सिंचाई करते हैं। नियम अनुसार नवंबर तक नहरों की सफाई का कार्य पूरा होकर अब तक पानी की आपूर्ति हो जानी चाहिए थी। स्थिति यह है कि क्षेत्र की नहरें सूखी हैं। उसमें अब तक पानी नहीं आया है। इस कारण इलाके के हजारों किसान परेशान हैं। सिंचाई नहीं होने से किसानों की गेहूं और लाही की फसलें खराब होने का डर सता रहा है। बता दें बांकेगंज की सीतापुर ब्रांच नहर के किनारे खेती करने वाले किसानों की फसलें पानी न पाने से खराब हो रही हैं। नहर के किनारे खेती करने वाले किसानों ने बताया कि पिछले डेढ़ महीने से नहर में पानी नहीं है जिससे हम किसानों को बहुत परेशानी होती है। खेतों में बोरिंग न होने के कारण हम नहर के ही पानी से फसल उगाते हैं। हमने कई बार नहर विभाग वालों से इस संबंध में बात की तो उन्होंने कहा कि अभी सफाई का कार्य चल रहा है। जल्द ही नहर में पानी आ जाएगा लेकिन अभी तक नहर में पानी नहीं आया। वहीं नहर विभाग जेई अभिषेक कुमार ने बताया कि पिछले डेढ़ माह से नहरों में सफाई का कार्य चल रहा था। जिसकी वजह से नहर में पानी नहीं छोड़ा गया। 15 दिसंबर तक सफाई का कार्य पूर्ण हो जाएगा जिसके बाद नहरों में पानी छोड़ दिया जाएगा।

# किसानों ने सम्पर्क मार्ग पर लगाए पत्ती के ढेर

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के किसान सम्पर्क मार्गों पर पराली लगाने के लिए मजबूर हैं। ज्यादातर चकमार्ग व ग्रामीण स्तर के सम्पर्क मार्गों पर गन्ने की पताई लगी मिलेगी जिससे राहगीर परेशान हैं। जाने अंजाने में दुर्घटना होने का भी डर बना हुआ है। वही किसान भी परेशान हैं किसानों का कहना है कि पराली जलाने पर जुर्माना और कार्यवाही के कारण मजदूरो को पराली हटाना पड रहा है क्योंकि इस समय खेतों में फसल बोने का समय है, इसलिए खेत खाली करने के लिए मजबूरी मे मार्ग के किनारे पराली लगानी पड़ रही है। ब्लाक बिजुआ क्षेत्र के किसानो ने बताया कि किसी तरीके से आवारा पशुओं से बचा कर हम फसल तैयार भी कर ले तो उसकी पाती व पराली कहां ले जाए। फसल बोने के लिए खेत खाली होना भी आवश्यक है, इसलिए पराली कहीं ना कहीं तो लगायेंगे।

क्षेत्र में किसी के पास जुताई के लिए हार्वेस्टर नही है और जिन किसानों के पास है उनको अपने काम से ही फुर्सत नहीं है। बिजुआ क्षेत्र के ही किसानो ने बताया कि सरकार और प्रशासन की मंशा अनुसार हमने खेतों में पराली नहीं जलाई है। मजदूर लगाकर पराली हटाना पड़ता है जिसमें हजारों रूपए मजदूरी के खर्च होते है। गोन्धिया गांव के किसानो ने बताया कि सरकार को किसानों की फसल की पराली हेतु किसान हित में कोई सटीक कार्य करना चाहिए जिससे किसानों को भी दिक्कत न हो और पराली जलाने की नौबत न आये। किसानों ने पराली नही जलाने के निर्णय का समर्थन किया।

स्वागत — विकसित भारत के संकल्प को लेकर रुकुंदीपुर पहुंची यात्रा

# विधायक ने डीएम एसपी संग दी लाभार्थियों को सौगातें, खिले चेहरे

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार को नोडल अफसर बीडीओ आलोक वर्मा की अगुवाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा तहसील व ब्लॉक लखीमपुर के ग्राम रुकुंदीपुर पहुंची, जहा ग्राम प्रधान बृजेश वर्मा, सचिव प्रेम प्रकाश की अगुवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का जोरदार स्वागत किया। यात्रा पहुंचने पर रुकुंदीपुर गांव में भव्य कार्यक्रम हुआ। इस दौरान एलईडी स्क्रीन के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से सीएम योगी आदित्यनाथ से वर्चुअली बातचीत कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग हुई, जिसको विधायक मंजू त्यागी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंह, विश्वनाथ सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, अंबरीश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनपदीय अफसरों संग देखा और सुना। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी ने डीएम, एसपी, सीडीओ, अन्य जनप्रतिनिधियों के संग दीप जलाकर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विधायक मंजू त्यागी ने कहा कि पिछले साढ़े नौ सालों के अंदर भारत ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सर्वांगीण विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है।

पीएम के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन हो रहा है। नया भारत वैश्विक स्तर पर भारतवासियों के गौरव को बढ़ाता है।

सबका साथ सबका विकास के ध्येय के अनुरूप योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सब तक पहुंच रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार कमजोर वर्ग को ताकतवर बनाने के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। हर गांव तक मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंच रही। जो योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ लाभार्थी के अनुभवों को भी ग्रामीणों के साथ साझा कर रही।

उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान शासन की योजना से लाभान्वित लाभार्थी मेरी कहानी मेरी जुबानी से अन्य लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। यात्रा के दौरान ही पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ा भी जा रहा है। मोदी जी का गारंटी रथ सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली की गारंटी देने आपके पास आया है। खीरी में यह यात्रा सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है।

# 16 दिसंबर से 10 प्रतिशत कम होगा एसी बसों का किराया



समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि यात्रियों को परिवहन निगम द्वारा संचालित वातानुकूलित बसों में भी शीतकाल के दौरान 10 प्रतिशत कम किराया देकर यात्रा करने की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि शीतकाल प्रारम्भ होने पर वातानुकूलित सेवाओं में यात्रियों की कम आवागमन को देखते हुए वातानुकूलित बसों का किराया कम किया जा रहा है।

16 दिसम्बर से 28 फरवरी तक किराये में स्पेशल विन्टर डिस्काउंट के रूप में छूट प्रदान की गयी है। उन्होंने कहा कि वातानुकूलित सेवाओं को लाभप्रद बनाये जाने के उद्देश्य से सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है। शीतकाल में ईंधन खपत में कमी आती है। साथ ही साथ लोड फैक्टर भी अधिक किराया होने की वजह से कम हो जाता है। परिवहन मंत्री ने कहा कि संज्ञान में आया है कि दिव्यांगजनों को नई संचालित राजधानी सेवा में यात्रा सुविधा अनुमन्य नहीं है।

# सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए कर रही काम : भूपेंद्र सिंह

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में लखनऊ महानगर में चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को उत्तर विधानसभा के फैजुल्लागंज तृतीय वार्ड में मोदी की गारंटी की गाड़ी पहुंचने के दौरान पात्र वंचित लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, प्रदेश अभियान संयोजक एवं महामंत्री सुभाष यदुवंश, प्रदेश उपाध्यक्ष लखनऊ प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, महापौर सुषमा खर्कवाल और वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया।



फैजुल्लागंज तृतीय वार्ड में मोदी की गारंटी की गाड़ी पहुंचने के दौरान पात्र वंचित लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हुआ कार्यक्रम

उपस्थित लाभार्थी और योजनाओं का लाभ लेने पहुंचे जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत प्रधानमंत्री मोदी का सपना है।

भारत विकसित हो और आत्मनिर्भर हो, दुनिया में दुनिया का नेतृत्व करता भारत दिखाई दे, इस संकल्प के साथ प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा यानी मोदी सरकार की गारंटी के साथ आपके बीच आए हैं। गरीबों के लिए, गरीबी हटाने के लिए और अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के विकास के लिए और उनको विकास की मुख्य धारा में स्थापित करने के लिए लंबे समय से सरकार काम कर रही है लेकिन अभी तक पुरानी सरकारों की योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थी और सभी अभियानों को सिर्फ नारे के रूप में आगे बढ़ाती थी लेकिन मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को, समाज में जो पिछड़े हैं, कमजोर हैं उन्हें समाज की मुख्य धारा में कैसे लाना है। सरकार की लाभार्थी परक एक-एक योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को कैसे मिलेगा उस प्रयास को सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा योजना के साथ आपके बीच आए हैं।

**कार्यक्रम में यह लोग रहे मौजूद**

कार्यक्रम में महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, सौरभ वाल्मीकि, अभियान संयोजक अभिषेक खरे, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, मंडल अध्यक्ष रामशरण सिंह, लव कुश त्रिवेदी, पार्षद प्रदीप शुक्ला, रश्मि सिंह, पृथ्वी गुप्ता, मनोज त्रिवेदी, संतोष सिंह, विनोद सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

> हर जरूरतमंद की आवश्यकता को पूरा करके उन्हें स्वावलंबी बनाने का कार्य प्रधानमंत्री की योजनाएं कर रही है। प्रधानमंत्री की योजनाओं की गारंटी है और यह देश की जनता को सिर्फ वोट के लिए नहीं बल्कि देश की 140 करोड़ जनता को एक परिवार की तरह मानकर कार्य कर रहे हैं जिनकी सभी आवश्यकता पूरी होना चाहिए। - नीरज सिंह

> विभिन्न योजनाएं गिनाते हुए बताया कि सभी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रतिदिन विभागों के माध्यम से हजारों की संख्या में निशुल्क पंजीकरण किए जा रहे हैं और यह मोदी की गारंटी है कि सभी पात्र लोगों को योजना का लाभ मिलेगा। - महापौर सुषमा खर्कवाल

## खबरें एक नजर में

### विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव एनआरएलसी ट्रेनिंग संस्थान 22 से

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सामाजिक संस्था सोसायटी ऑफकॅरियर टेक्नोलॉजी (सोक्ट) एवं जन विकास महासभा, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आगामी 22 दिसम्बर से तीन दिवसीय विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव एनआरएलसी ट्रेनिंग संस्थान, सेक्टर-जी, जानकीपुरम के ऑडिटोरियम में शुरू हो रहा है। मुख्य आयोजक पंकज तिवारी ने बताया कि 22 दिसम्बर को उत्सव की शुरूआत प्रातः दस बजे शंखनाद व मंत्रोच्चारण के साथ होगी। इसके उपरान्त विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी आर्ट, ड्राइंग, गायन, नृत्य, वाद्ययंत्र, स्पीच और कबाड़ से जुगाड़ आदि क्षेत्रों में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे, जो अगले दिन 23 दिसम्बर प्रातः दस बजे से साढ़े चार बजे और 24 दिसम्बर प्रातः दस बजे से दोपहर एक बजे के बीच जारी रहेगी।

### अज्ञात वाहन ने चार को मारी टक्कर, युवक की मौत, तीन घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में मोहनलालगंज-जुनाबगंज रोड पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे चार लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक राजेश सिंह पत्नी पूजा सिंह और बेटे श्लोक के साथ पहाड़पुर गांव में रहते हैं। वह बीती सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे अपने चचेरे भाई अरुण, प्रदीप और सचिन श्रीवास्तव के साथ मोहनलालगंज-जुनाबगंज रोड पर स्थित अतुल सिंह चौहान ढाबा के पास से चारों लोग पैदल घर वापस लौट रहे थे। एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने 4 लोगों को टक्कर मारते हुए मौके से भाग निकला। ढाबा में मौजूद लोगों ने स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर कृष्णानगर पुलिस ने राजेश के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया हैं।

### शॉर्ट सर्किट की वजह से दवा के गोदाम में लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सरोजनी नगर फायर स्टेशन से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह 6:46 बजे कंट्रोल रूम हजरतगंज से सूचना मिली कि ट्रांसपोर्ट नगर की पार्किंग नंबर 6 पर एक गोदाम में आग लगी हैं। इस सूचना पर सरोजनीनगर फायर स्टेशन प्रभारी सुमित जादौन दो दमकल की गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंच कर देखा कि वर्धमान टॉवर के द्वितीय तल पर एमकॉन डिस्ट्रीब्यूटर्स प्राइवेट लिमिटेड के दवा गोदाम में आग लगी थी। फायर स्टेशन प्रभारी ने अपनी टीम के साथ करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। आग लगने से गोडाउन में काफी धुंआ भर गया था। जिसे स्मोक मइंनेज से बाहर निकाल दिया गया। फायर स्टेशन प्रभारी ने बताया कि टावर प्रदीप चंद्र जैन का है। जिसका सेकेंड फ्लोर रानी लक्ष्मी बाई मार्ग, हजरतगंज निवासी बुसरा हसन ने किराए पर ले रखा हैं। जांच की जा रही हैं। बताया जा रहा है कि जिस टावर में आग लगी थी। वहां पर आग से बचने के लिए कोई उचित इंतजाम नहीं थे।

### क्लैट परीक्षा में श्रेयस व अग्रिमा ने टॉप कर बढ़ाया गौरव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के दो मेधावी छात्रों श्रेयस पाण्डेय एवं अग्रिमा साहू ने कॉमन लॉ एडमीशन टेस्ट (क्लैट) में राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। जहाँ एक ओर, श्रेयस ने ऑल इण्डिया 25वीं रैंक व यूपी में प्रथम रैंक अर्जित की है, तो वहीं दूसरी ओर अग्रिमा साहू ने ऑल इण्डिया ओबीसी 12वीं रैंक व यूपी ओबीसी प्रथम रैंक अर्जित कर लखनऊ के गौरव में चार चांद लगा दिये है। विदित हो कि इस वर्ष सी.एम.एस. के सर्वाधिक 37 छात्र क्लैट परीक्षा में चयनित हुए हैं। क्लैट परीक्षा में अपनी अभूतपूर्व सफलता का श्रेय सी.एम.एस. को देते हुए श्रेयस ने कहा कि 'मेरे स्कूल की सबसे अच्छी बात यह है कि हम किसी भी समय अपने परेशानियों व जिज्ञासा को शान्त करने के लिए अपने शिक्षकों के पास जा सकते हैं और हमें हमारे शिक्षकों का भरपूर सहयोग मिलता है। अग्रिमा साहू ने भी क्लैट में अभूतपूर्व सफलता का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के आध्यात्मिक शान्ति से परिपूर्ण वातावरण को दिया। अग्रिमा अपने अंग्रेजी शिक्षक श्री अजहर से बेहद प्रभावित हैं जिन्होंने उसे सदैव आगे बढ़ते रहने को प्रोत्साहित किया।

### पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव विजय कुमार लाल श्रीवास्तव ने केंद्र सरकार से देश के किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग की। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह सच्चे गांधीवादी, लोकतंत्र भाईचारा और समाजवादी मूल्यों में विश्वास रखने वाले महान जननेता थे। उन्होंने राजनीति में किसानों पिछड़ों, अति पिछड़ों की पहचान बनाई। चौधरी चरण सिंह ने भाईचारा और सामाजिक न्याय आंदोलन को मजबूत करने के लिए अपने शासन काल में मंडल आयोग और अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया था। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल, पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक, हेमवती नंदन बहुगुणा, कर्पूरी ठाकुर, जॉर्ज फर्नांडिस, राज नारायण मधु लिमये, पीलू मोदी, मुलायम सिंह यादव, शरद यादव किसानों के महान नेता किसान चौधरी चरण सिंह को अपना नेता मानते थे।

### आकांक्षा रंगमण्डल 27 को करेगा नाटक मीठी ईद का मंचन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रंगमंच के क्षेत्र में अग्रणी नाट्य संस्था आकांक्षा थियेटर आर्ट्स लखनऊ द्वारा वर्ष 2023-24 में रंगमण्डल की द्वितीय प्रस्तुति के रूप में प्रसिद्ध मूल कहानीकार बी.एल.गौड़ के मूल कथानक का प्रेरणा अग्रवाल के रूपांतरण एवं प्रभात कुमार बोस के निर्देशन में नाटक मीठी ईद का नाट्य मंचन 27 दिसम्बर, दिन सोमवार को सांयकाल 06:30 बजे वाल्मीकि रंगशाला, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर, लखनऊ में मंचित किया जाएगा। इस बात की जानकारी संस्था की सचिव अचला बोस दी। इस नाटक का आयोजन उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी की रसमंच योजना के अन्तर्गत किया जाना प्रस्तावित है। इस नाट्यकृति को 60 दिवसीय कार्यशाला के अन्तर्गत अशोक लाल के कुशल निर्देशन में तैयार किया गया है।

### लोकबंधु अस्पताल में 18 को आंखों की जांच का लगेगा कैंप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डॉ अजय शंकर त्रिपाठी चिकित्सा अधीक्षक व डा घनश्याम नेत्र चिकित्सक लोकबंधु अस्पताल ने दशमेश पब्लिक स्कूल व गुरुद्वारा आलमबाग के पदाधिकारियों से भेंट वार्ता की। लोकबंधु अस्पताल की और से आने वाले सोमवार 18 दिसम्बर को साहिबजादो की शहीदी पर गुरुद्वारा आलमबाग के प्रांगण में आँखों की जाँच के लिये कैम्प कर जरूरत मंद लोगों के लिये लोकबंधु अस्पताल द्वारा मोतियाबिंद के निःशुल्क आपरेशन, चश्मे की सेवा भी की जायेगी। रतपाल सिंह गोल्डी महासचिव ने बताया कि सोमवार सुबह 10 बजे इस कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

### गैंगस्टर की कार्रवाई से हुए अक्रोशित वकीलों का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ पुलिस की ओर से वकीलों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करने से नाराज होकर मंगलवार को वकीलों ने पुलिस-प्रशासन का पुतला फूंका। पुलिस-प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा। मंगलवार को लखनऊ बार एसोसिएशन ने कार्य बहिष्कार किया। इसके बाद स्वास्थ्य भवन चौराहे पर पहुंचे और पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ का पुतला फूंका। इस दौरान वकीलों ने कहा कि अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो आगे भी विरोध प्रदर्शन करेंगे। लखनऊ बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष सुरेश पांडे की अध्यक्षता में एवं कुलदीप नारायण मिश्र महामंत्री के संचालन में हुई।

### लखनऊ में चार एडीसीपी के हुए तबादले

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को राजधानी में चार एडीसीपी के तबादले हुए। जिनमें एडीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव प्रोटोकॉल के साथ पश्चिमी ज़ोन का चार्ज भी देखेंगे तो वहीं एडीसीपी जया शांडिल्य महिला अपराध के साथ प्रोटोकॉल का काम देखेंगी। कृपा शंकर को एडीसीपी हाईकोर्ट सुरक्षा बनाया गया। एडीसीपी अशोक कुमार को हाईकोर्ट सुरक्षा से मुख्यालय अपराध शाखा भेजा गया।

# संस्कृति विभाग ग्राम पंचायतों को वाद्ययंत्र खरीदने के लिए देगा अनुदान : जयवीर

**मंडलायुक्तों व डीएम को दिशा-निर्देश जारी**

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। प्रदेश की ग्राम पंचायतों को एक-एक सेट वादयंत्र जिसमें हारमोनियम, ढोलक, झांझ, मंजिरा, करताल अथवा घुंघरू आदि खरीदने के लिए संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा अनुदान दिया जायेगा। जनहित में लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए वादयंत्रों के क्रय हेतु शत-प्रतिशत धनराशि का भुगतान संस्कृति विभाग द्वारा किया जायेगा। चयनित ग्राम पंचायतों को वादयंत्रों का सेट लखनऊ में आयोजित एक समारोह में ग्राम प्रधान अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि को प्रदान किया जायेगा। वादयंत्रों के सेट पर संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश का नाम लिखा जायेगा।

वादयंत्रों के वितरण का उद्देश्य युवा पीढ़ी को कला, संस्कृति को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों को बढ़ावा देना है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि चयनित ग्राम पंचायतों को वादयंत्र उपलब्ध कराने के सम्बंध में निदेशक संस्कृति शिशिर की ओर से मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को विस्तार से दिशा-निर्देश जारी कराये गये हैं। उन्होंने बताया कि पहले चरण में मण्डलीय जनपदों से दस-दस चयनित ग्राम पंचायतों तथा शेष जनपदों से पांच-पांच ग्राम पंचायतें, जो सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करती रहती हैं तथा सांस्कृतिक गतिविधियां निरन्तर चलती रहती हैं, उनका चयन सम्बंधित जिलाधिकारी द्वारा किया जायेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि वादयंत्र प्रदान करने के लिए चयनित ग्राम पंचायतों के आवेदन पत्र सम्बंधित जिलाधिकारी द्वारा निदेशक संस्कृति निदेशालय उत्तर प्रदेश जवाहर भवन लखनऊ को निर्धारित प्रारूप पर आदेश जारी होने की तिथि से दस दिन के अन्दर उपलब्ध कराना होगा। उन्होंने बताया कि भजन-कीर्तन मण्डली, लोकगीत, लोकनृत्य, भजन, संस्कार गीत, नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रमों के निरन्तर संचालित करने वाली ग्राम पंचायतों को वादयंत्र अनुदान दिये जाने में प्राथमिकता दी जायेगी।

**मनरेगा में श्रमिकों की उपस्थिति में पारदर्शिता पर फोकस**



लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में और अधिक पारदर्शिता लाने के दृष्टिगत नरेगा मोबाइल मानीटरिंग सिस्टम एनएमएमएस का प्रयोग मनरेगा श्रमिकों की उपस्थिति एवं फोटोग्राफ्स को आन लाइन फीड किया जा रहा है। सिस्टम को तकनीकी दृष्टिकोण से और अधिक मजबूत किया गया है। मनरेगा में श्रमिकों की उपस्थिति मे पारदर्शिता पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। ग्राम्य विकास विभाग से के अनुसार श्रमिकों की आनलाइन अपलोड की गयी उपस्थिति एवं फोटोग्राफ्स के विवरण को देखने हेतु नरेगा की अधिकारिक वेबसाइट नामक बटन उपलब्ध कराया गया है। कार्यस्थल पर श्रमिकों की उपस्थिति एवं फोटोग्राफ्स को सिस्टम में निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप अपलोड कराने के निर्देश जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा को दिए गए हैं। निर्देश दिए गए हैं कि कार्मिको द्वारा कार्यस्थल हेतु जारी प्रत्येक मस्टररोल के लिए 2 फोटो अपलोड की जाएंगी। फोटोग्राफ लेते समय श्रमिकों की कुल संख्या स्पष्ट दिखे व उनकी मुख-दिशा कैमरे की ओर रहे। कार्यस्थल का स्वरूप व सीआईबी बोर्ड स्पष्ट रूप से फोटो में प्रदर्शित होना आवश्यक है। कैमरा के लैंडस्केप मोड में ही फोटो ली जाए, पोस्ट्रेट मोड में नहीं। सेल्फी फोटो न ली जाए। फोटो लेते समय मोबाइल कैमरा का लेंस बिलकुल साफ रहे तथा पर्याप्त सूर्य प्रकाश में ही फोटो ली जाए। प्रत्येक दशा में पूर्व में ली गयी फोटो की फोटो खींचकर अपलोड न किया जाए।

# जनता से बेहतर समन्वय स्थापित करें अधिकारी : रवीन्द्र जायसवाल



समृद्धि न्यूज

लखनऊ। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उ0प्र0 प्रगति की नई ऊंचाईयों को छू रहा है। आजादी के इस अमृतकाल में नव-प्रोन्नत अधिकारियों को चाहिए कि वे सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेन्स की नीति से काम करते हुए जनहित को सर्वोपरि मानकर समर्पित होकर विभाग की छवि को उज्वल बनाये रखें। यह बात मंगलवार को सचिवालय में प्रदेश के स्टाम्प तथा पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने विभाग में नई प्रोन्नति प्राप्त अधिकारियों के अभिविन्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें इतनी पारदर्शी छवि वाली सरकार के अधीन कार्य करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने अधिकारियों से यह भी अपेक्षा की कि वे अपने कार्यालयों का वातावरण ऐसा बनाए जिससे आमजन अपनी किसी समस्या के समाधान के लिए सीधे अधिकारियों से अपनी बात कर सके। साथ ही अधिकारी अपने धरातलीय अनुभव से यदि जनता के हित में मैकेनिज्म को और अच्छा बनाने के लिए कोई सुझाव देना चाहें तो उनका स्वागत किया जायेगा। स्टांप तथा पंजीयन विभाग के कुल 23 अधिकारियों को पदोन्नति का लाभ मिला है। इसमें 02 अधिकारी मनीन्द्र कुमार सक्सेना तथा शिव कुमार मिश्र को उप महानिरीक्षक से अपर महानिरीक्षक, 06 अधिकारी कृष्ण कुमार मिश्र, प्रकाश चन्द्र गुप्ता, सुभाष चन्द्र मिश्र, सुरेश कुमार त्रिपाठी, डॉ राधा कृष्ण मिश्र व शम्भूनाथ यादव को सहायक महानिरीक्षक से उप महानिरीक्षक तथा 15 अधिकारियों व अन्य को प्रोन्नत किया गया।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प में सूफी नाईट से सराबोर हुआ सांस्कृतिक मंच



समृद्धि न्यूज

लखनऊ। आशियाना क्षेत्र में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा इन दिनों चल रहे हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में मंगलवार शाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एमएलसी चेयरमैन एसआर ग्रुप पवन सिंह चौहान एवं महोत्सव आयोजक अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा द्वारा सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ द्वीप प्रज्वलन कर किया गया।

मंच से सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम की शुरुआत संस्कृत विभाग के आफताब हुसैन ने मैजिक शो कर लोगों को अचम्भित कर दिया। मैजिक शो में राष्ट्रीय ध्वज बनाना, हवा में गेंदों का रंग बदलना आदि जादुई शो देख दर्शक खूब रोमांचित हुए। मैजिक शो के उपरांत नन्ही मुन्नी बेटियों में आराध्या, स्वास्ति आद्रिका आएशा ने शास्त्री संगीत गायन से उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। इसी क्रम में मंच से मानसरोवर साहित्य एकेडमी के कविकारो में अरविन्द भ्रमर , अनीता मौर्य , श्याम जीत सिंह व अन्य कवियों ने कवि सम्मलेन में अपनी अपनी काव्य रचनाओं की प्रस्तुतियां दी। सांस्कृतिक संध्या की शाम सूफी नाईट के नाम रहा इस दौरान सूफी नाईट में सूफी गायक जतिन निगम ने ऐसे लहराकर तू रूबरू आ गई ... समेत कई गानों की प्रस्तुतियां दी सूफी गानो को सुन श्रोताओ उत्साहित हो तालियों की गूंज से पूरा माहौल गूंजामान हो गया। नृत्य कार्यक्रम में वैष्णवी डांस एकेडमी द्वारा रिमिक्स सांग अप्सरा अली.... बजले की बाला पर डांस प्रस्तुत कर सबको मोहित किया। रंगमंच का संचालन प्रदीप शुक्ला एवं रॉकी गिल ने किया।

# एलडीए के शिविर में 47 आवंटियों की रजिस्ट्री

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए लगाये गये 15 दिवसीय विशेष निबंधन शिविर में मंगलवार को 47 आवंटियों की रजिस्ट्री की गयी, जबकि 31 सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए फाइल तैयार करायी गयी। इस दौरान रजिस्ट्री के लिए 11 नये आवेदन प्राप्त किये गये। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों का आवंटन किया गया है। इनमें काफी संख्या में सम्पत्तियों की रजिस्ट्री अभी तक नहीं हो पायी है। कैम्प में गणना, लेखा, नियोजन व सम्पत्ति अनुभाग के समस्त सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे, जिनके द्वारा आवंटियों के पक्ष में रजिस्ट्री के लिए वांछित कार्यवाही की गयी। इस क्रम में 47 आवंटियों की रजिस्ट्री अनुमोदित की गयी। जिसमें विभिन्न अपार्टमेंट्स के फ्लैट, शारदा नगर, गोमती नगर व कानपुर रोड योजना की सम्पत्तियां शामिल हैं। अपर सचिव ने बताया कि शिविर के अंतिम पांच दिनों में निबंधन विभाग के अधिकारी भी कैम्प में उपस्थित रहेंगे। इससे सम्पत्तियों के निबंधन सम्बंधी दस्तावेज तैयार करने तथा उनके पंजीयन की कार्यवाही एक ही जगह हो जाएगी।

# अम्बेडकर एकता मंच ने मनाया 11वां स्थापना दिवस

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। कैसरबाग स्थित गांधी सभागार मे डॉ भीमराव अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच का 11वॉ स्थापना दिवस समारोह संपन्न हुआ। समारोह का प्रारंभ बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित एवं दीप जलाकर किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवन नाथ पासवान ने समारोह का उद्घाटन किया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवन नाथ पासवान ने कहा डॉ भीमराव अम्बेडकर की विचारधारा के विषय में बताया। समारोह का संचालन मंच व संगठन के राष्ट्रीय महासचिव इं एसपी सिंह ने कहा कि 25 से ज्यादा प्रांतों में मंच की इकाइयां स्थापित हो चुकी है। मंच को ब्लॉक तहसील गांव विधानसभा स्तर तक संगठन के पदाधिकारियों को मेहनत के साथ लगकर संगठन की सदस्यता दिलाई जा रही है। कार्यक्रम में दक्षिण भारत के प्रभारी कर्णम किशन, आशाराम सरोज उ. प्रदेश अध्यक्ष, राम सजीवन प्रदेश उपाध्यक्ष इंजी होरीलाल प्रदेश सचिव शैलेश धानुक प्रदेश संगठन विवेक कुमार कोरी,भास्कर पासवान (संयोजक डॉ भीमराव अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच अधिवक्ता मोर्चा), अनिल कुमार उपस्थित रहे।

## छोटे गन्ना कृषकों को प्राथमिकता पर मिल रही हैं गन्ना पर्चियां

**10.74 लाख छोटे गन्ना किसानों को जारी हो चुकी हैं 19.20 लाख एसएमएस गन्ना पर्चियां**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व एवं गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी के कुशल मार्गदर्शन में गन्ना विकास विभाग किसानों के हित में निरन्तर कार्य कर रहा है। सरकार द्वारा छोटे गन्ना किसानों को विशेष प्राथमिकता प्रदान की जा रही है। यह प्रदेश सरकार की कृषक हितैषी नीतियों का ही परिणाम है कि गन्ना विकास विभाग द्वारा पेराई सत्र 2023-24 से प्रदेश के लगभग 10.74 लाख पंजीकृत छोटे गन्ना किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए गन्ना सट्टा एवं आपूर्ति नीति में आमूल-चूल परिवर्तन कर छोटे कृषकों को गन्ना आपूर्ति में प्राथमिकता देते हुए 60 कुन्तल की जगह 72 कुन्तल के सट्टाधारकों को छोटे कृषक का दर्जा दिया है।वर्तमान पेराई सत्र के अन्तर्गत अब तक प्रदेश में पंजीकृत 46 लाख गन्ना किसानों को 2.75 करोड़ गन्ना पर्चियां जारी की गयी हैं, जिनमें 10.74 लाख छोटे गन्ना किसानों को मिलने वाली 19.20 लाख एस.एम.एस. गन्ना पर्चियां सम्मिलित हैं। स्मार्ट गन्ना किसान व्यवस्था के माध्यम से किसानों के गन्ने की आपूर्ति चीनी मिलों को सही समय पर हो रही है। सहकारी गन्ना समितियों के पर्ची निर्गमन एवं अन्य कार्यों में शुचिता तथा पारदर्शिता लाये जाने हेतु डिजिटलीकरण के अन्तर्गत विकसित की गई स्मार्ट गन्ना किसान प्रोजेक्ट गन्ना किसानों के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। छोटे गन्ना किसानों से संबंधित तथ्यात्मक आंकड़ों पर यदि हम नजर डालें तो प्रदेश में 45 गन्ना उत्पादक जिले हैं, जिनमें सीतापुर, कुशीनगर एवं लखीमपुर जिलों में सर्वाधिक तथा कासगंज, बदायूं एवं देवरिया में सबसे कम आपूर्तिकर्ता छोटे गन्ना किसान हैं।

**बैठक** | राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने निगरानी समिति की बैठक में दिए निर्देश

# स्वच्छकारों को कर्मचारी से उद्यमी बनाएगी प्रदेश सरकार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। निदेशालय समाज कल्याण भवन प्राग नरायन रोड लखनऊ में मंगलवार को राज्य स्तरीय निगरानी समिति की बैठक हुई। समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में स्वच्छकारों के पुनर्वासन को लेकर समिति के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री ने समीक्षा की।

उन्होंने स्वच्छकारों को उपलब्ध करवाए जाने वाले सुरक्षा किट व आधुनिक उपकरणों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली।बैठक में राज्यमंत्री असीम अरुण ने समिति के सदस्यों को पुनर्वासन योजनाओं के प्रभाव आंकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने



अभी तक 32,473 पुनर्वासित स्वच्छकारों को योजनाओं के अंतर्गत लाभ एवं पुनर्वासित किए जाने के संबंध में ग्राम्य विकास एवं नगर विकास के माध्यम से प्रभाव आंकलन के निर्देश दिए। समिति ने प्रदेश के समस्त जनपदों को मैनुअल से मुक्त करने तथा सीवर सैप्टिक टैंक की खतरनाक सफाई का कार्य आधुनिक मशीनों के द्वारा किए जाने के संबंध में विचार-विमर्श किया। इस हेतु नमस्ते योजना एवं सीवर सैप्टिक टैंक की सफाई हेतु टोल फ्री नंबर 14420 एवं नगर निकायों हेतु टोल फ्री नंबर 1533 का प्रचार प्रसार करते हुए ऐसे सफाई कार्य मशीनों के माध्यम से करवाए जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही समिति द्वारा निजी कारणों से ऐसे सफाई कार्य में लगे श्रमिकों से समिति के सदस्यों एवं विभागीय अधिकारियों के माध्यम से व्यक्तिगत संपर्क कर परामर्श किए जाने के संबंध में भी निर्णय लिया गया। इससे सीवर सैप्टकि टैंक की सफाई के कार्य में लगे हुए व्यक्तियों को आधुनिक टूल किट एवं प्रशिक्षण दिए जा सकें और उन्हें विभिन्न प्रोक्योरमेंट पॉलिसी में आवश्यक परिवर्तन कर उन्हें श्रमिक से उद्यमी बनाया जा सके।

**स्वच्छकारों को दिलाएं सरकारी योजनाओं का लाभ**

बैठक के दौरान स्वच्छकारों को विभिन्न विभागों को सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं, जिनमें छात्रवृत्ति योजना, आवास पेंशन, स्वरोजगार से लाभान्वित करवाए जाने के निर्देश दिए गए। समाज कल्याण विभाग द्वारा स्वच्छकार, अस्वच्छ पेशे में लगे हुए, खतरनाक सफाई के कार्य में लगे हुए व्यक्तियों, कूड़ा बिनने जैसे विभिन्न अस्वच्छ व्यवसाय में लगे हुए व्यक्तियों के बच्चों को पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना द्वारा रुपये 3500 वार्षिक प्रदान किया जा रहा है। अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से स्वच्छकारों को रुपए 25000 से लेकर रुपए 15 लाख दिया जा रहा है।

बैठक के दौरान समिति के सदस्य श्याम धनी राही, विधायक, कपिलवस्तु, बंबा लाल दिवाकर, विधायक, सफीपुर, देवेन्द्र कुमार निम, विधायक, रामपुर मनिहारन सहारनपुर सुरेंद्र नाथ वाल्मीकि, अध्यक्ष, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग, उत्तर प्रदेश, डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव, समाज कल्याण समीर वर्मा, सचिव, समाज कल्याण कुमार प्रशांत, निदेशक, समाज कल्याण के साथ सामाजिक कार्यकर्ता एवं पंचायती राज, नगर विकास, वित्त गृह आदि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# परियोजनाओं के बैंक अकाउंट का नाम बदलने और बंद करने के लिए मानदंड सख्त

लखनऊ। यूपी रेरा द्वारा 29 नवम्बर को भू-सम्पदा परियोजनाओं के बैंक खातों के सम्बन्ध में संशोधित निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों में बैंक खातों के खोलने, उनके संचालन, प्रोमोटर द्वारा रेरा को दी जाने वाली रिपोर्ट्स, खातों की ऑडिटिंग, परिवर्तन तथा उन्हें बन्द करने के सम्बन्ध में भी स्पष्ट व्यवस्था निर्धारित कर दी गयी है। रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि रेरा में पंजीकृत परियोजनाओं के बैंक खातों की सुचिता सर्वोपरि है और रेरा द्वारा संशोधित निर्देश जारी किए गए हैं ताकि उपभोकताओं के हितों का संरक्षण हो सके और प्रोमोटरों का उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जा सके। ऐसी स्थिति आ सकती है जब किसी परियोजना के बैंक खाते में परिवर्तन अपिहार्य हो जाए और किसी बैंक खाते का फॉरेन्सिक ऑडिट आवश्यक हो जाए।

# गरीबों के राशन पर चोरों ने डाला डाका

## कमरे की कुंडी काटकर 70 बोरी सरकारी राशन उठा ले गए चोर

लालगंज (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।



जागते रहो,पुलिस सो रही है!जी हां, लालगंज पुलिस का कुछ ऐसा ही हाल है। यह हम नहीं बल्कि क्षेत्र में आय दिन हो रही चोरी की घटनाएं स्वयं बयां कर रही हैं। क्षेत्र में चोरों का आतंक इस कदर है कि कोई भी अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। क्षेत्र में कौन कब लुट,पिट जाए और किसके यहां चोरी की वारदात हो जाए,किसी को नहीं पता और इस बाबत लालगंज पुलिस तमाशाई बन सिर्फ चोरी की घटनाओं की गणना में लगी हुई है। वहीं बेखौफ चोर क्षेत्र में एक के एक लगातार चोरी की वारदात को अंजाम देने में कामयाब हो रहे हैं। एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जहां बेखौफ अज्ञात चोरों ने गरीबों के राशन पर डांका डालते हुए 70 बोरी गेहूं पार कर दिया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पूरे बंधन सिंह मजरे मीठापुर निवासी चंद्रिका प्रसाद (कोटेदार) पुत्र स्व. बजरंगी ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि गांव के पास रोड़ पर उसका कोटा है। जहां बीती रात अज्ञात चोरों ने कमरे की कुंड़ी काटकर 70 बोरी गेहूं उठा ले गए। जो कि सरकारी गेहूं था,जिसे बांटना था। फिलहाल सूचना के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की गहनता से छानबीन की है। साथ ही साथ पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी चेक किये जा रहे हैं। वहीं हर बार की तरह पुलिस इस बार भी चोरी का जल्द खुलासा करने की बात कह रही है।

### बीते दिनों हुई दर्जनों चोरियों का अभी तक नहीं हुआ खुलासा

थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते दिनों हुई दर्जनों चोरियों की घटनाओं का लालगंज पुलिस अभी तक खुलासा करने में नाकाम रही है।आश्वासन तो हर बार पीड़ितों को यही दिया जाता है कि शीघ्र ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा बावजूद खुलासा तो नहीं पर चोरी की घटनाओं में जरुर इजाफा हो जाता है।क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में हैं।लगातार क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाएं पुलिस की सक्रियता व रात्रिगश्त की पोल खोल रही हैं और इस दौरान क्षेत्र में कानून व्यवस्था को कायम न रख पाने में थानाध्यक्ष की असहजता व अपंगता को आसानी से महसूस किया जा सकता है।यह कहना कदापि गलत नहीं होगा कि चोर मस्त हैं,लालगंज पुलिस पस्त है।

# पिकअप और लोडर की टक्कर में दो युवकों की मौत

लालगंज (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।

**सड़क हादसा**
- मांगलिक कार्यक्रम में डीजे बजाकर लौट रहा लोडर हुआ हादसे का शिकार
- लोडर चालक और डीजे संचालक की मौके पर मौत



लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्र में आय दिन सड़क हादसों में इजाफा होता दिख रहा है। एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जहां मांगलिक कार्यक्रम में डीजे बजाकर लौट रहा लोडर रास्ते में बड़े हादसे का शिकार हो गया है। सामने से आ रहे एक पिकअप ने लोडर में जोरदार टक्कर मार दी,जिससे लोडर सड़क के किनारे पलट गया। इस हादसे में लोडर चालक और डीजे संचालक की मौत हो गई है।

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। यह हादसा कोतवाली क्षेत्र के लालगंज-सरेनी मार्ग पर बेहटा कला गांव के पास हुआ है। सोमवार की रात मांगलिक कार्यक्रम में एक डीजे बजाकर लोडर वापस लौट रहा था। रास्ते में सामने से गुड़ लदे पिकअप ने डीजे लोडर में भीषण टक्कर मार दी। जिसमें डीजे लोडर के चालक और डीजे चलाने वाले ऑपरेटर की मौत हो गई।

सरेनी थाना क्षेत्र के धूरेमऊ निवासी कपिल कुमार (30 वर्ष) पुत्र हरिशंकर अपने साथी डीजे ऑपरेटर बाबू (24 वर्ष) पुत्र नक्कू निवासी पूरे शितलहा मजरे धूरेमऊ के साथ डीजे बजा कर लालगंज से वापस घर लौट रहा था तभी बेहटा कला गांव के पास सामने से आ रहे पिकअप बोलेरो से भिड़ गया। जिससे कपिल और बाबू दोनों लोगों की मौत हो गई है।

डीजे लोडर बाबू पुत्र नक्कू लोधी चला रहा था। दोनों मृतक युवक थाना सरेनी के निवासी हैं। मृतकों के शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दुर्घटना में हुई मौतों के चलते दोनों परिवारों में मातम छा गया है।

## खबरें एक नजर में

### रोडवेज बस से टकराई कार, दो घायल

ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज। रोडवेज बस व कार के बीच आमने सामने से हुई जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसके बाद रोडवेज बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में चली गई, घटना में कार सवार दो लोग घायल हो गये, जिसमें एक घायल को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। लखनऊ जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र के एम एम बी 1/51 निवासी गिरधर त्रिपाठी 40 वर्ष अपनी पत्नी संध्या 35 वर्ष व बेटे शशांक 12 वर्ष को क्रेटा कार से लेकर मंगलवार की दोपहर किसी कार्य से प्रयागराज जा रहे थे, क्षेत्र के सेमरी तिराहे के पास लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर प्रयागराज से लखनऊ जा रही रोडवेज बस से सामने से कार की भिड़ंत हो गई, टक्कर लगने के बाद कार क्षतिग्रस्त हो गई जबकि बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में चली गई,घटना में कार सवार पिता पुत्र घायल हो गये, आसपास मौजूद लोगों ने कार सवार दोनो को बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गिरधर त्रिपाठी को डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल दो लोग सीएचसी आये थे, जिसमें एक घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाल आदर्श कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी पुलिस को मौके पर भेजा गया है, आवश्यक विधिक कार्यवाई की जा रही है।

### सरेराह महिला से लूट का प्रयास

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। माखी थाना क्षेत्र के कस्बा चकलवंशी चौराहे से बिठूर जाने के लिए महिला ने बाइक सवार युवक से लिफ्ट मांगी। युवक ने महिला को बैठा लिया और रास्ते में उसका बैग छीनने का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर युवक ने बाइक रोक दी तो महिला उतर गयी और युवक बाइक लेकर परियर की ओर भाग निकला। महिला ने फोन पर पुलिस को सूचना दी। शाम को महिला वापस लौटी तो पुलिस ने चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज खंगाल रही है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सिविल लाइन निवासी रेखा बिठूर स्थित एक निजी अस्पताल में नर्स है। मंगलवार की सुबह उन्नाव से बस द्वारा चकलवंशी चौराहे पहुंची और साधन का इंतजार करने लगी। इसी बीच बाइक सवार युवक निकला जिसपर उसने परियर तक लिफ्ट मांगी। युवक ने महिला को बाइक पर बैठा लिया और बरभौली गांव के पहले महिला से चलती बाइक पर बैग छीनने लगा। महिला के शोर मचाने पर युवक घबरा गया और बाइक रोककर उतार दिया और मौके से भाग निकला। महिला दूसरे साधन से बिठूर पहुंची और पुलिस को सूचना दी। जिसपर पुलिस चकलवंशी व रास्ते में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी वीर बहादुर ने बताया कि महिला से बैग छीनने की सूचना मिली है। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखकर पहचान की कोशिश की जा रही है।

### मांगे पूरी न होने पर सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। बांगरमऊ नगर पालिका के स्थाई संविदा और ठेका सफाई कर्मचारियों ने करीब एक हफ्ता पूर्व पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर लंबित मांगें दो दिनों के अंदर निस्तारित करने की मांग उठाई थी। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है थी कि मांगें न माने जाने पर सभी सफाई कर्मी आगामी 08 दिसंबर से काली पट्टी बांध कर पालिका प्रशासन के खिलाफशांति पूर्ण आंदोलन का बिगुल फूंकना शुरू कर देंगे। आज सफाई कर्मियों ने गले में तख्तियां लटका कर प्रमुख मार्ग पर जोरदार प्रदर्शन किया। स्थाई संविदा और ठेका सफाई कर्मचारी संघ की स्थानीय इकाई के अध्यक्ष मुकेश और महामंत्री सुनील द्वारा पालिका चेयरमैन को सौंपे गए 16 सूत्रीय ज्ञापन में संविदा और ठेका सफाई कर्मचारियों द्वारा पूर्व में एरियर का भुगतान करने, मृतक एवं सेवानिवृत्त सफाई कर्मियों का भविष्य निधि के धन का भुगतान करने, कूड़ा एकत्रीकरण हेतु अतिरिक्त सफाई कर्मी तैनात करने, बीते 10 वर्षों से लंबित बोनस देने तथा सफाई कर्मियों को अवकाश देने का अधिकार सफाई नायकों को देने सहित विभिन्न मांगें उठाई गई थीं। किंतु पालिका प्रशासन द्वारा लंबित मांगों के संदर्भ में वार्ता न किए जाने पर आज मंगलवार को सफाई कर्मियों ने गले में तख्तियां लटका कर प्रमुख मार्ग उन्नाव-हरदोई रोड पर प्रदर्शन किया। संघ के अध्यक्ष मुकेश और महामंत्री सुनील ने कहा है कि 18 दिसंबर को पालिका प्रांगण में नग्न अवस्था में पालिका प्रशासन के खिलाफशांति पूर्ण नग्न अवस्था में प्रदर्शन करेंगे। आज के प्रदर्शन में गौतम, प्रदीप, गुड्डू, विद्या, सुरेश, बैढू, साहब लाल, रवी, बबलू, रोहित, गंगा, जवाहर, रामू व राजीव सहित करीब एक सैकड़ा सफाई कर्मचारी शामिल रहे।

### कार सवार दबंगों ने पीएसी जवान को पीटा

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। सड़क पर खड़ी मोटरसाइकिल न हटाने पर कार सवार दबंग युवकों ने पीएसी के जवान की लात घूँसों से पिटाई कर दी। पीड़ित जवान के पिता ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आसत मोहीउद्दीनपुर निवासी परशुराम का पुत्र अंकित पाल लखनऊ स्थित पीएसी की 32वीं बटालियन में आरक्षी के पद पर तैनात है। वह अवकाश लेकर घर आया है। परशुराम के अनुसार आज मंगलवार को अंकित गांव के सामने लखनऊ–बांगरमऊ रोड पर बाइक से कुछ सामान लेने गया था। अंकित सड़क पर बाइक खड़ी कर सामान खरीदने लगा तभी पड़ोसी ग्राम सुरसेनी निवासी मंसूर पुत्र मदारू तथा आफाक पुत्र असलम कार पर सवार होकर आ धमके। कार सवार युवकों ने सड़क से बाइक हटाने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहा सुनी होने लगी। बात इतनी बढ़ गई कि आफाक और मंसूर ने पीएसी जवान अंकित पाल की लात घूँसों से जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से पीएससी जवान घायल हो गया।

# 17 दिसम्बर को डीएम की अध्यक्षता में पेंशनर्स दिवस का होगा आयोजन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में 17 दिसम्बर 2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्ष से कहा है कि पेंशनर्स दिवस में समस्त कार्यालयाध्यक्ष स्वयं प्रतिभाग करेंगे ताकि पेंशनर्स की ऐसी समस्याएं जिनका निराकरण कार्यालयाध्यक्षों द्वारा किया जाता है, के त्वरित निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।

जिलाधिकारी ने पेंशनर्स दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले सेवानिवृत्त राजकीय कर्मचारी, बेसिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा व विद्युत विभाग के पेंशनर्स संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थिति रहेंगे, जिनके साथ वरिष्ठ कोषाधिकारी तथा अन्य कार्यालयाध्यक्ष पेंशन स्वीकृत एवं भुगतान की प्रक्रिया में आने वाली कठिनाइयों तथा शासन द्वारा लागू की गयी ई-पेंशन प्रणाली के क्रियान्वयन के तकनीकी पक्ष पर चर्चा करेंगे।

# मार्ग दुर्घटना में सैनिक की मौत, छाया मातम

- सभी ने नम आंखों से जवान को दी अंतिम विदाई

खीरों (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।



थाना क्षेत्र के खरगापुर के सेना जवान धीरज उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र कृष्णकुमार शुक्ला, जो पंजाब प्रांत के अमृतसर में आर्मी मेडिकल कोर में तैनात हैं। वह अपने साथी निशांत उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्र संतोष निवासी खरगापुर के साथ 10 दिसंबर दिन रविवार को समय करीब 5बजे बाइक से बछरावां किसी काम से गए थे वापस आते समय बांदा बहराइच हाईवे के पास रात 9बजे नंदाखेड़ा गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी । जिससे जवान धीरज की मौके पर मौत हो गई थी। वही निशांत गंभीर रूप से घायल हो गया। खरगा पुर गांव निवासी सेना से सेवानिवृत्त कृष्ण कुमार शुक्ला के छः बेटे वा एक बेटी है जिनका पूरा परिवार ही देश सेवा में समर्पित है जिसमे कृष्ण कुमार शुक्ला के 5 बेटे मनोज , सनोज, गोविंद,गोपाल, धीरज सेना में है। वही सुनील गुजरात में रह कर मजदूरी करता है सबसे छोटा बेटा धीरज 8 दिसंबर दिन शुक्रवार को छुट्टी लेकर घर आया हुआ था रविवार को रात 9बजे सड़क दुर्घटना में जवान धीरज की मौत हो गई थी वही मंगलवार को सुबह जवान का शव उसके घर खरगापुर पहुंचा तो पिता कृष्ण कुमार शुक्ला माता चंदावती ,भाईयो समेत पूरे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है ।वही जवान के शव की घर पहुंचने की खबर मिलते है ।जवान के अंतिम दर्शन के लिए आसपास के गांव से हजारों की संख्या में लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी । वही आर्मी हेडक्याटर लखनऊ से गोरखा रेजीमेंट के जवान घर पहुंचे।

वही लोगो ने भारत माता की जय, धीरज अमर रहे के नारे लगाते हुई सभी ने नम आंखों से जवान को अंतिम विदाई दी। वही जवान को सेना के ब्रज वाहन से उन्नाव जनपद के बक्सर गंगा घाट में ले जाया गया। जहा सेना के जवानों ने गार्डन आप ऑनर देते हुए मृतक जवान को अंतिम विदाई दी गई।वही परिजनों द्वारा जवान का अंतिम संस्कार किया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। हसनगंज थाना क्षेत्र के तोंदा गाँव निवासी 26 वर्षीय अमरेश पुत्र सुरेश गैर प्रांत में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। 23 दिसंबर को इनायतपुर गांव से उसकी शादी होने वाली थी। सोमवार को पिता के साथ रिश्तेदारी में निमंत्रण देने गया था। देरशाम घर लौट रहा था तभी इनायतपुर से लड़की का फोन आ गया। पिता को गांव के पहले उतार लड़की के यहां चला गया। जहां से लौट रहा था तभी लोधाटीकुर गांव के पास एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक टकरा गयी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे एंबुलेंस से सीएचसी औरास लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। शादी से पहले अचानक दुर्घटना से मौत होने से पिता सुरेश माता शिववती सहित अन्य स्वजनों मे कोहराम मच गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित



महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

अमावा विकासखंड क्षेत्र के बघेल ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पहुंचे रथ का ग्राम प्रधान ब्रज देवी एवं प्रधान प्रतिनिधि दशरथ सिंह ने जोरदार स्वागत किया।

ग्राम पंचायत में इस मौके पर कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और आए हुए ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में तमाम तरह की जानकारियां दी गई ।वही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दशरथ सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों की वजह से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी मिलती है।

इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी कमलेश श्रीवास्तव ग्राम विकास अधिकारी अमरेश नारायण पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रांत अकेला ग्राम ग्राम प्रधान ब्रज देवी प्रधान प्रतिनिधि दशरथ सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुआ लाइनमैन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। बिजली के पोल पर चढ़कर काम कर रहा लाइनमैन आया करंट की चपेट में, करंट की चपेट में आने से लाइनमैन बिजली के पोल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से हुआ घायल, घायल लाइनमैन को इलाज के लिए जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती मामला जगतपुर थाना क्षेत्र का है जहां संविदा कर्मी लाइनमैन राजू 29 वर्ष बिजली के पोल पर चढ़कर लाइन ठीक कर रहा था तभी अचानक वह करंट की चपेट में आ गया करंट की चपेट में आने से लाइनमैन में राजू पोल से नीचे गिर पड़ा, पोल से गिरने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया।

# चोरी की मोटरसाइकिल और तमंचा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार




लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

लालगंज पुलिस ने चोरी की मोटर साइकिल और देशी तमंचा सहित दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्रेस नोट से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस ने डलमऊ बाईपास के पास से अभियुक्त नकुल उर्फ उमेश दीक्षित पुत्र शिवकिशोर दीक्षित उर्फ पुजारी और अभियुक्त बाबू उर्फ बाबूलाल पुत्र ओमप्रकाश निवासी त्रिवेदीपुर थाना लालगंज को एक अदद तमंचा व जिंदा कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल UP33AZ5156 के साथ गिरफ्तार कर स्थानीय थाना पर मुकदमा पंजीकृत कर दोनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा मे भेज दिया।



### विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ जोरदार स्वागत

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। बांगरमऊ क्षेत्र की ग्राम पंचायत दरियापुर में ग्रामीणों द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया गया। क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भारत संकल्प विकास यात्रा में एलईडी वाहन द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर विधायक श्री कटियार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना और योजना से वंचित पात्र व्यक्ति को अच्छादित करना है। उन्होंने कहा कि उज्जवला योजना ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन किया है। जिसका श्रेय देश के प्रधानमंत्री को जाता है। अंत में विधायक श्री कटियार ने आयुष्मान लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए। कार्यक्रम में जिला व्यवस्था प्रमुख गिरीश वर्मा, मण्डल अध्यक्ष अरविन्द सिंह, अतुल मिश्रा, कैलाश शुक्ला, प्रमेश चौधरी, अरुण द्विवेदी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### बाइक-साइकिल भिड़न्त में तीन घायल

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। आसीवन थाना क्षेत्र के मुंशीगंज-हसनगंज मार्ग पर मवेशी से बचने के चक्कर में बाइक साइकिल में टक्कर हो गयी जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों ने घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के अहमदपुर बादे गांव निवासी दीपू 30 पुत्र भैयालाल अपने साथी सर्वेश 28 पुत्र रामखेलावन निवासी आदमपुर भांसी के साथ बाइक से मुंशीगंज बाजार जा रहे थे अभी वह मुंशीगंज के पास पहुंचे थे कि अचानक सामने मवेशी आ गया जिससे बचने के प्रयास में बाइक अंनियंत्रित होकर साइकिल से टकरा गयी जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार चल रहा है वहीं साइकिल सवार को एक अस्पताल में भर्ती कराया।

# अंतिम लीग मैच में स्टार एडवोकेट ने आईटीआई लिमिटेड एकादश को सात विकेट से हराया

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



बैसवारा क्लब सिविल कोर्ट की ओर से आयोजित एडवोकेट कप 2023 के अंतिम लीग मैच में स्टार एडवोकेट ने आईटीआई लिमिटेड एकादश को सात विकेट से हरा कर प्रतियोगिता के अगले चरण में प्रवेश कर लिया। टास जीत कर स्टार एडवोकेट ने आईटीआई को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। आईटीआई टीम की शुरूआत खराब रही।

आईटीआई की टीम 74 रन ही बना पाई। स्टार एडवाकेट की ओर से विवेक राठौर, निखित व सत्यम ने दो-दो विकेट लिए। छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टार एडवोकेट ने मात्र तीन विकेट खोकर आखिरी लीग मैच अपने नाम कर लिया। आईटीआई की ओर से अभिषेक ने एक विकेट झटके। जबकि दो खिलाड़ी रनआउट हुए। इसके पूर्व आईटीआई के यूनिट हेड राजीव कुमार श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर टास कराया। इसके साथ ही बैंटिक कर प्रतियोगिता शुरू की। बैसवार क्लब के अध्यक्ष शंकरलाल गुप्ता ने सभी का स्वागत किया। देवेंद्र सिंह मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्द भेंट कर स्वागत किया। दिनेश श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर योगेंद्र दीक्षित, राम प्रकाश सिंह, हरिश्चंद्र शर्मा, संजय सिंह कछवाह, मयंक श्रीवास्तव, जीतेंद्र सिंह चौहान समेत अन्य लोग मौजूद रहे। क्लब के सचिव सुनील कुमार सिंह भैदौरिया ने बताया कि 16 दिसंबर शनिवार को वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन सेंट्रल बार सभागार में अपरान्ह 12 बजे किया जाएग। न्याय प्रक्रिया में टेक्नोलॉजी विषय पर आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में सहभाग करने वाले प्रतिभागी शुक्रवार की सायं चार बजे तक अपनी प्रविष्ट सुनिश्चित करा लें।

# दुर्घटनाओं का सबब बना तीन वर्ष से सीज ट्रक

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।



बांगरमऊ कोतवाली के मुख्य गेट के कोने पर पुलिस द्वारा करीब तीन वर्ष पूर्व एक सीज ट्रक खड़ा किया गया था। नागरिकों की शिकायत के बावजूद अभी तक ट्रक को हटाया नहीं जा सका है। प्रमुख मार्ग उन्नाव-हरदोई रोड को घेर कर खड़े ट्रक से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

प्रमुख मार्ग उन्नाव-हरदोई रोड पर कोतवाली संपर्क मार्ग मोड़ के कोने पर बीते करीब तीन वर्षों से एक ट्रक खड़ा है। इस ट्रक को कोतवाली पुलिस ने सीज कर खड़ा करा दिया था। कोतवाली मार्ग तिराहे पर ट्रक के खड़े होने से कोतवाली की तरफ से आने वाले वाहन चालक उन्नाव की ओर से तेज गति से आ रहे वाहनों को देख नहीं पाते हैं। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कोतवाली गेट के निकट निवासी एवं मोहल्ला कटरा के सभासद राम दिवाकर सहित श्याम सिंह, ललित मोहन पांडेय, छंगा मेडिकल स्टोर, मनोज तिवारी, बेचेलाल कंपाउंडर, पवन तिवारी व अनिल कुमार ने पुलिस अधीक्षक से प्रमुख मार्ग के किनारे खड़े ट्रक को हटवाए जाने की मांग उठाई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में आग से जला युवक, हालत गंभीर

- जमीन पर कब्जे का आरोप लगा परिजनों ने लगाया जाम
- परिजनों की तहरीर पर 9 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

थाना सोहरामऊ क्षेत्र में रहस्यमय परिस्थितियों में एक युवक आग से जल गया। परिजनो ने कब्जाने का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई है। आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलसे युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनो ने घटना के बाद जमीन कब्जाने के मामले में गांव के लोगों पर आग से जलाने का आरोप लगा जाम भी लगाया। घटना की सूचना पर सीओ व सोहरामऊ थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल की।

मिली जानकारी के अनुसार थाना सोहरामऊ के गांव हसनापुर के रहने वाले वीरेंद्र 35 पुत्र कन्हैया सिंह का गांव के ही सूर्यकुमार सिंह से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। लगभग 10 वर्षो से दोनों पक्षों मे दीवानी का मुकदमा चल रहा था। उपरोक्त मामले में एसडीएम हसनगंज ने टीम बनाकर जमीन की जांच करायी। इसके बाद हदबरारी हुयी। आरोप है कि वीरेंद्र की जमीन से लगभग 8 बिस्वा जमीन सूर्यकुमार को दे दी गयी। जिसपर प्रशासन पर पक्ष लेने का आरोप लगा वीरेंद्र ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर सुबह आग लगा ली। वीरेन्द्र को आग की लपटों के बीच घिरा देख परिजनो ने किसी प्रकार आग बुझाई। परिजनो द्वारा पड़ोसियों पर आग से जलाने का आरोप लगा जाम लगाने का भी प्रयास किया गया। इसी दौरान सूचना पर सोहरामऊ थाना प्रभारी मौके पर पहुंच आग से झुलसे युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। घटना की गंभीरता को देखते हुए सीओ हसनगंज मौके पर पहुंचे। इसी बीच परिजन घटना के बाद सोहरामऊ हसनापुर मार्ग जाम लगाकर कारवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। परिजनों का आरोप है दूसरे पक्ष ने वीरेंद्र को आग लगाकर मारने का प्रयास किया है। एसओ कमल दुबे ने बताया कि दोनों पक्ष में जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। कुछ दिन पूर्व एसडीएम ने युवक की कुछ जमीन पर दूसरे पक्ष को कब्जा दे दिया था। उसी जमीन को आज फिर कुछ विवाद हुआ था। इसके बाद घटना हुई है। जांच की जा रही है। सीओ के समझाने के बाद परिजनो ने जाम हटाया। बाद में परिजनो की तहरीर पर गांव के सूर्य कुमार, शुभम् सिंह, वीरेन्द्र, जितेन्द्र, रविन्द्र, जगदीश, अजय, विजय, अरुण सिंह के खिलाफ 143, 147, 148, 307, 328, 447, 506 की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## काली कमाई के अंबार

हाल के दिनों में उन खबरों ने आम आदमी को विचलित किया, जब एक कारोबारी राज्यसभा सांसद के यहां आयकर छापे में अरबों रुपये के नोटों का अंबार मिला। खबरें आईं कि नोट गिनने वाली मशीनें नोट गिनते-गिनते थककर खराब हो गईं। थैलों में नोट न आए तो बोरों में भरा गया। मीडियों में नोटों से भरी अलमारियां हैरान-परेशान करती रही हैं कि कोई कैसे इतनी अकूत संपत्ति जुटा लेता है। हमारी आर्थिक अपराधों पर नजर रखने वाली एजेंसियां क्यों तब खामोश थीं जब संसाधनों की लूट-खसोट जारी थी। सवाल यह भी कि कहीं ऐसे भ्रष्टाचार के मामलों का खुलासा चुनाव प्रक्रिया के आसपास राजनीतिक लाभ के लिये तो नहीं होता? यह भी कि यह खुलासा विपक्षी राजनेताओं व उनके करीबियों के बाबत ही क्यों होता है? क्या सत्तारूढ़ दल समर्थक कारोबारी राजनेताओं की संपन्नता पाक-साफ ही है? साथ ही भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे लोग जब सत्ता की धारा में डुबकी लगा लेते हैं तो क्या वे पाक-साफ हो जाते हैं? बहरहाल, नोटों का अंबार ये तो बता देता है कि राजनीतिक संरक्षण में फल-फूल रहे कारोबारी राजनेता कितनी आसानी से कम समय में अकूत धन-संपदा जुटा लेते हैं? बताते हैं कि कांग्रेस के जरिये सांसद बनने वाले धीरज साहू ने 2018 में राज्यसभा का सदस्य बनने के हलफनामे में अपनी संपत्ति 34 करोड़ के करीब बतायी थी। तो आखिर कैसे महज पांच साल में संपत्ति तीन सौ करोड़ पार कर गई? बहरहाल, यह घटना बताती है कि कैसे देश की राजनीति दागियों की कमाई के लिये कामधेनु बन गई है। बताते हैं कि आरोपी राज्यसभा सांसद ने दो बार लोकसभा का चुनाव लड़ा और हार गया था। फिर राज्यसभा के जरिये संसद पहुंचने की तिकड़में की। जाहिर है, धनबल भी उसका एक जरिया रहा होगा। ऐसा भी नहीं है कि भारी मात्रा में नकदी बरामदगी की यह पहली घटना हो। अतीत में सुखराम प्रकरण सुर्खियों में रहा। पश्चिम बंगाल में एक शिक्षामंत्री की सहयोगी महिला मित्र के यहां से पचास करोड़ की नकदी व अन्य संपत्ति बरामद हुई थी। कहा गया था कि ये राशि शिक्षा भर्ती घोटाले से जुटाई गई थी। अकसर चुनाव के दौरान चुनाव आयोग की सख्ती से कई राजनेताओं के यहां से करोड़ों रुपये की बरामदगी की खबरें आती रहती हैं। राजनेता ही नहीं, कई नौकरशाहों के यहां से भारी मात्रा में नकदी व अचल संपत्ति के कागज बरामद होने की भी खबरें सुनी जाती रही हैं। झारखंड में एक महिला आईएएस अधिकारी के यहां से सत्रह करोड़ की नकदी बरामदगी की खबर भी चर्चा में रही है। ये घटनाएं बताती हैं कि जिन राजनेताओं व नौकरशाहों पर सामाजिक न्याय व गरीबों के कल्याण की जवाबदेही थी, कैसे वे कदाचार का सहारा लेकर अपना घर भरने में लग जाते हैं। इन घटनाक्रमों से यह समझना भी कठिन नहीं है कि कैसे हमारे जनप्रतिनिधि चुने जाने के कुछ समय बाद ही करोड़ों में खेलने लगते हैं। यह भी कि हमारे लोकतंत्र में धनबल व भ्रष्टाचार कितने गहरे तक अपनी पैठ बना चुका है।

## इंडिया ब्लॉक में है भाजपा से मुकाबले की क्षमता

मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल, हरियाणा, कर्नाटक, तेलंगाना, ओडिशा में हालिया विधानसभा चुनावों से सबक लेते हुए कांग्रेस मध्य प्रदेश में सपा और राजस्थान में सीपीआई (एम) के साथ कुछ समायोजन के बारे में सोच सकती है। छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में कांग्रेस सीपीआई के साथ कुछ समायोजन कर सकती है। लेकिन यह ध्यान में रखना होगा कि इंडिया गठबंधन की अन्य पार्टियाँ अपने-अपने समर्थन आधार के मामले में इन राज्यों में बहुत छोटी हैं। गैर-कांग्रेसी दलों को अपनी मांगों के मामले में व्यावहारिक होना चाहिए। ओडिशा में कांग्रेस सीपीआई और सीपीआई (एम) के साथ तालमेल बिठा सकती है। दोनों वाम दलों के साथ यह गठबंधन राज्य में बीजद और भाजपा दोनों से लड़ने में भारतीय गुट के लिए मददगार होगा। ओडिशा में भाजपा फिर से उभरने की संभावना रखती है। यदि संभव हो तो कुछ सीमांत सीटों पर भाजपा को हराने के लिए बीजद के साथ भी समझौता किया जा सकता है। दूसरी श्रेणी के राज्यों में, बंगाल में, तृणमूल कांग्रेस भाजपा के लिए निर्विवाद रूप से मुख्य चुनौती है। सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा राज्य में भाजपा और टीएमसी दोनों से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। अब सवाल यह है कि क्या कांग्रेस टीएमसी के साथ गठबंधन करेगी या सीपीआई (एम) नेतृत्व वाले फ्रंट के साथ रहेगी।



**कांग्रेस को इस पर जल्द फैसला करना चाहिए। किसी भी स्थिति में, बंगाल में ममता बनर्जी 2024 के चुनावों में भाजपा की लोकसभा सीटों को 2019 के 18 के आंकड़े से काफी कम करने की स्थिति में हैं।दिल्ली और पंजाब आम आदमी पार्टी द्वारा शासित दो राज्य हैं जबकि कांग्रेस इंडिया ब्लॉक की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। पंजाब में भाजपा की हालत खराब है लेकिन दिल्ली में वह फिर से उभर रही है। दिल्ली में भाजपा को हराने के लिए आप और कांग्रेस का गठबंधन बेहद जरूरी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को दिल्ली की सभी सात सीटें मिली थीं। इसी तरह, उत्तर प्रदेश में, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव राज्य में भाजपा विरोधी लड़ाई में प्रमुख व्यक्ति हैं, जो लोकसभा में 80 सांसद भेजता है। इस बार उत्तर प्रदेश से इंडिया गठबंधन को अपने सांसदों की संख्या बढ़ना जरूरी है। सपा को अपना एक मोर्चा मिल गया है और वह कांग्रेस द्वारा सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू होने का इंतजार कर रही है।**

नित्य चक्रवर्ती

भाजपा की इस बड़ी चुनौती का सामना करते हुए, इंडिया गठबंधन को बिना समय गंवाये पूरी एकजुट ताकत के साथ महासंग्राम के लिए खुद को तैयार करना होगा। दरअसल, लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुरू होने में महज तीन महीने बचे हैं। सीट बंटवारे की व्यवस्था और अभियान कार्यक्रम पर निर्णय लेने के लिए बैठक न करके इंडिया ब्लॉक द्वारा काफी समय बर्बाद किया गया है। राज्य चुनावों के बाद पहली पूर्ण बैठक अब इस महीने के तीसरे सप्ताह में होने की संभावना है।राज्य विधानसभाओं के चुनाव परिणामों के विश्लेषण से पता चलता है कि कांग्रेस ने तीन हिंदी भाषी राज्यों - मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में इतना बुरा प्रदर्शन नहीं किया है, जैसा कि राष्ट्रीय मीडिया में प्रस्तुत किया जा रहा है। दरअसल 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इन तीन राज्यों की कुल 65 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2023 के राज्य विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने अपनी स्थिति में काफी सुधार किया है, हालांकि उम्मीदों से वह अभी भी काफी कम है। इसका मतलब यह है कि आने वाले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस और उसके सहयोगियों का काम कठिन हो गया है, लेकिन फिर भी यह एक मुकाबले की दौड़ बनी रहेगी, बशर्ते विपक्षी इंडिया गठबंधन में सहयोगी राजनीतिक पार्टियां राज्य चुनाव परिणामों से सही सबक ले, सुधारात्मक उपाय करे, और व्यापक चुनावी दंगल में कूद पड़े। साथ ही लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को आकर्षित करने वाले कार्यक्रम के साथ आधारित जन अभियान चलाये।

विपक्षी दलों के लिए अभी समय महत्वपूर्ण है। जैसे कि संकेत मिल रहे हैं, लोकसभा चुनाव इस साल मार्च और अप्रैल में होने की संभावना है। पूरी संभावना है कि घोषणा फरवरी के दूसरे सप्ताह में की जायेगी और मतदान मार्च 2024 के दूसरे सप्ताह से शुरू होगा। 2019 में, चुनाव की घोषणा 10 मार्च को की गई थी, मतदान 11 अप्रैल को शुरू हुआ और 19 मई को सात चरणों में समाप्त हुआ। परिणाम 23 मई को घोषित किये गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व के लिए, 2019 के कार्यक्रम की तुलना में लोकसभा चुनावों को एक महीने पहले करना दो कारकों पर आधारित है। सबसे पहले अगले साल 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन किया जायेगा। उद्घाटन का संदेश पूरे देश में पहुंचाने के लिए भाजपा और संघ परिवार ने पहले ही बड़े पैमाने पर अभियान चलाने की घोषणा कर दी है। आरएसएस द्वारा निर्देशित यह अभियान 2024 के लोकसभा चुनावों के अभियान के साथ-साथ देश के दूरदराज के हिस्सों तक अपनी पहुंच बनायेगा। दूसरा, नरेंद्र मोदी सरकार 2024-25 के लिए अंतरिम बजट फरवरी के पहले सप्ताह में पेश करने वाली है, संभवतरू 1 फरवरी को। प्रधानमंत्री महिलाओं, युवाओं और आदिवासियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कल्याणकारी योजनाओं के विस्तार पर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के सलाहकार प्रस्तावित योजनाओं की संरचना पर काम कर रहे हैं जिनमें लक्षित आबादी के बीच तुरंत प्रभाव डालने की क्षमता हो सकती है। इसलिए हिंदुत्व और कल्याणवाद का यह संयोजन जिसने प्रधानमंत्री और भाजपा को नवीनतम राज्य विधानसभा चुनावों में अच्छा लाभांश दिया है, 2024 के चुनावों में मतदाताओं से अधिकतम समर्थन प्राप्त करने के लिए इसे और अधिक तेज और केंद्रित किया जायेगा।

भाजपा की इस बड़ी चुनौती का सामना करते हुए, इंडिया गठबंधन को बिना समय गंवाये पूरी एकजुट ताकत के साथ महासंग्राम के लिए खुद को तैयार करना होगा। दरअसल, लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुरू होने में महज तीन महीने बचे हैं। सीट बंटवारे की व्यवस्था और अभियान कार्यक्रम पर निर्णय लेने के लिए बैठक न करके इंडिया ब्लॉक द्वारा काफी समय बर्बाद किया गया है। राज्य चुनावों के बाद पहली पूर्ण बैठक अब इस महीने के तीसरे सप्ताह में होने की संभावना है। इस बैठक में चुनावी रणनीति की प्रक्रिया शुरू होनी है ताकि 2024 के चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए सहयोगियों के बीच अधिकतम एकता हासिल की जा सके। एक बात का ध्यान रखना होगा। वन ऑन वन फॉर्मूला राष्ट्रीय स्तर पर लागू नहीं होता। यह राज्य विशिष्ट होना चाहिए। वहां पहले से ही एक निर्धारित पैटर्न मौजूद है। नवीनतम घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए इसे परिष्कृत किया जाना चाहिए। सीट बंटवारे की बातचीत पहले राज्य स्तर पर शुरू की जानी है लेकिन इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए कुछ केंद्रीय कोर टीम की आवश्यकता है क्योंकि राज्य स्तर पर प्रत्येक राजनीतिक दल के नेता को अपनी पार्टी के दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखना होगा, इसलिए मतभेद स्वाभाविक होंगे। राज्य इकाइयों को केंद्रीय निर्देश से ही इससे बचा जा सकता है। सीट बंटवारे के फॉर्मूले की बारीकियों की बात करें तो राज्यों को तीन व्यापक श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है- पहला, वे राज्य जहां कांग्रेस भाजपा से लड़ने वाली मुख्य राजनीतिक पार्टी है, दूसरे, वे राज्य जहां क्षेत्रीय दल मुख्य चुनौती दे सकते हैं, और तीसरा जहां पहले से ही इंडिया गठबंधन की पार्टियों का गठबंधन काम कर रहा है। इसके अलावा, उत्तरपूर्व के राज्यों और जम्मू और कश्मीर भी हैं जो एक अलग श्रेणी के हैं।

### विचार

## मप्र में भाजपा शिव से मोहन तक परिषद की यात्रा

डॉ मयंक चतुर्वेदी



**डॉ. मोहन यादव की चर्चा मुख्यमंत्री के पद के लिए मीडिया में और संगठन के स्तर पर अब तक कहीं से दूर-दूर तक भी नहीं थी और अचानक से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनके नाम का प्रस्ताव करके संगठन की एकता के प्रति अपना विश्वास तो दिखाया ही है। साथ ही यह भी बता दिया कि संगठन स्तर पर भाजपा में ही इस प्रकार के निर्णय होना संभव है, यह अप्रत्याशित है। अभी एक नारा पूरे देश में गूंजता है, मोदी है तो मुमकिन है, लेकिन अब मध्यप्रदेश की धरती से यह एक नया नारा इस निर्णय के साथ सामने आया है।**

कल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन के देश की राजधानी में राष्ट्रीय अधिवेशन को अभी पूरा हुए 24 घंटे भी नहीं बीते हैं कि एक बार फिर से भारतीय राजनीति में देश के हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश में एक ऐसे व्यक्ति को राजनेता के रूप में राज्य के मुख्यमंत्री बनाकर स्थापित किया है, जिसने सामाजिक जीवन एवं राजनीति की पाठशाला का पहला पाठ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में रहकर सीखा है। यह राज्य में दूसरे लगातार वाले मुख्यमंत्री बने हैं जिन्होंने कि विद्यार्थी परिषद से छात्र राजनीति करते हुए अपना जीवन आरंभ किया है। इसके पहले हम सभी जानते हैं कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उनका पूरा व्यक्तित्व और कृतित्व विद्यार्थी जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के साथ कार्य करते हुए गढ़ा है और उसी के आधार पर वे आगे बढ़ते चले गए।

वे ऐसे आगे बढ़े कि प्रदेश में 18 साल तक मुख्यमंत्री रहने का कीर्तिमान स्थापित करने वाले शिवराज सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी के इस राज्य में पहले कार्यकर्ता हैं। अब ऐसे में उनके बाद उनकी परंपरा को आगे निर्वाह करने का दायित्व यदि सौंपा गया तो फिर एक बार पुनः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपने को संघर्ष की आंच में तपाकर राजनीतिक जीवन में आए डॉ मोहन यादव हैं। वस्तुतः छात्र जीवन से लेकर आजीवन संपूर्ण जीवन अपने राष्ट्र के लिए समर्पित रहना चाहिए, यह संदेश विद्यार्थी परिषद का सदा से रहता आया है। ज्ञान हो, शील हो और एकता भी हो, यह तीन गुण निश्चित तौर पर केवल छात्र जीवन में ही नहीं, समाज के हर वर्ग के विकास के लिए आवश्यक हैं। कहना होगा कि पार्टी स्तर पर अपनी सरकार के लिए विधायक दल के नेता चुनते वक्त यही एकता का मंत्र एक बार फिर से मध्यप्रदेश भाजपा में देखने को मिला है। जो बड़े-बड़े नाम पिछले कई दिनों से मीडिया की सुर्खियों में बने हुए थे, भाजपा की संगठन शक्ति और सामूहिक निर्णय ने एक झटके में सबको पीछे छोड़ दिया और एक ऐसे नाम को आगे बढ़ा दिया जिसके बारे में कोई अभी तक कल्पना भी नहीं कर सका था। जब वे साल 2013 में पहली बार बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन की दक्षिण सीट से विधायक बने थे। तब उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि संगठन उन पर इतना मेहरबान हो जाएगा कि 10 सालों की राजनीति में ही वे प्रदेश के सीएम पद के लिए चुन लिए जाएंगे। किंतु जिन्हें उनके ये दस साल राजनीतिक जीवन के मुख्यमंत्री पद के लिए कम दिखाई देते हों, उन्हें अवश्य ही इससे पूर्व उनकी सामाजिक और राज्य की नीति के लिए की गई तपस्या देखनी चाहिए। वस्तुतः डॉ मोहन यादव साल 1982 में वह माधव विज्ञान महाविद्यालय के छात्रसंघ के सह-सचिव रहे। इसके बाद 1984 में वह इसके अध्यक्ष बने। साल 1984 में वह एबीवीपी उज्जैन के नगर मंत्री और 1986 में विभाग प्रमुख चुने गए। 1988 में वह मध्यप्रदेश अभाविप के प्रदेश सहमंत्री और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बनाए गए थे। 1989-90 में वह एबीवीपी के प्रदेश इकाई के प्रदेश मंत्री और 1991-92 परिषद के राष्ट्रीय मंत्री तक वे रहे। विद्यार्थी परिषद के साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रहते हुए राष्ट्रजीवन के लिए अपने जीवन को समर्पित कर देने का पाठ भी वे सदैव सीखते रहे। यही वह कारण भी रहा जोकि विद्यार्थी परिषद के सीधे काम से मुक्त होते ही इन्हें 1993-95 में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, उज्जैन नगर के सह खण्ड कार्यवाह, सायं भाग नगर कार्यवाह एवं 1996 में खण्ड कार्यवाह और नगर कार्यवाह बना दिया गया था। इसके बाद 1997 में इनकी इंट्री भाजपा में भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति के सदस्य के रूप में होती है और साल 2000-2003 तक उज्जैन की विक्रम यूनिवर्सिटी की कार्य परिषद के सदस्य, बीजेपी के नगर जिला महामंत्री, साल 2004 में वह बीजेपी की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य, 2004-2010 तक वह उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष, साल 2011-2013 में मप्र पर्यटन विकास निगमअध्यक्ष, बीजेपी के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रहते हुए अपनी राजनीतिक सफर को मोहन जी सतत आगे बढ़ाते हुए दिखाई देते हैं। एक तरह से देखें तो यह 2013 का यही वर्ष मोहन यादव जी के राजनीतिक जीवन को शीर्ष पर ले जाने वाला सिद्ध हुआ। यहीं से एक नया सफर विधानसभा का उज्जैन दक्षिण से विधायक चुनने के साथ शुरू हुआ। इसके बाद लगातार यहां से मोहन जी जीत रहे हैं। मोहन जी, 2020 में शिवराज सिंह सरकार में कैबिनेट मंत्री बने और उनको उच्च शिक्षा मंत्री का कार्यभार सौंपा गया। उच्चशिक्षा में मध्यप्रदेश के कई विश्वविद्यालयों ने नई शिक्षा नीति 2020 को आपने प्रमुखता से लागू करवाने के साथ अनेक ऐसे नवाचार किए हैं, जिन्होंने मध्यप्रदेश को उच्चशिक्षा क्षेत्र में आज देश की मुख्यधारा में अंग्रिम पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया है।

## आदिवासी की ताजपोशी

आरएसएस के समर्पित कार्यकर्ता, प्रधानमंत्री मोदी की प्रथम कैबिनेट के साथी, चार बार के लोकसभा सांसद और आदिवासी समाज के प्रमुख नेता विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री होंगे। वह भाजपा और राज्य के प्रथम आदिवासी मुख्यमंत्री होंगे। वैसे छत्तीसगढ़ के सर्वप्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी भी खुद को आदिवासी ही कहते रहे, लेकिन 2019 में अदालत ने उनका 'अनुसूचित जनजाति' वाला प्रमाण-पत्र 'अमान्य' कर दिया था, लिहाजा प्रशासनिक और राजनीतिक व्यवहार में विष्णुदेव ही राज्य के प्रथम आदिवासी मुख्यमंत्री माने जाएंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और विजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाया जाना तय हुआ है। छत्तीसगढ़ के लगातार तीन बार मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमन सिंह को 'विधानसभा अध्यक्ष' का दायित्व सौंपा जाएगा। विष्णुदेव साय भाजपा-संघ परिवार के मंजे हुए नेता हैं, क्योंकि उन्होंने सरपंच से लेकर मुख्यमंत्री तक का 'चरमोत्कर्ष' छुआ है। इन विधानसभा चुनावों में भाजपा ने आदिवासियों का नया वोट बैंक तैयार कर कांग्रेस के जबड़े से जीत छीनी है। चुनाव के किसी भी सर्वे में भाजपा की जीत के आसार नहीं थे। कांग्रेस के लिए सत्ता में बने रहने के स्पष्ट अनुमान लगाए गए थे, लेकिन जनादेश घोषित हुआ, तो सरगुजा क्षेत्र की सभी 14 सीट और बस्तर की 12 में से 8 सीट भाजपा के हिस्से आईं। इसे 'नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र' भी माना जाता है। कांग्रेस का पुराना, परंपरागत आदिवासी जनाधार ही ध्रुवीकृत हो गया। चूंकि भाजपा ने 2022 में ही आदिवासी नेता द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति निर्वाचित कराया था, आदिवासियों के भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन को 'राष्ट्रीय जनजाति दिवस' घोषित किया था, नतीजतन आदिवासियों के ध्रुवीकरण के ये दो बुनियादी कारण साबित हुए। इसके अलावा, आरएसएस ने 'बनवासी कल्याण आश्रम' के जरिए पुराने मध्यप्रदेश (अब छत्तीसगढ़) में आदिवासियों के लिए व्यापक कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की 'गारंटियों' के साथ-साथ छत्तीसगढ़ भाजपा के नेताओं ने भी राज्य की करीब 33 फीसदी आबादी, यानी कुल 90 में से 30 विधानसभा सीट, को विश्वास दिलाया कि भाजपा ही उनकी हितैषी पार्टी है।

नतीजा सामने है। 2018 में इन आदिवासी बहुल इलाकों ने कांग्रेस को लबालब जनादेश दिया था। अब मोदी-शाह की भाजपा ने आदिवासियों के अलावा, ओबीसी, दलितों और महिलाओं के वोट बैंक सुनिश्चित कर लिए हैं। हाल ही में तीन राज्यों में जो जनादेश सामने आए हैं, उनमें इन समुदायों के बहुमत वोट भाजपा के पक्ष में आए हैं। यकीनन इससे लोकसभा चुनाव में भी पार्टी को फायदा मिलना चाहिए। यह सामाजिक संरचना भाजपा-संघ परिवार का 'राजनीतिक मॉडल' भी बन सकती है। क्या मप्र और राजस्थान में भी इसी तर्ज पर मुख्यमंत्रियों की ताजपोशी की जा सकती है? दरअसल इन तीनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों और संगठन के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही रहेगी कि 2024 के आम चुनाव में 65 लोकसभा सीट में से अधिकतम हिस्सा भाजपा की झोली में ही आए। लक्ष्य नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का है। मप्र की बारी तो आज ही है। जब आप यह संपादकीय पढ़ेंगे, तब तक मप्र का मुख्यमंत्री तय हो जाना चाहिए। मौजूदा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान राज्य में सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने 165 सीटों पर जनसभाएं कीं और आज भी हारी हुई सीटों पर लोकसभा के लिए प्रचार पर निकले हैं। आम धारणा यह है कि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और भाजपा अध्यक्ष का राष्ट्रीय नेतृत्व अब नए चेहरे को उभारने के पक्ष में हैं। यही राजनीति राजस्थान में भी जारी है। दिलचस्प है कि दोनों राज्यों के प्रमुख नेताओं के खिलाफ कोई भी जन-लहर नहीं है। यदि नया चेहरा लाया जाता है, तो लोकसभा चुनाव में नुकसान भी संभव है।



## राशिफल

मेषः- कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

बृषभः- शासन-सत्ता से जुड़े लोगों से निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार हैं। पुराने संबंधों से लाभ संभव। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। आलस्य का त्याग करें।

मिथुनः- सगे-संबंधियों के बीच व्यवहार कुशल बने। सामाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में मधुर संवाद से सुंदर छबि बनायें।

कर्कः- विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी।

सिंहः- नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीतिक लोगों सहयोग प्राप्त होगा।

कन्याः- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन चिंतित होगा।

तुलाः- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा। दुविधाओं का त्याग करें।

वृश्चिकः- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

धनुः- जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा।

मकरः- भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी होंगी।

कुंभः- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव किंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

मीनः-अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रही जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

## पाकिस्तान को 370 पर क्यों लगी सबसे ज्यादा मिर्ची?

मुकुंद



**इस फैसले पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सही कहा है कि सरकार के 5 अगस्त, 2019 के फैसले को बरकरार रखने का उच्चतम न्यायालय का फैसला देश के इतिहास में दर्ज किया जाएगा। मेहता ने कहा कि 5 अगस्त, 2019 से पहले अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने की प्रक्रिया में इकलौते वकील के रूप में शामिल और उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के समक्ष दलीलें रखने के कारण यह उनके लिए भी ऐतिहासिक पल है। पाकिस्तान के नेताओं यह भी सुन लो उन्होंने यह भी कहा है कि यह केवल हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और हमारे गृहमंत्री अमित शाह का दृढ़ संकल्प और शानदार रणनीति है जिसने इस ऐतिहासिक फैसले को संभव बनाया। देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। तुषार मेहता ने कहा है कि मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि सरदार वल्लभभाई पटेल की आत्मा को आज संतुष्टि मिली होगी।**

बात भारत की है। भारत के आंतरिक मामले की है। मगर सबसे ज्यादा मिर्ची पाकिस्तान को लगी है। साफ है अच्छे पड़ोसी का धर्म पाकिस्तान कभी निभा नहीं सकता। अनुच्छेद 370 पर भारत के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आतंकवाद को पालने-पोसने वाले पाकिस्तान ने जहर उगला है। उसकी बौखलाहट से साबित होता है कि उसकी नजर जम्मू-कश्मीर पर लगी हुई है। मगर उसे अब यह ध्यान रखना होगा यह नेहरू, इंदिरा, राजीव और मनमोहन सिंह वाला भारत नहीं है। यह नया भारत है। यह नया भारत राष्ट्रवादी नेता नरेन्द्र मोदी का है। यह भारत आंख तरेरने वाले के शरीर को मरोड़ने की ताकत रखता है। आखिर कौन होता है पाकिस्तान, जो यह कहे कि भारत के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का कोई कानूनी महत्व नहीं है। उसे यह कहने का कतई हक नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय कानून भारत की 5 अगस्त, 2019 की एकतरफा और अवैध कार्रवाइयों को मान्यता नहीं देता है। बोलने की सबको आजादी है। सो पाकिस्तान को जो बोलना हो बोले। उसे दुनिया गंभीरता से नहीं लेती है। डंके की चोट पर भारत के सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को रद्द करने के केंद्र सरकार के अगस्त 2019 के फैसले को बरकरार रखा है, जिसने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था। यह फैसला आते ही पाकिस्तान का कार्यवाहक विदेशमंत्री जलील अब्बास जिलानी प्रेस कॉन्फ्रेंस करता है। वह कहता है, कश्मीरियों को संयुक्त राष्ट्र के प्रासंगिक प्रस्तावों के अनुसार आत्मनिर्णय का अधिकार है। भारत को कश्मीरी लोगों और पाकिस्तान की इच्छा के खिलाफ इस विवादित क्षेत्र की स्थिति पर एकतरफा निर्णय लेने का कोई अधिकार नहीं है। जिलानी ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर को लेकर विवाद सात दशकों से अधिक समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एजेंडे में बना हुआ है। पाकिस्तान की इस टिप्पणी का कोई मायने नहीं है। वह जम्मू-कश्मीर का राग अलापता ही रहता है। जिलानी कान खोल कर सुन लो, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। वह भारत का है। भारत का रहेगा। तुम देखते जाओ, आगे होता है और क्या-क्या। जिलानी ने इस संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल पर कहा कि पाकिस्तान इस फैसले के बाद भी नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर शांति कायम रखना चाहेगा। जिलानी याद रखो, तुम्हारी इस बात पर कोई भरोसा नहीं कर सकता। न ही किया जाना चाहिए। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने अपनी शराफत दिखा दी है। कहा है कि भारत की शीर्ष अदालत ने पक्षपातपूर्ण निर्णय सुनाया है। इन टिप्पणियों से लगता कि इस फैसले से समूचा पाकिस्तान बिलबिला गया है। पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि एक बार फिर यह साबित हो गया है कि भारत अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का पालन नहीं करता है। भारत के आंतरिक मामलों पर बेसिरपैर की बात करना पाकिस्तान के नेताओं के लिए नई बात नहीं है। मुल्क को आतंकवाद और आर्थिक संकट की भट्ठी पर झोंकने वाले यह नेता भूल रहे हैं कि झूठी तकरीरों से जनता का पेट नहीं भरता। उसके लिए ईमानदार शासन चाहिए होता है। यह दुनिया जानती है कि पाकिस्तान में सच्चा लोकतंत्र कभी नहीं रहा। वह फौजी हुकूमत का आदी है। बकवास कर रहे पाकिस्तान के हुक्मरानों अब हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दहाड़ सुन लो। उन्होंने कहा है कि भारत के सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है। यह सिर्फ कानूनी फैसला नहीं है। यह उम्मीद की किरण और एक मजबूत एवं अधिक एकजुट भारत के निर्माण के सामूहिक संकल्प का प्रमाण है। यह फैसला जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लिए आशा, प्रगति और एकता की शानदार घोषणा का प्रतीक है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने और जस्टिस बीआर गवई एवं जस्टिस सूर्यकांत की ओर से फैसला सुनाते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था। राष्ट्रपति के पास इसे रद्द करने की शक्ति है। शीर्ष अदालत ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को अलग करने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखा है। केंद्र सरकार ने इसी दिन अनुच्छेद 370 को निरस्त किया था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# सभी पात्र लाभार्थियों को दिया जाए योजनाओं का लाभ : दिनेश प्रताप सिंह

- विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में मंत्री ने लाभार्थियों को बांटें प्रशस्ति पत्र



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात/ जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने ग्राम पंचायत ग्योड़ी के प्राइमरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सरकार की योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरण किए गए।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत 15 नवंबर को प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर कर की थी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरे देश में लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह अभूतपूर्व पहल की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकारी योजनाओं के संदेश देने वाली विशेष रूप से डिजाइन की गई वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था जो वैन सभी ग्रामों तथा शहरों में सरकार की प्रमुख योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। इसका मकसद है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधा जनता को मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की गरीब जनता के हितों के बारे में हमेशा सोचते है प्रधानमंत्री ने गरीबों के लिए बहुत सी योजनाएं चलाकर उनको लाभ दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोचा है कि 2047 तक भारत एक विकसित देश बनेगा और उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि गांव में कैंप लगाकर सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बताएं और रजिस्ट्रेशन कराकर योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों को दिया जाए।

सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का मंत्री ने बारी-बारी से अवलोकन किया।कार्यक्रम में समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग, उद्यान विभाग सहित अन्य विभागों के स्टाल लगाए, जिसमें कार्यक्रम में आमजन एवं योजनाएं से वंचित आवेदकों का पंजीकरण भी किया गया और उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण पूरा प्रयास करें कि गरीब वर्ग तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। इस अवसर पर मंत्री द्वारा सभी लोगों को पंचप्रण की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में सदर विधायक राकेश गोस्वामी, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष जे. पी. अनुरागी, कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

### जनकल्याणकारी योजनाओं में रजिस्ट्रेशन कराकर योजनाओं का लें लाभ : डीएम

इस अवसर पर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कहा कि सभी पात्र व्यक्ति जो भी सरकार कि जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित है वे विकसित भारत संकल्प यात्रा में सरकार कि जनकल्याणकारी योजनाओं में रजिस्ट्रेशन कराकर योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी से कहा कि पान महोबा की पहचान है, ज्यादा से ज्यादा किसानों को पान कि खेती करने हेतु प्रोत्साहित करें तथा सभी किसानों को उद्यान विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए मंत्री ने कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गए ड्रोन कैमरे को उड़ाकर किसान भाइयों से कहा की आप लोग इस ड्रोन कैमरा की मदद से अपने खेतों में दवा का छिड़काव कर सकते हैं।




## भक्तों ने लगाई गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** साल की आखिरी अमावस्या पर बुंदेलों ने सुबह पवित्र गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाई एवं सिद्ध बाबा से सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मंगलवार को होने की वजह से इसे भौमवती अमावस्या भी कहते हैं। परिक्रमा सूर्योदय से पूर्व शिवतांडव धाम से प्रारंभ हुई और महावीरन, सकरे सन्या, काली माता, छोटी चंडिका और नागौरिया होते हुए वापस गोरखगिरि धाम के प्रवेश द्वार पर संपन्न हुई। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि मार्ग शीर्ष माह में मंगलवार को अमावस्या होने की वजह से आज की अमावस्या का महत्व बढ़ जाता है। आज पितृ पूजन करने से न केवल मंगल दोष दूर होता है बल्कि परिवार में कलह कम हो जाती है और सुख-शांति व समृद्धि आती है। सोमवती अमावस्या की तरह ही भौमवती अमावस्या भी वर्ष में एक या दो बार आती है। इसमें सुबह स्नान, ध्यान कर तीर्थ स्थलों की परिक्रमा करके सबको पुण्य लाभ हासिल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि गोरखगिरि पर्वत भी चित्रकूट के कामदगिरि पर्वत की तरह विन्ध्याचल पर्वत श्रृंखला का हिस्सा है और त्रेता युग में प्रभु श्रीराम के यहां आगमन का साक्षी है। गोरखगिरि के ऊपर स्थित सीता रसोई व नीचे स्थित राम कुंड इसके सबसे बड़े प्रमाण हैं। परिक्रमा में अवधेशा, डा. देवेन्द्र, गया, राम किशन, धर्मेन्द्र, दिलीप, किशन, प्रेम चौरसिया, सिद्धे, प्रहलाद, ऋषभ, दीपू, अजया, संजय, जागेश्वर, चंद्रकांत, धन्नू, अंजली व अंजू आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### डंपर और स्कूल बस में हुई टक्कर

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** भरथना-बिधूना मुख्य मार्ग पर बाहरपुर नहर पुल के पास हादसे में स्कूल बस में सवार स्टाफ़कर्मी बाल बाल बचे। भरथना-बिधूना मुख्य मार्ग पर बाहरपुर नहर पुल के पास मंगलवार की सुबह भरथना से स्टॉफकर्मियो को लेकर जा रही स्कूल बस व सामने की दिशा से आ रहे डम्फर में भिड़ंत हो गई। हादसे में बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया वही डम्फर सड़क किनारे खड्ड में धंस गया। बताया गया कि स्कूल बस में चालक समेत विद्यालय के कुछ अध्यापक अध्यापिकाएं सवार थे जोकि बाल बाल बच गए। डम्फर चालक मौके से भाग गया।

### डॉ. उमेश गुप्ता को अमेरिकन फैलोशिप प्रदान की गई

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (यूपीयूएमएस) के बाल शल्य चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डा. उमेश कुमार गुप्ता को अमेरिकन शल्य चिकित्सा संस्थान द्वारा प्रतिष्ठित फैलोशिप प्रदान की गयी है। यह फैलोशिप उन्हें सम्मानित एवं प्रतिष्ठित शल्य चिकित्सकों के पैनल द्वारा चयन के पश्चात् प्रदान की गयी। इस प्रतिष्ठित फैलोशिप के मिलने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. प्रभात कुमार सिंह, प्रति कुलपति डा. रमाकान्त यादव, संकायाध्यक्ष डा. आदेश कुमार, कुलसचिव डा. चन्द्रवीर सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा. एसपी सिंह, बाल शल्य चिकित्सा विभाग के फैकेल्टी मेम्बरस् ने उन्हें बधाई दी है।

### एक दिवसीय रोजगार मेला 15 को

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि निदेशालय प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार कार्यालय द्वारा 15 दिसंबर शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय हमीरपुर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम सेवायोजन पोर्टल sewayojan.up.nic.in पर ऑनलाइन पंजीयन कराने के पश्चात अभ्यर्थी अपना पंजीयन आईडी एवं पासवर्ड के आधार पर सम्बन्धित कम्पनी में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन आवेदन करते हुए अपने समस्त शैक्षिक मूल प्रमाण पत्रों व फोटो सहित उक्त तिथि व समय पर मेले में प्रतिभाग करते हुए इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। किसी कारणवश ऑनलाइन न कर पाने की स्थिति में आप सीधे भी प्रतिभाग कर सकते हैं। मेले में सिनर्जी कंसल्टेंटस, देहरादून, ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बलस एण्ड आयुर्वेदिक प्रा.लि. लखनऊ, केएस मारूती इण्टरप्राजेस नोएडा की कंपनियां प्रतिभाग करेंगी।

### चित्रकूट जा रहे श्रद्धालुओं को बांटा लंच



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत सुमेरपुर अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने चित्रकूट कामतानाथ दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को लंच पैकेट वितरण किए। लंच वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक एवं दिव्य सेवा मिशन हरिद्वार के अध्यक्ष डा.आशीष गौतम, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव शंकर सिंह उपस्थित रहे। रेलवे स्टेशन पर कामतानाथ के दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद पानी फल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में विस्तारक राम सरोज पाठक, जिला महामंत्री रोहित शिवहरे, अभिषेक तिवारी, मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह, आनंद परिहार, अवध पांडेय, पवन सिंह, अरविंद श्रीवास्तव, प्रवीण निगम उर्फ छोटे, आशीष गुप्ता, मोहित साहू, रवि गुप्ता, शैलेंद्र कुमार, देवेश, अखिलेश, ऋषि, आलोक, हर्ष, पप्पू, अमित, शिव बाबू, सतीश उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की बैठक सम्पन्न

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न अभियोजन कार्यों/केसों में शासकीय अधिवक्ताओं एवं अभियोजन अधिकारियों द्वारा सरकार का पक्ष मजबूती के साथ रखा जाए। केसों में लचर रवैया न अपनाया जाए। ताकि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले दोषी लोगों को जेल भेजा जा सके। कहा कि अभियोजन कार्यों में प्रभावी कार्यवाही किया जाए तथा जिसने अपराध किया है उसे दंड अवश्य मिलना चाहिए। ताकि कानून व्यवस्था प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराई जा सके।

उन्होंने कहा कि गवाहों की सुरक्षा पर ध्यान दिया जाए। इस मौके पर उन्होंने गैंगस्टर एक्ट, पॉक्सो एक्ट सहित अन्य से संबंधित केसों की समीक्षा करते हुए उसके संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा, अभियोजन विभाग के अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता गण तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## प्रोग्रेसिव एंड प्रेक्टिसिंग डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव की तिथियां घोषित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** प्रोग्रेसिव एण्ड प्रेक्टिसिंग डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन का वर्ष 2024 के वार्षिक चुनाव कराने को लेकर जयदेव सिह को चुनाव अधिकारी व सरफराज खान को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही चुनाव तिथियां घोषित की गईं हैं। इल्डर्स कमेटी की ओर से जारी पत्र में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 दिसंबर को होगा। मतदाता सूची पर आपत्ति 14 दिसंबर को दोपहर तक ली जाएगी। उसी दिन मतदाता सूची का अंतिम निर्णय लिया जाएगा। पदाधिकारियों द्वारा नामांकन 16 दिसंबर को दोपहर तीन बजे तक, नामांकन पत्रों की जांच 18 दिसंबर को दो बजे तक होगी। उसी दिन तीन से चार बजे के बीच नाम वापसी होगे। जबकि 22 दिसंबर को मतदान संपन्न कराया जाएगा।

# मेला मंच पर कार्यक्रम के दौरान डायरेक्टर को आया अटैक

- बावला म्यूजिकल ग्रुप के नेत्रहीन बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा था रंगा रंग कार्यक्रम
- रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते चीख पुकार करने लगे बच्चे

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**

बावला म्यूजिकल ब्लाइंड स्टार ग्रुप के चल रहे रंगारंग कार्यक्रम में उस समय रंग में भंग पड़ गया और अफरा तफरी फैल गयी जब ग्रुप के डायरेक्टर को कार्यक्रम के दौरान ही दिल का दौरा पड़ गया और वह मंच पर ही गिर पड़े। जिन्हें तत्काल इलाज के लिए ग्वालियर ले जाना पड़ा।

रंगारंग कार्यक्रम के दौरान हुई घटना से कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे बच्चों में चीख पुकार मच गयी। बता दें कि रात मेला मंच पर बावला म्यूजिकल ब्लाइंड स्टार ग्रुप के नेत्रहीन बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा था। करीब एक घंटे तक नेत्रहीन बच्चे कार्यक्रम प्रस्तुत करते रहे और श्रोता भी कार्यक्रम का आनन्द उठाते देखे गए। लेकिन इसी बीच ग्रुप डायरेक्टर मनमोहन सिंह बावला चलते कार्यक्रम में ही मंच पर गिर पड़े और अचेत हो गए। आयोजन समिति सहित ग्रुप के लोग उन्हें जिला



चिकित्सालय ले गए तथा परीक्षण के उपरान्त चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कालेज रिफर किया है।

ग्रुप डायरेक्टर को दिल का दौरा पड़ने से मंच सहित पण्डाल में अफरा तफरी मच गई। बावला ग्रुप द्वारा विगत वर्ष भी मेला मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया था तथा कार्यक्रम को पसंद किए जाने के चलते इस वर्ष भी कार्यक्रम के संयोजक पियूष खरे ने टीम को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारम्भ रिटायर्ड कमिश्नर आदित्य कुमार गोस्वामी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलन करते हुए किया। म्यूजिकल टीम के बच्चों ने गीतों की प्रस्तुति की। लेकिन श्रोताओं का यह उत्साह व आनन्द अधिक देर तक नहीं चल सका और करीब एक घंटा बाद मंच पर जो नजारा पैदा हुआ उससे कलाकारों' श्रोताओं एवं मेला में अफरा तफरी फैल गयी। फिलहाल डायरेक्टर बावला का इलाज झांसी में चल रहा है तथा उनके स्वस्थ होने की प्रार्थनाएं की जा रही हैं।

# दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव पेंच

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



मुंडेरा मार्ग में बदनपुर पचखुरा के मध्य चौकी के ब्रह्म देव बाबा स्थान पर सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की स्मृति में एक दिवसीय विशाल दंगल का आयोजन कराया गया। दंगल का शुभारंभ मुलायम सिंह के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इटरा आश्रम के महंत स्वामी वेदानंद सरस्वती उर्फ बलराम बाबा ने पहलवानों के हाथ मिलवाकर कुश्ती शुरू कराई। दंगल में नामीगिरामी पहलवानों के मध्य रोचक कुश्तियां हुई।

प्रतिवर्ष के बाद इस साल भी ब्रह्मदेव बाबा के स्थान पर मेले का आयोजन किया गया। इस बार मेले के साथ पहली बार दंगल का आयोजन कराया गया। सपा संस्थापक स्व.मुलायम सिंह यादव की स्मृति में आयोजित इस दंगल का शुभारंभ पूर्व प्रदेश सचिव लाल सिंह यादव ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इटरा आश्रम के महंत स्वामी वेदानंद सरस्वती उर्फ बलराम बाबा ने पहलवानों के हाथ मिलवाकर कुश्ती शुरू कराई। कारण मनीष पपरेंदा ने मदन खपतिहा को पराजित किया। रवि नजरपुर व छोटू खपटिहा, नजाकत अली बांदा व सचिन अलीगढ़, उपेंद्र बड़ागांव व विकेश मथुरा, मदन बांदा व रोहित तिलसरस, विवेक दुर्गापुर व मनीष पपरेंदा के मध्य हुए रोचक मुकाबले बराबरी पर छूट गए।

इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख शुभकरण सिंह परिहार, स्वामी गुप्तानंद महाराज, रज्जन विद्यार्थी, जयराम यादव, प्रधान अजय साहू व शमसुद्दीन, रमाशंकर यादव आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे। दंगल का संचालन सुरेश यादव ने किया। रेफरी की भूमिका रामकिशुन नन्ना, सूरजपाल सिंह ने निभाई। दंगल के आयोजक प्रधान बिरखेरा अशोक यादव ने सभी के प्रति आभार जताया।



## कृषक मेले का डीएम ने किया उद्घाटन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत जनपदस्तरीय कृषक संगोष्ठी व मेला कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को राजकीय पौधशाला विवार में सम्पन्न हुआ। राहुल पाण्डेय, जिलाधिकारी ने फीता काट कर कृषक मेले का उ?द्घाटन किया। मेला के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्षा जयन्ती राजपूत ने पौधशाला परिसर में विभिन्न विकास विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान अत्यधिक क्षेत्रफल पर बागवानी कर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकते है। भूमि को अत्यधिक उपजाऊ बनाने हेतु जैविक खादों का प्रयोग करें। कहा की बुन्देलखण्ड क्षेत्र के भौगोलिक परिस्थतियों में सफलतम व नवीनतम तकनीक की बागवानी, सब्जी की खेती, प्याज की खेती करें। किसानों द्वारा स्टॉल में लगाये गये उनके उत्पादों का अवलोकन किया और किसानों का उत्साहवर्धन करते हुए बागवानी को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला पंचयात अध्यक्षा जयन्ती राजपूत ने कहा कि कृषि विविधीकरण खेती को अपनाकर आय को दोगुना कर सकते हैं।

## एसडीएम ने गौशालाओं का किया निरीक्षण



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

**इटावा।** उपजिलाधिकारी चकरनगर ने लवेदी क्षेत्र की ग्राम पंचायत बहादुरपुर घार व नवादा खुर्दकला गौशाला का निरीक्षण करते हुए चारे की जानकारी ली। जिसमें नवादा गौशाला में हरा चारा न होने पर नाराजगी जताई।

उपजिलाधिकारी चकरनगर ब्रह्मानंद कठेरिया ने महेवा विकास खंड की ग्राम पंचायत नवादा खुर्दकला व बहादुरपुर घार गौशाला का निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने गायों की हालत देखी साथ ही भूसा व हरे चारे को देखा तो बहादुरपुर घार में हरा चारा गाय खाती मिली वहीं नवादा खुर्दकला में हरा चारा न होने पर नाराजगी जाहिए की जिस पर उन्होंने ग्राम प्रधान व सचिव से जानकारी ली तो बताया गया कि पानी खेत में लगने के कारण आज नहीं आ सकी।

## बच्चे शिक्षा के साथ खेलकूद पर भी दें ध्यान : अतुल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

**इटावा।** जीआईसी ग्राउंड इटावा पर हो रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मुख्य अतिथि सचिव जिला अपराध निरोधक कमेटी इटावा अतुल निगम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि का कार्यक्रम आयोजक और इसीए के अध्यक्ष सर्वेश चौहान और जनपद के प्रमुख व्यवसाई राजेश अरोरा ने प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि अतुल निगम ने सर्वेश चौहान द्वारा इस आयोजन की जानकारी ली जिसमें उन्होंने बताया कि वह क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन समय समय पर करते रहते है और उनकी पूरी व्यवस्था उनके और




सहयोगियों के द्वारा ही की जाती है।

उन्होंने बताया कि यह टूर्नामेंट स्वर्गीय रामचंद्र की स्मृति में हो रहा है और बच्चों का क्रिकेट खेल से लगाव भी है और उनका उत्साहवर्धन भी होता है। उन्होंने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सर्वेश चौहान और राजेश अरोरा के साथ मिल कर संयुक्त रूप से प्रदान किया।

मुख्य अतिथि के साथ आए विकास राजपूत पब्लिक रिलेशन ऑफिसर और एडवोकेट विवेक राजपूत ने भी इस आयोजन की भूरि भूरि प्रशंशा की।

# मुख्य मार्ग में तीन माह से बह रहा पानी

- नहीं ठीक कराया गया लीकेज

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के पीडब्लूडी स्टोर वाले रास्ते में 3 माह से पाइप लाइन लीकेज होने से पानी बह रहा है।

रास्ते में कीचड बना रहता है पास में विद्यालय होने से जहां नन्हें मुन्हे बच्चों के फिसलने का डर रहता है वही पास में विवाह स्थल होने से रात में लोगो के फिसलने का भय बना रहता है। लोगों ने बताया कि न जाने कितनी बार जल संस्थान, नगर पंचायत अध्यक्ष को अवगत कराया गया लेकिन अभी तक लीकेज ठीक नही हो रहा है।



वहां के वाशिंदे रामदेव पाण्डेय ने बताया कि कस्बे का यह मुख्य मार्ग है हाईवे से पीडब्ल्यूडी होते हुए नई बस्ती को जाने वाले इस रास्ते से कई रास्ते और जुड़े हुए है। इस रास्ते से सर्वाधिक आवागमन होता है किन्तु पाइप लाइन लीकेज होने से गड्ढों में पानी भरा रहता है। वाहनों के आवागमन से इंटरलाकिंग खराब हो रही है।

स्कूली बच्चों से लेकर वृद्धजनो को कठिनाई होती है। नलकूप का पानी दिन रात व्यर्थ में बहता रहता है लोगों ने बताया कि 3माह से लीकेज ठीक कराने की मांग की जा रही है मगर कोई गौर नही कर रहा है वहां के निवासी अनिल यादव, विवेक त्रिपाठी, राज किशोर पाण्डेय आदि ने जिलाधिकारी से समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

## कर्मचारियों ने मांगों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

**इटावा।** सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर पांच सूत्रीय मांगों के संबंध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सक्सेना के नेतृत्व में सिंचाई संघ कार्यालय पर भोगनीपुर प्रखण्ड निचली गंगा नहर इटावा एवं नलकूप खंड प्रथम का संयुक्त रूप से सम्पन्न हुआ।

प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर पांच सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, सिंचाई एवं जल शक्ति मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं अपर मुख्य सचिव सिंचाई उत्तर प्रदेश शासन को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के मध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञापन की प्रतिलिपि अधिशासी अभियंता भोगनीपुर प्रखण्ड निचली गंगा नहर इटावा, अधिशासी अभियंता नलकूप खंड प्रथम के माध्यम से



प्रमुख अभियंता विभागाध्यक्ष, प्रमुख अभियंता यांत्रिक सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश को प्रेषित किया गया। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा, कार्यवाहक अध्यक्ष रिजवान अहमद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूरन सिंह, जिला मंत्री पवन श्रीवास्तव, संघर्ष समिति के अध्यक्ष अजय कुमार, भोगनीपुर प्रखण्ड के अध्यक्ष अवधेश कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप कांत यादव, मंत्री नरेन्द्र सिंह सेंगर, संप्रेक्षक अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, अनुज कुमार, नलकूप खण्ड प्रथम के अध्यक्ष राम तेज यादव, उपाध्याय अजय प्रताप सिंह, मंत्री अखिलेश कुमार, कोषाध्यक्ष मनीष बाबू, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, नीरज यादव, कृष्ण गोपाल, सरल कुमार, सर्वजीत गुप्ता, लव कुश त्रिपाठी, नीरज कुमार, अनिकेत कुमार, आसू ओझा, श्याम गुप्ता, राम जी गोस्वामी, राहुल कुमार, चन्द्रशेखर, अंकित कुमार, बॉबी, विवेक कुमार, अंकुश कुमार, संदीप, नरेंद्र सिंह कुशवाह, सौरव कुमार, प्रदीप कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, राजेश कुमार, ललित प्रजापति, आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# ग्रुप डांस बालिका में सेंट मैरी व नारायण कॉलेज बने विजेता

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी में सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धाओं की शुभारंभ के साथ मंगलवार को ग्रुप डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न विद्यालयों की 27 से अधिक टीमों ने बालक एवं बालिका वर्ग में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ एसएसपी की पत्नी नीलम राय, एसडीएम सदर व प्रदर्शनी समिति के जनरल सेक्रेटरी विक्रम सिंह राघव, एडीआईओएस डॉ मुकेश यादव एवं संयोजक डॉ कैलाश चंद्र यादव आदि ने दीप प्रज्वलन व सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ के साथ किया। मुख्य अतिथि नीलम राय ने कहा कि इस प्रकार की प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को स्वयं को






कमतर नहीं आंकना चाहिए। प्रथम, द्वितीय व तृतीय की रेस में जो छात्र-छात्राएं नहीं है वह भी निरंतर आगे बढ़ते रहे और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें क्योंकि निरंतर कार्य करने वाले व्यक्ति को ही सफलता मिलती है, इसलिए सफलता का मूल मंत्र जानकर अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ते रहिए, सफलता निश्चित तौर पर आपके कदम चूमेगी। कार्यक्रम में कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच बालिका वर्ग में नारायण कॉलेज आफ साइंस एंड आर्ट व सेंट मैरी इंटर कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम दूसरे स्थान पर रही। पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल एवम केवलानंद स्कूल की टीम ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि चित्रगुप्त इंटर कॉलेज की टीम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं लड़कों के समूह में नारायण कॉलेज आफ साइंस एंड आर्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि लिटिल लीडर्स स्कूल के छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर एच एन पब्लिक स्कूल व एसएस मेमोरियल सैफई की टीम रही। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका नामिता तिवारी, मोनिका अग्रवाल, पारुमिता विश्वास ने निभाई। तीनों ही जज ने अलग-अलग पैरामीटर के अनुसार विजेता टीमों का चयन किया कार्यक्रम के संयोजक पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर प्रिंसिपल कैलाश चंद्र यादव ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण, प्रतीक चिन्ह, बुके व शॉल आदि देकर स्वागत किया।

उन्होंने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में आए हुए सभी छात्र-छात्राओं का भी उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य संजय शर्मा, डॉ उमेश यादव, एसएन यादव, डॉ धर्मेंद्र शर्मा , अभिषेक सक्सेना , पवन यादव, मंजेश कुमार, रश्मि यादव, अमन श्रीवास्तव, मनीष यादव, विनोद यादव व पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन कुमार वैभव व रोहित चौधरी ने किया।

# मंडलायुक्त ने नामावलियों का किया निरीक्षण

▸ जिस फार्म में आपत्तियां हैं उसका निस्तारण आवेदन पर उल्लेख स्पष्ट होना चाहिए

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यों का निरीक्षण करते मंडलायुक्त — समृद्धि न्यूज

उरई (जालौन)। मंगलवार को रोल प्रेक्षक/मंडलायुक्त झांसी मंडल झांसी आदर्श सिंह ने विधानसभा निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संबंध में तहसील उरई का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने ईआरओ नेट पर प्राप्त रोल आब्जर्वर के लॉगिन पर सुपर चेकिंग फार्म का भौतिक सत्यापन किया गया एवं विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न विभिन्न भाग संख्याओं के फर्मों का परीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दावे और आपत्तियों का निस्तारण 26 दिसम्बर को किया जाएगा जिसमें फार्म 6 में नाम जोड़े जाएंगे, फार्म 7 में आपत्तियां (नाम काटे जाएंगे) प्रारूप 8 में नाम संशोधन किया जाएगा और निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2024 को किया जाएगा और जिन छात्र-छात्राओं या अन्य की उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है वह भी वोटर लिस्ट में अपना नाम सम्मिलित अवश्य कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान में युवा वोटर, थर्ड जेंडर व दिव्यांग वोटरों का विशेष रूप में प्राथमिकता पर अभियान में सभी का वोटर लिस्ट में नाम हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा वार विभिन्न भाग संख्याओं से फार्म 6, 7 व 8 प्राप्त हुए हैं, जिस फार्म में आपत्तियां हैं उसका निस्तारण आवेदन पर उल्लेख स्पष्ट होना चाहिए।

रोल प्रेक्षक ने वोटर रजिस्ट्रेशन केंद्र का भी निरीक्षण किया एवं मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत प्राप्त फार्मों यथा फार्म 6, 7 व 8 की पीडिंग के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी अभिषेक कुमार नगर मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार, तहसीलदार कुमार भूपेंद्र सिंह सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## मिलावटी खाद्य पदार्थ विक्रेताओं पर कसा शिकंजा

**उरई (जालौन)।** मिलावटी खाद्य पदार्थों को बेचने वालों पर शिकंजा कसने में अब खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग और जिला प्रशासन ने सख्त रवैया अपना लिया है मंगलवार को इसी क्रम में विशेष अभियान के तहत आला अधिकारियों ने नगर क्षेत्र में जगह-जगह ताबड़तोड़ छापेमारी कर आधा दर्जन से अधिक दूध और पनीर विक्रेताओं के यहां से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए और उन्हें जांच के लिए भेजा। इसी क्रम में युक्त खाद्य एवं सुरक्षा विभाग लखनऊ उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी जनपद जालौन के निर्देश पर मंगलवार को सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. जतिन कुमार सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी आलोक कुमार, ने अलग-अलग स्थान पर पहुंचकर पहले तो वहां से गुजरने वाले दो पहिया वाहन दूधियों को रास्ते में ही रोक कर उनके दूध को नमूने के तौर पर लिया।

# दुष्कर्म मामले में दोषी पाए गए दुद्धी विधायक, गए जेल

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**



नौ वर्ष पूर्व नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में अपर जिला जज प्रथम एहसानुल्लाह खान की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई कर भाजपा के दुद्धी विधायक रामदुलार गोंड़ को दोषसिद्ध पाकर न्यायिक अभिरक्षा में लेकर उन्हें जेल भेज दिया। सजा का निर्धारण 15 दिसंबर को होगा। ऐसे में अब विधायक की सदस्यता भी खत्म हो सकती है और दुद्धी में नए सिरे से विधानसभा चुनाव हो सकता है।

बता दें कि 4 नवंबर 2014 को रामदुलारे गोंड जो तत्कालीन प्रधानपति थे अब वर्तमान में भाजपा के दुद्धी विधायक हैं के खिलाफ एक व्यक्ति ने म्योरपुर थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि रामदुलार उसकी नाबालिग बहन के साथ पिछले एक वर्ष से लगातार धमकी देकर दुष्कर्म कर रहे थे। इस मामले में पुलिस ने रामदुलार के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था और विवेचना करने के बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिल किया था। इस मामले में 8 दिसंबर को दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं ने बहस कर अपना पक्ष रखा था। अदालत ने 12 दिसंबर को निर्णय की तिथि नियत किया था।

## औरैया पुल पर मिली लापता की कार व मोबाइल

**जालौन (उरई)।** दो दिन से पिता के लापता होने की सूचना पुत्र ने कोतवाली में दी है। पिता की कार व मोबाइल औरैया पुल पर मिला। पुत्र ने पिता की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस से गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी दिलशान ने पुलिस को बताया कि उसके पिता दिलशाद उर्फ गुड्डन चार पहिया वाहन के मिस्त्री हैं। औरैया रोड पर उनकी दुकान भी है। सोमवार की सुबह करीब आठ बजे वह कार से कहीं चले गए। दोपहर तक जब वह वापस नहीं लौटे तो उनकी तलाश शुरू की। जिसमें पता चला कि पिता जो कार लेकर गए थे वह औरैया पुल पर खड़ी है। जब वह औरैया पुल पर पहुंचे तो कार पुल पर ही खड़ी थी। कार में चाबी लगी थी और उनका मोबाइल भी कार में ही पड़ा था।

# विभिन्न दुर्घटनाओं में चार युवक हुए घायल



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जालौन (उरई)। अलग अलग जगहों पर हुए सड़क हादसों में बाइक सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया। फतेहपुर जनपद के महुआ ब्लॉक के छिलापुर निवासी अंकुश (30) व विमलेश (28) दोनों भाई हैं। झांसी में रहकर दोनों ठेकेदारी का काम करते हैं। मंगलवार की दोपहर वह बाइक लेकर झांसी से दिबियापुर जा रहे थे। तभी औरैया मार्ग पर सहाव मोड़ के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार कार के चालक ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों सीएचसी पहुंचाया। वहीं, कार में सवार लोग कार को मौके पर छोड़कर भाग गए। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा कराया। उधर, कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी इमरान (24) व खालिद (21) भी भाई हैं। उनके परिवार के लोग लहचुरा के पास खेतों में मटर तुड़ाई का काम कर रहे थे।

दोपहर में वह परिजनों को खाना देने के लिए बाइक से खेत पर जा रहे थे। जब उनकी बाइक देवरी के पास पहुंची तो अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों को पता चलने वह दोनों को सीएचसी लेकर आए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने चारों की गंभीर हालत को देखते हुए चारों को मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया।

# 17 को पेंशनर दिवस पर पेंशनरों की समस्याओं पर होगी सुनवाई

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि राज्य सरकार के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं की जनपद स्तर पर सुनवाई व निराकरण हेतु प्रतिवर्ष 17 दिसम्बर को पेंशनर्स दिवस का आयोजन जनपद स्तर पर करने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है।

इसी क्रम में जनपद में 17 दिसम्बर 2023 को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जनपद कोषागार उरई के प्रांगण में अपरान्ह 12 बजे से पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया जायेगा। आयोजन का समन्वय वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा किया जायेगा। आयोजन में जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्ष भी प्रतिभाग करेंगे। अतः कोषागार उरई से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों को सूचित किया जाता है कि जिन पेंशनरों की समस्या या शिकायत है वह अपने शिकायत, प्रार्थना पत्रों के साथ प्रतिभाग करने का कष्ट करें।



वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी।

## युवतियों की स्कूटी में बाइक ने मारी टक्कर, युवती घायल

**जालौन (उरई)।** कामांक्षा देवी मंदिर में दर्शन के लिए जा रही युवतियों की स्कूटी में बाइक चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया। पिता ने कोतवाली में तहरीर दी। उरई कोतवाली क्षेत्र. के मोहल्ला नया रामनगर निवासी सुधांशु सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी रिशु सिंह अपनी सहेली अंजली निवासी मवई के साथ अकोढ़ी स्थित कामांक्षा देवी मंदिर पर दर्शन के लिए जा रही थीं। जैसे ही बेटी ने इंडीकेटर देकर मंदिर की ओर अपनी स्कूटी मोड़ी तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे बाइक के चालक ने अनियंत्रित होकर उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। दोनों को पहले सीएचसी फिर मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया गया।

# छोटी बहन की जिंदगी के लिए बड़ा भाई कर रहा किडनी दान

▸ अपने बहनोई के साथ प्रशासनिक अनुमति लेने कलेक्ट्रेट पहुंचा भाई

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

मौजूदा सामाजिक ताने-बाने में जहां एक ओर पारिवारिक रिश्तों में भी बिखराव देखने को मिल जाता है तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो इन रिश्तों के मर्म को न सिर्फ अच्छे तरीके से समझते हैं बल्कि उनके प्रति अपने कर्तव्य और दायित्व का निर्वहन करने में कोई कसर नहीं छोड़ते फिर चाहे इसके लिए उन्हें कोई भी समझौता क्यों न करना पड़ जाए। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में एक ऐसा ही शख्स जिलाधिकारी से इस बात की अनुमति लेने के लिए आया कि वह अपनी छोटी बहन की जिंदगी को बचाने के लिए उसे किडनी दान देना चाहता है हालांकि विभागीय औपचारिकताओं में जिलाधिकारी कार्यालय से स्वास्थ्य विभाग को संबंधित निर्देश भी दिए गए हैं।

जानकारी के मुताबिक जिलाधिकारी कार्यालय में अपनी बहन के प्रार्थना पत्र को लेकर पहुंचे सीताराम पुत्र नंदकिशोर निवासी ग्राम चांदनी तहसील उरई ने बताया कि उसकी बहिन रेखा पुत्री नंदकिशोर पत्नी राजेश कुमार निवासी धंगुवा कला तहसील उरई जालौन जिसकी डॉक्टरों की राय में दोनों किडनी खराब हो चुकी हैं और वह अपनी छोटी बहन की जान बचाने के लिए उसे किडनी दान देना चाहता है।

## खबरें एक नजर में

### पिछड़ा,दलित अल्पसंख्यक सम्मेलन का आयोजन

**बलरामपुर।** नगर में पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक (पीडीए) सम्मेलन का आयोजन हुआ अध्यक्षता डॉ मणिक लाल कश्यप ( जिला अध्यक्ष) ने किया कहा कि भाजपा सामंतवादी की सरकार लोकतंत्र को समाप्त करना चाहती है राकेश यादव ने कहा कि चौकीदार ही चोर है भाजपा पार्टी सपा कार्यकर्ताओं से डरती है धर्म के नाम भाजपा सरकार हिंन्दु मुस्लिम कर रही है सासंद का अधिकार भाजपा छीन रही है , इस अवसर पर विकास मंत्री सफीउल्लाह खां द्वारिका प्रजापति ( जिला सचिव), शाहिद खान( प्रधान जिला सचिव( पूर्व जिला महासचिव महबूब आलम, अंकित सूर्यवंशी, अमरनाथ वर्मा, प्रमोद यादव मौजूद रहे।

### एबीवीपी ने सत्यम, आदित्य को प्रदेशीय कार्यकारिणी में किया शामिल

**जालौन (उरई)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन में नगर के सत्यम याज्ञिक व आदित्य उपाध्याय को प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी बनाया गया। स्थानीय पदाधिकारी को नई जिम्मेदारी मिलने पर उनके साथियों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 69वां राष्ट्रीय सम्मेलन इंद्रप्रस्थ नगर दिल्ली में आयोजित हुआ। राष्ट्रीय सम्मेलन में संगठन में अभी तक तहसील सहसंयोजक का दायित्व देख रहे सत्यम याज्ञिक को प्रदेश सहसंयोजक सोशल मीडिया और तहसील सहसंयोजक आदित्य उपाध्याय को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। नगर के दो युवाओं को प्रदेश कार्यकारिणी में नई जिम्मेदारी मिलने पर उनके समर्थकों ने मिठाई बांटकर खुशी व्यक्त की और उन्हें फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

### महिला से रंजिशन मारपीट

**जालौन (उरई)।** खेत में काम कर रही महिला के साथ रंजिशन गाली, गलौज व मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कछोरन निवासी ऊषा ने पुलिस को बताया कि वह खेत में मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करती है। मोहल्ले के ही राजा उससे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर झगड़ा करते रहते हैं। पीड़िता का आरोप है कि मंगलवार को वह खेत पर मजदूरी कर रही थी तभी राजा अपने चार साथियों के साथ वहां आए उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर मारपीट करने लगे।

### अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय

**कोन।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी ओबरा के नेतृत्व में कोन पुलिस द्वारा सोमवार को थाना कोन पर पंजीकृत मु.अ.सं.-173/2023 धारा 324 भादवि से सम्बन्धित प्रकरण में नफर अभियुक्त संतोष कुमार पुत्र शिवशंकर, निवासी ग्राम गड़ाव (चकरिया), जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 21 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया गिरफ्तार करने वाली टीम मे कोन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत,उ.नि. मनोज कुमार सिंह, चौकी प्रभारी चकरिया, .हे0का0 महफूज अली चौकी चकरिया, का0 पन्नालाल यादव, थाना कोन, जनपद सोनभद्र शामिल रहे।

# वाटर कूलर खराब होने से हुआ पानी का संकट

नगरपालिका प्रशासन की अनदेखी से वाटर कूलर और आरओ सिस्टम कई दिनों से बंद पड़ा

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

यात्रियों, राहगीरों, दुकानदारों को प्यास बुझाने को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्थित टैक्सी स्टैंड के पास लगा वाटर कूलर और आरओ सिस्टम टुल्लू पंप खराब होने के कारण शो-पीस बन गया है। आसपास के लोगों ने बताया कि करीब 5 दिन पूर्व मोटर चलना बंद हो गया। मोटर बंद होने से टंकी में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिस कारण अब वाटर और कूलर से पानी नहीं निकल रहा है। लोगों को ठंडा पानी तो दूर सादा पानी भी नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र व दूरदराज के यात्रियों को प्यास बुझाने के लिए पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। टैक्सी स्टैंड पर रोजाना सैकड़ों यात्रीओं का आना-जाना होता है। लोगों की प्यास बुझाने के लिए टैक्सी स्टैंड पर वाटर कूलर और आरओ सिस्टम लगा है।

मगर नगरपालिका प्रशासन की अनदेखी के चलते वाटर कूलर और आरओ सिस्टम कई दिनों से बंद पड़ा हैं। ऐसे में लोगों को प्यास बुझाने के लिए दुकानों से खरीदकर बोतल का पानी पीना पड़ रहा है। नगर पालिका द्वारा नगर में आरओ वाटर कूलर विभिन्न स्थानों पर लगवा दिया गया। लेकिन रखरखाव व देखभाल करना भूल गए। कुछ ही महीने पहले लगे आर ओ वाटर कूलर अव्यवस्था का शिकार होकर पानी देना बंद कर दिया है। हालात यह है कि पालिका प्रशासन को खराब पड़े वाटर कूलर दिखाई नहीं देते हैं। वहीं टैक्सी स्टैंड के पास लगे दो हैंडपंपों में सिर्फ एक ही सही है। और एक का पानी पीने लायक नहीं है।

अजय प्रकाश ने बताया कि उन्होंने अपनी मां को इलाज हेतु जिला अस्पताल जाने के लिए टैक्सी स्टैंड पर थे, माताजी को प्यास लगने पर वाटर कूलर के पास पानी भरने गए तो वाटर कूलर खराब मिला। पानी खरीदकर पीना पड़ा। सुनीता ने बताया कि मायके से अपने ससुराल उतरौला पहुंची तो टैक्सी स्टैंड पर प्यास की शिद्दत महसूस हुई, वाटर कूलर के पास पहुंची तो वह खराब मिला। इससे निराश हो गई। लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने नगर में लगे सभी आरओ वाटर कूलर को सही कराने, नियमित देखभाल हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए जाने तथा टैक्सी स्टैंड के पास मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था हेतु नगर विकास मंत्री को ट्वीट कर पत्र भी लिखा है।

## दीनदयाल नगर में निकली भागवत की कलश यात्रा

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज** घघसरा नगर पंचायत के पंडित दीनदयाल नगर के शिव मंदिर प्रांगण से मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ श्री मद भागवत कथा की कलशयात्रा निकाली गई। जिसमें भारी संख्या में लोग मौजूद थे। यात्रा का शुभारंभ-अयोध्या धाम से पधारे पंडित धीरज कृष्ण शास्त्री के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे की अगुवाई में की गई,जो नगर पंचायत के मोहल्ला अलगटपुर होते हुए तुलसीदास, हनुमंत नगर,जयराज नगर से होते हुए जेठू नगर के उपरांत अपने यज्ञ स्थल पर पहुंची।

यात्रा के दौरान भारी संख्या में युवा-युवतियां,बालक-वृद्ध सभी ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए- पंडित धीरज कृष्ण शास्त्री ने कहा कि-जिस प्रकार सतत् अभ्यास से लोगों में विद्या का श्रीजन होता है।

# बंधक बनाकर पैसे मांगने वाला गिरोह गिरफ्तार

▸ कब्जे से पांच मोबाइल फोन, दो अदद बाइक सहित सामान बरामद

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस लाइन सभागार में मंगलवार को एडिशनल एसपी आपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चोपन थाने के मामले में किया खुलासा वही बताने की पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 280/2023 धारा- 323, 504, 506, 342, 386, 120बी भा0द0वि0 में 06 नफर वांछित अभियुक्तगण को मुखबीर की सूचना पर करगरा मोड़ मारकुण्डी से समय प्रातः 06.20 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त गण को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

घटना का विवरणः वादी आशीष राणा उर्फ गुड्डू पुत्र सतेन्द्र राणा निवासी ग्राम दाहा थाना दोघट जनपद बागपत उम्र करीब 25 वर्ष जो मोबाइल एसेसरीज का सामान बेचने का काम करता है।

# युवती ने सामूहिक बलात्कार का लगाया आरोप

▸ युवती की तहरी पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी

▸ तीन लोगां ने पिता व भाई को लाठी से मारकर किया घायल

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज**

सहजनवा थाना अंतर्गत बड़गों गांव निवासिनी आसमीन पुत्री जुमराती ने गांव के ही निवासी युवकों पर दिन में ही सामूहिक बलात्कार का आरोप लगाते हुए थाने पर तारीख दी है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार असमीन ने अपने ही गांव के निवासी विकास गुप्ता पुत्र रमेश, आकाश गुप्ता , अनूप गुप्ता, आलोक गुप्ता पुत्रगण अशोक गुप्ता, अशोक , रमेश, पुत्रगण कैलाश, निवासी ग्राम बड़गों योगेश पुत्र भुल्लर निवासी ग्राम भिटहा पर सुबह दिन में 8:00 बजे घर में घुसकर कट्टे के बल पर सामूहिक बलात्कार करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि माता-पिता के घर से बाहर होने कारण अकेला पाकर यह लोग मेरे साथ सामूहिक दुष्कर्म किया तथा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए किसी को ना बताने तथा जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

आसमीन ने बताया कि 112 नंबर पुलिस तथा महिला हेल्पलाइन पुलिस को सूचना दी गई परंतु पुलिस द्वारा इन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुनः दिन में उपरोक्त लोग तथा तीन अज्ञात लोग माता-पिता तथा मेरे भाई तथा मुझे लाठी और डंडे से मार कर घायल कर दिए तथा धमकी देते हुए चले गए।

युवती ने थाने पर तहरीर दिया है। शरीर के आधार पर पुलिस ने उपरोक्त सभी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 376, 323, 504, 506, 452 में मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

संबंध में थाना अध्यक्ष सहजनवा इत्यानंद पांडे से बात करने पर उन्होंने बताया कि युवकों पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। मेडिकल जांच तथा अन्य जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# सुग्रीव साहू महाविद्यालय में स्मार्ट फोन का हुआ वितरण



**कोन, सोनभद्र समृद्धि न्यूज।**

युवा तकनीकी के सशक्तिकरण को लेकर स्नातक पास छात्रों को स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत मंगलवार को सुग्रीव साहू रामनरेश गुप्त महाविद्यालय महिउद्दीनपुर मे 227 छात्र/ छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया गया। स्मार्टफोन वितरण समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रुबी मिश्रा व जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त नोडल खण्ड विकास अधिकारी कोन नितिन कुमार व खण्ड शिक्षा अधिकारी कोन देवमणि पाण्डेय व विद्यालय के प्रबंधक शिवानंद गुप्ता ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती का पुजन अर्चना कर कार्यक्रम का शुरुआत कराया।

## ग्राम सुरहिया देवर में लाखों की लागत से बना पीएससी निष्प्रयोज

**उतरौला,बलरामपुर।** उतरौला तहसील के ग्राम सुरैया देवर महुआ धनी में तीन वर्ष पूर्व लाखों रुपए की लागत से बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधिकारियों की उपेक्षा के कारण बदहाल पड़ा है। बदहाल पड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगे खिड़की, दरवाजे , शीशे व पल्ले सहित लाखों रुपए के सामान अराजक तत्व तोड़कर उठा ले गए। अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत के कारण स्वास्थ्य केंद्र की दशा अत्यंत दयनीय हो गई है। अस्पताल का संचालन ना होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। चिकित्सीय उपचार हेतु ग्रामीणों को उतरौला का चक्कर काटना पड़ता है। सुरेंद्र, राकेश, हमीद, खैराती, सत्रोहन, लल्लन, नीलम, रागिनी, गीता देवी, प्रमिला, रुखसाना आदि ग्रामीणों का कहना है कि सबसे अधिक समस्या प्रसव व आपातकालीन दुर्घटनाओं के समय होती है।

# उतरौला क्षेत्र में बेखौफ चल रहे हैं गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज**

शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों के रहमो करम पर क्षेत्र में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। यहां नर्सरी से कक्षा आठ तक पढ़ाई की जाती है ।सूत्रों की माने तो उन छात्रों का पंजीयन सरकारी स्कूल में करा दिया जाता है जहां से परीक्षा दिलाकर टीसी दिला दी जाती है। आलम यह है कि जहां भी सड़क पर चार छह कमरे की दुकान मिला किराये पर लेकर स्कूल खोल दिया जाता है।तत्कालीन डीएम सुरेंद्र सिंह के कार्यकाल के दौरान छापेमारी का अभियान चलाया गया था जिसमें क्षेत्र के दर्जनों गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के विरूद्ध नोटिस जारी की गई थी।और अवैध स्कूल संचालकों में हड़कंप मचा था।यह अभियान को काफी अरसा गुजरने के बाद पुनः यह धंधा जोरों से फल फूल रहा है। क्षेत्र के जाफराबाद, हुसेनाबाद , हाशिमपारा, पिपरा राम, धुसवा बाजार, दिलावलपुर, महदेइया बाजार में ऐसे दर्जनों गैरमान्यता प्राप्त विद्यालय आपको देखने को मिल जाएगें। जहां छोटे छोटे दुकानों व टीन टप्पर के नीचे अवैध स्कूलों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है और सब कुछ जानते हुए भी जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं।

**समीक्षा**

## मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय बनने की एक और प्रक्रिया पूरी

# क्रय की गई भूमि पर जिला प्रशासन ने प्राप्त किया कब्जा

**बलरामपुर समृद्धि न्यूज**

जनपद में मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय निर्माण की प्रक्रिया जिलाधिकारी अरविंद सिंह के दिशा निर्देशन में अति तीव्र गति से आगे बढ़ रही है। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन विश्वविद्यालय निर्माण को लेकर प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। जिलाधिकारी के निरंतर समीक्षा के परिणाम स्वरूप विश्वविद्यालय निर्माण की एक और प्रक्रिया कब्जा प्राप्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। ग्राम सिरसिया में मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय के लिए काश्तकारों द्वारा बैनामा की गई की गई भूमि पर



जिला प्रशासन द्वारा कब्जा प्राप्ति पर जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इस दौरान उन्होंने भूमि विक्रय करने वाले काश्तकारों को मीठा खिलाकर खुशी जाहिर की। भूमि का बैनामा करने वाले काश्तकारों ने जिलाधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से मिले सम्मान से गदगद दिखे। जिलाधिकारी से वार्ता के दौरान भूमि का बैनामा करने वाले काश्तकार रामचंद्र, चंद्रभान एवं रामसागर ने बताया कि मुआवजा का पैसा उनके खातों में तत्काल आ गया है। तत्काल मुआवजा प्राप्त होने पर जिलाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी के पुण्यभूमि पर मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना हो रही है। राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना होने से जनपद में शिक्षा के क्षेत्र में अहम बदलाव देखने को मिलेगा। जनपद शिक्षा के क्षेत्र में एक हब तौर पर उभरेगा। उच्च शिक्षा के लिए जनपद के छात्रों को अन्य जनपदों की ओर भागना भी पड़ेगा। उनको जनपद में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सकेगी।

बताते चले की मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय निर्माण के लिए चार काश्तकारों से भूमि का बैनामा काराया जा चुका है और मंगलवार को 20 और काश्तकारों से बैनामा करने की कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है। जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर को शीघ्र जमीन बनाने की कार्रवाई पूर्ण करते हुए मुआवजा की रकम किसानों के खातों में भेजे जाने का निर्देश दिया। विश्वविद्यालय के भवन निर्माण के लिए जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे स्थल पर जाकर का सर्वे का कार्य शीघ्र प्रारंभ कर दे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो. फैसल कुरैशी व उसकी पत्नी शबा परवीन को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**

मो. अख्तर कुरैशी पुत्र नूर मोहम्मद कुरैशी मोहल्ला मोगलान कस्बा दरियाबाद, थाना दरियाबाद, जनपद बाराबंकी।

# निर्माण कार्य में गुणवत्ता का दें विशेष ध्यान, कार्य को समयसीमा के अन्दर पूर्ण करें: डीएम

- डीएम ने जिले में कराये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की,सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं को दिये आवश्यक दिशा निर्देश
- डीएम ने समीक्षा बैठक में जांच टीम द्वारा मिली कमियों को समय से ठीक कराये जाने के दिये निर्देश

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**मंगलवार** को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्टेऊट के गांधी सभागार में निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुये संबंधित कार्यदाई संस्था को निर्देश दिये कि जांच टीम द्वारा जो कमियां पायी गयी हैं, उन्हे समय से ठीक करा दिया जाये। कहा कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान देते हुए कार्य को समयसीमा के अन्दर पूर्ण किया जाये।

डीएम ने कहा कि विकास खण्ड छिबरामऊ मे राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में भूतल व प्रथम तल पर बरामदा में कोटा स्टोन लगाने, छज्जे की कमियो को दूर करने के साथ सभी कार्य समय सीमा के अन्दर पूर्ण हो जाना चाहिये। उन्होने थाना तालग्राम व सौरिख में 32-32 व्यक्तियो की क्षमता एवं पुलिस लाइन में पुरुषो हेतु 100 क्षमता और महिलाओ हेतु 24 क्षमता के हास्टल-बैरक एवं विवेचना कक्ष की निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुये संबंधित संस्था को निर्देश दिये कि जांच टीम द्वारा जो कमियां पायी गयी हैं, उन्हे समय से ठीक करा दिया जाये। उन्होने महिला चिकित्सालय छिबरामऊ में 50 शैय्या मैटरनिटी विंग में कराये जा रहे कार्य की समीक्षा करते हुये कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि पेन्टिग, फ्लोरिंग इत्यादि अवशेष कार्यो मे तेजी लाकर कार्य को पूरा किया जाये। श्री शुक्ल ने ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को निर्देश दिये कि विकास खण्ड जलालाबाद के ग्राम मतौली से जलालपुर मार्ग का नवनिर्माण कार्य और विकास खण्ड छिबरामऊ के ग्राम हरिबल्लपुर से निरजंन आश्रम से नगला भौंसे तक सम्पर्क मार्ग का डामरीकरण एवं सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के अन्दर पूर्ण किया जाये। उन्होंने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग (नलकूप विभाग) को निर्देश दिये कि डार्क जोन मे स्थापित 16 असफ्ल राजकीय नलकूपो का पुनः निर्माण होना है, जिसमें 08 नलकूपो पर निर्माण कार्य चल रहा है तथा शेष नलकूपो का कार्य नलकूप निर्माण खण्ड कानपुर द्वारा किया जा रहा है, कार्य की प्रगति निरन्तर बनायी रखी जाये और कार्य को समय से पूर्ण किया जाये। उन्होंने बाल संग्रहालय की स्थापना, राजकीय पालीटेक्निक तिर्वा में आवासीय भवनो का निर्माण, जलेसर घाट का विस्तारीकरण कार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र



उमर्दा एवं विशुनगढ का निर्माण कार्य, समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय जनपद कन्नौज मे स्टाफ आवास का निर्माण कार्य, बस स्टेशन गुरसहायगंज का निर्माण कार्य, राजकीय महिला पॉलीटेक्निक जसोदा, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज, राजकीय औद्योगिक संस्थान सौरिख आदि जनपद में कराये जा रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुये संबंधित कार्यदायी संस्थाओ को निर्देश दिये कि कार्य को समयसीमा के अन्दर पूर्ण किया जाये और गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होने कहा कि सडक, सीसी रोड व इंटरलाकिग के कार्य की गुणवत्ता सन्तोषजनक होना चाहिये और नाले-नाली का विशेष ध्यान दिया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# बाइक नीलगाय से टकराई एक की मौत , एक घायल

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**शहर** के गांव धमेकेताल निवासी आफताब खान पुत्र हबीब खान जो अपने साथी धर्मेंद्र शाक्य के साथ मजदूरी करके घर वापस आ रहे थे नीलगाय से टकराने के कारण एक की मौत हो गई एक घायल हो गया

आफताब खान पुत्र हबीब खान निवासी धमेकेलाल अपने साथी गांव के ही धर्मेंद्र शाक्य के साथ बिशुनगढ़ से काम करने गए थे बिशुनगढ़ से काम करके अपनी बाइक से घर वापस आ रहा था उसी समय उमरैन के पास अचानक नीलगाय निकल पड़ी उससे टकरा गए दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को सौ सैया अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने आफताब को कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया और कानपुर ले जाते समय आफताब की मृत हो गई मृतक के तीन नाबालिक बच्चे हैं मृतक की शादी 16 साल पहले सबा के साथ हुई थी जिससे तीन बच्चे दो पुत्र एक पुत्री को जन्म दिया सबसे बड़ा बेटा अनस जो नाबालिक 15 वर्ष का है छोटी बेटी परी 10 वर्ष की है फास 3 वर्ष का है जिसका अब कोई सहारा ना रहा मृतक मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता



था अब परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल था बच्चों को देखते हुए कोई अपने आंसू नहीं रोक सका क्योंकि बच्चों के सर से ऊपर पिता का साया उठ गया बच्चों को कैसे सबर आए मृतक के जनाजे में काफी भीड़भाड़ थी इस समय राजनीतिक नेताओं की मृतक के घर पर लोगों का ताता लगा रहा वही हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने कब्रिस्तान जाकर मृतक की मिट्टी में शामिल हुए सब एक ही जवान से बोल रहे थे कि मृतक बहुत ही अच्छा व्यक्त था सबसे व्यवहार बनाकर चलता था।

## अज्ञात युवक का शव तालाब में उतराता मिला

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** थाना तिर्वा क्षेत्र स्थित 'एक तालाब में युवक का शव उतराता देखकर लोगों में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को बाहर निकलवाया और शिनाख्त हेतु स्थानीय लोगों से पूछताछ की, लेकिन मृतक की पहचान नही हो सकी, जिसके बाद पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस के मुताबिक शव चार-पांच दिन पुरानी लग रहा है। पुलिस युवक की शिनाख्त हेतु प्रयास कर रही हे। जानकारी के मुताबिक सोमवार को तिर्वा क्षेत्र के सुजान सराय रोड के निकट बीती शाम कुछ बच्चे पतंग उड़ा रहे थे, तभी उनकी नजर पास के तालाब में पड़ी। जहां जलकुंभी के बीच एक शव उतराता हुआ दिखां। बच्चों ने इसकी जानकारी मोहल्लेवासियों को दी। जिसके बाद लोग तालाब के पास पहुंचे और तलाब में पड़ा शव देखकर पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची तिर्वा कोतवाली पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को रस्सी में बांध कर तालाब से बाहर निकलवाया। शव की शिनाखत हेतु स्थानीय लोगों से पुलिस ने पूछताछ की, लेकिन शिनाख्त नही हो सकी, मृतक युवक की उम्र लगभग 25 वर्ष बताई जा रही है, मृतक जीन्स पैंट और स्वेटर पहने हुए है और उसका चेहरा खराब हो चुका था, जिससे उसकी शिनाख्त करना मुश्किल हो गया।

# खबरें चलते-चलते

## लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के साईबर योद्धाओं ने फूंका बिगुल

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर मंगलवार को भाजपा आईटी सेल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में साइबर योद्धाओं को आगामी लोकसभा चुनाव जीतने के टिप्स दिये गये। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने कहा कि सरकार की प्रत्येक महत्वपूर्ण योजना की जानकारी जनजन तक पंहुचाना हमारा लक्ष्य है। क्षेत्रीय संयोजक आईटी सेल मयंक भट्ट ने संगठन के गुर सिखाए। भाजपा आईटी सेल के अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी साईबर योद्धा सरहद पर खड़े जवान की तरह कार्य कर तीसरी बार देश में भाजपा की सरकार बनाने का काम करेंगे। इस दौरान लोकसभा विस्तारक राधाकृष्ण यादव, सत्यम शुक्ला, अमरेंद्र सिंह, भाजपा जिला महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी, लोकसभा संयोजक आईटी श्याम दुबे, विनय शुक्ला, हिमांशु सक्सेना, ब्रह्मानंद गौतम, हरेंद्र राजपूत, कुलदीप ठाकुर, अंबुज पाण्डेय, रमन कटियार आदि मौजूद रहे।

## सीएचसी को मिला दो नई हाईटेक एम्बुलेंस

**छिबरामऊ कन्नौज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को दो नई हाइटेक 102 एंबुलेंस मिली इसमें प्रसुताओं को आधुनिक तकनीक के स्टेटस सहित बीपी थर्मोमीटरबैक डिलीवरी किट आज सुविधा मिलेगी। जिला प्रभारी सुरेंद्र गंगवार ने बताया कि जनपद में डायल 102 को 23 एंबुलेंस और डायल 108 को 24 एम्बुलेंस102 की 2 एंबुलेंस पुरानी हो चुकी थी जिनके बदले में शासन ने दो नई 102 की एंबुलेंस जनपद को दी है प्रोग्राम मैनेजर विकास पटेल ने बताया 102 एंबुलेंस गर्भवती महिलाओं को अस्पताल लाने और उन पर घर पर छोड़ने जाती हैंसमुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी शिक्षा अधिकारी डॉ राहुल मिश्रा ने सीता काटकर एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस दौरान जिला प्रोग्राम मैनेजर विकास पटेल संदीप राजीव आदेश अभिषेक अंकित कटियार आदि मौजूद रहे।

## दिसंबर के अंतिम सप्ताह में चलेगा अतिक्रमण अभियान

**छिबरामऊ कन्नौज।** अतिक्रमण अभियान के बारे में पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया 22 दिसंबर को पोस्ट ऑफिस शुरू कर पूरे शहर में अतिक्रमण अभियान चलाकर फुटपाथ को खाली कराया जाएगा इस माह में विवाह आदि मंगल लिखकर नहीं होते हैं उन्हीं दिनों में अतिक्रमण अभियान चला कर बाजार में पूरा फुटपाथ खाली कर दिया जाएगा सड़क के दोनों तरफ नाली के ऊपर कोई पटिया व तीन सेट मानक से अधिक नहीं रहेगी भविष्य में भी से अतिक्रमण नहीं हो सके इसके लिए पालिका कर्मी की ड्यूटी लगाई जाएगी जो फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वाले का नाम लिखकर पलका करले में देगा वहां से उसे नोटिस जारी करके उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में फिर से अतिक्रमण ना करें।

## ई रिक्शा चालकों को करना होगा पंजीकरण नहीं तो शहर में नहीं चला सकेंगे ई रिक्शा

**छिबरामऊ कन्नौज।** शहर मैं ई रिक्शा की आई बाढ़ से शहर में निकलना हुआ दुश्वबार नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने पंजीकरण किया लागू। पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने नगर में ई-रिक्शा की भरमार से बाजार में लग रहे जाम पर कहा नगरपाल का कार्यालय में इनका पंजीकरण शुरू हो गया है इसके लिए ?600 मासिक शुल्क जमा करके ई रिक्शा के लिए नंबर आवंटित किया जाएगा बिना नंबर लिए कोई ई रिक्शा नगर में नहीं चल सकेगा पिछले दिनोंकई वारदातों बताते हुई हैं जिसमें यात्री का सामान लेकर ई रिक्शा चालक रफू चक्कर हो गए ई रिक्शा पर डाला गया नंबर यात्री नोट करके इस समस्या से मुक्ति पा सकते हैं।

# प्राधिकरण की सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

- बैरक समेत जेल में स्थित अस्पताल का किया निरीक्षण, बन्दियों से जानी उनकी समस्याएं, जेल अधीक्षक को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने मंगलवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होने जेल अस्पताल, महिला एवं पुरुष बैरक तथा बन्दियों को दिये जाने वाले भोजन आदि का गहनता से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सचिव ने अस्पताल में कुल 11 बन्दी भर्ती पाये गये जिनमें से एक बंदी टीबी रोग से ग्रसित पाया गया जिसकी उचित देखभाल, दवाई व पौष्टिक भोजन दिये जाने हेतु व अस्पताल की साफ सफाई कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया। निरीक्षण दौरान यह भी पाया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा बंदियों को भिन्न-भिन्न बिमारियों की जाँच के सम्बन्ध में चिकित्सीय परीक्षण कैम्प लगाया गया, प्रत्येक बंदियों को चिकित्सीय परीक्षण के लाभ की जानकारी दी गई। महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान निरूद्ध महिला बंदी सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त करती मिली एवं बच्चा बैरक के निरीक्षण दौरान पाया गया, कि जेल में निरूद्ध निरक्षर बंदियों को साक्षर बनाये जाने के उद्देश्य से बेसिक



शिक्षा विभाग से एक अध्यापक मनोज कटियार की तैनाती जेल में की गयी है, जोकि जेल में निरूद्ध बंदियों को तरह तरह के गमले बनाना सिखा रहे थे। निरीक्षण के दौरान एक सिद्धदोष बंदी ऐसा मिला जो अपनी सजा पूरी कर अधिरोपित जुर्माना की एवज में सजा भोग रहा है उक्त बंदी के परिवारिक विषय में जानकारी कर उसकी जुर्माना राशि शीघ्र जमा कर उसकी रिहाई करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही जिनकी जमानत स्वीकृत हो चुकी है परन्तु जमानतदार ना होने के कारण बंदी अभी भी जेल में निरूद्ध है। ऐसे बन्दियो हेतु जेल अधीक्षक व जेलर को निर्देशित किया गया कि उक्त दोनो बंदियों के सम्बन्ध में प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र प्रेषित करें। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक, जेलर, डिप्टी जेलर व बंदीरक्षक एवं प्राधिकरण कार्यालय के लिपिक बसंतराम मौजूद रहे।

# दैवीय आपदाओं से बचाव हेतु दिया गया प्रशिक्षण

- उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण लखनऊ के ट्रेनरों ने ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, कानूनगो व स्कूल के शिक्षकों को किया प्रशिक्षित

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**दैवीय आपदाओं** से बचाव हेतु जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण दिये जाने हेतु उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण लखनऊ के ट्रेनरों ने सदर तहसील में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, कानूनगो व स्कूल के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान सर्पदंश, अतिवृष्टि, शीतलहर इत्यादि आपदाओं से बचाव के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। तथा प्रशिक्षण प्राप्त उक्त पदों के कार्मिकों द्वारा जनपद की तीनों तहसीलों में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक





शिक्षाधिकारी द्वारा तय किये गये कार्यक्रम के अनुसार 50-50 के बैंच में प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों एवं डिग्री कॉलेज के अध्यापक तथा ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल तथा कानूनगो समेत 3450 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह सभी 3450 कार्मिक जनपद के प्रत्येक विद्यालय व ग्राम पंचायतों में विभिन्न दैवीय आपदाओं से सम्बन्धित जन-जागरूकता प्रशिक्षण अभियान चलाकर प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण कार्यकम में आशीष कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डा. पूरन सिंह, सदर तहसीलदार रामशंकर, बेसिक शिक्षाधिकारी तथा आपदा विशेषज्ञ जयलक्ष्मी पाण्डेय एवं प्रशासनिक अधिकारी जनकरामं मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत नजरापुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**ग्राम पंचायत** नजरापुर में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम प्रधान अरविंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों को



सम्बोधित करते हुए सदर खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार सिंह ने पीएम मोदी की गारंटी वाली विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए मौजूद लोगों को वर्ष 2047 तक राष्ट्र को विकसित बनाने हेतु शपथ दिलाई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चों ने गायन प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर गोद भराई कार्यक्रम को भी संपन्न कराया गया। इस अवसर पर सदर ब्लॉक प्रमुख रामू कठेरिया, कुलदीप दोहरे, सोनू ठाकुर, ग्राम प्रधान अरविंद कुमार, खंड विकास अधिकारी अमित कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजय पाठक, सहायक विकास अधिकारी कृषि शैलेंद्र, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण मोहम्मद तसलीम, ब्लॉक समन्वयक अनुज द्विवेदी, राहुल यादव, ग्राम पंचायत सचिव राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# विद्युत चोरी रोकने के लिये बनायी गई नई रणनीति

- उपभोगता उठायें एक मुश्त समाधान योजना का लाभ, विद्युत चोरी के प्रकरण भारी छूट के साथ होगे समाप्त
- कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में डीएम ने विभाग के अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुये कहा कि शासन की मंशा है कि सबको सही बिल वितरित हो। कहा कि सरकार ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए लम्बित बिलों पर विलम्बित भुगतान अधिभार में छूट प्रदान की है। इसके साथ ही विगत में चोरी के प्रकरणों में लम्बित राजस्व निर्धारण के देयों में छूट दी है। इस योजना का लाभ लाभार्थी 31 दिसम्बर तक उठा सकते हैं। डीएम ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं पर विद्युत चोरी का केस चल रहा हैं, वह उपभोक्ता छूट के साथ अपने प्रकरण को समाप्त करवा लें स कहा कि कोई भी अभियुक्त नहीं चाहता कि उसका क्रिमनल केस पेंडिंग में हों। डीएम ने कहा कि जे0ई0 लाइनमैन के साथ उपभोक्ताओं के घरों में जाकर अच्छे व्यवहार के साथ बातचीत करें और स्कीम के विषय मे जानकारी दे, तभी स्कीम का लाभ अधिक से अधिक लोग उठा सकते हैं। कहा कि ओ0टी0एस0 अच्छी योजना हैं प्रयास करें कि कंज्यूमर तक पहुँचे। विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गयी कि एक मुश्त समाधान योजना के तहत 185414 के सापेक्ष 19555 रजिस्ट्रेशन हुआ एवं विद्युत चोरी के प्रकरणों में 4664 के सापेक्ष 301 का निस्तारण हुआ, जिस पर जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बताया गया कि जनपद में बिलिंग एवं कनेक्शन के कार्य में तेजी लायी जाये। जनपद में 302899 उपभोक्ता है, जिसमें बिलिंग उपभोक्ता 238736 है, जिसमें 43 प्रतिशत राजस्व की वसूली की गई है। उन्होनें कहा कि लाइन लॉस, एटीएस लॉस, एंव थ्रू रेट के तहत विद्युत चोरी पर विराम लगाया जाये। बैठक में अधीक्षण अभियंता विद्युत, समस्त अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता समेत संबंधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## अवैध शराब सहित पुलिस ने युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की। जिसमें कोतवाली पुलिस ने 20 अवैध क्वार्टर शराब सहित एक युवक को दबोच लिया। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है। मंगलवार को कोतवाली निरीक्षक जेपी शर्मा के नेतृत्व में उप निरीक्षक आशीष कुमार सिंह ने अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया। जिसमें पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डॉ. राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज किशवापुर के निकट क्षेत्र के ग्राम सगरा निवासी भीकम को 20 क्वाटर सहित धर दबोचा।

**बैठक** | राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक मे डीएम के दिखे कड़े तेवर

# फर्जी बैनामा करने वालों के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई

- पांच वर्ष से अधिक मुकदमों के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाये अन्यथा लापरवाह अधिकारी व कर्मचारी की जिम्मेदारी तय की जायेगी: डीएम

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**राजस्व** कार्यों एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार अभियान चलाकर वादों का निस्तारण सुनिश्चित करायें। राजस्व वादों का निस्तारण समय से हो, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। कहा कि 5 वर्ष से अधिक मुकदमों के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाये अन्यथा लापरवाह अधिकारी व कर्मचारी की



जिम्मेदारी तय की जायेगी। डीएम ने न्यायिक प्रकरणों को शासन की शीर्ष प्राथमिकता के अनुसार समय से निस्तारित कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि धारा 34 के वादों में निर्धारित समय 45 दिन से पूर्व ही वादों का निस्तारण करायें। धारा 24, धारा 80 समेत अन्य धाराओं में लंबित मुकदमों को निर्धारित समय के अन्दर ही निस्तारण सुनिश्चित करें। दाखिल खारिज, बटवारा, पैमाइश आदि के केसों में शीर्ष प्राथमिकता से निस्तारण करें। कहा कि सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेते हुये मुकदमों को निस्तारण कराने के साथ ही पोर्टल पर भी फीडिंग सुनिश्चित करायें। उन्होनें महानिरीक्षक स्टाम्प को निर्देश दिये कि फर्जी बैनामा करने वालों के खिलाफकडी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होनें कहा कि राजस्व वसूली के कार्यो में गति लायी जाये, लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली होनी चाहिए। कहा कि समाधान दिवस, आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन, जनता दर्शन में जो शिकायतें प्राप्त हो रही है, टीम बनाकर उनको निस्तारित करवायें। उन्होनें समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि पोर्टल पर दर्ज सूचनाओं का मिलान कर सही सूचना फीड करायें। कहा कि जो अच्छे कार्य किये जा रहे है उनको भी पोर्टल पर फीड किया जाये। उन्होनें निर्देश दिये कि राजस्व से संबंधित कार्यों में लेखपाल सही कार्य करें, लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योग व व्यापारियों से समन्वय स्थापित कर टैक्स कर में बढोत्तरी करे। स्टाम्प वसूली में खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देश दिये कि स्टाम्प वसूली में तेजी लाये। कहा कि जिन विभागों की मण्डल पर स्थिति सही नही है। ऐसे विभाग में सुधार की अत्यन्त आवश्यकता है। लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करें। उन्होनें आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि अवैध शराब, ड्रग्स आदि के खिलाफअभियान चलाकर पकड़ा जाये। स्टाम्प, वाणिज्यकर, आबकारी, एआरटीओ, विद्युत वसूली में तेजी लाये। कहा कि एक प्लान बनाकर राजस्व वसूली को बढ़ाया जाये। कहा कि राजस्व में वसूली में तेजी लायी जाये। उन्होनें महा निरीक्षक स्टाम्प को निर्देश दिये कि पूर्व में जारी आरसी की जांच करें कि रिकवरी हुई की नही। जिन फाइलों पर रिकवरी नही हुई है ऐसी फाइलों पर रिकवरी की कार्यवाही पूर्ण करे। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी तिर्वा, डिप्टी कलेक्टर/उपजिलाधिकारी सदर एवं छिबरामऊ समेत समस्त तहसीलदार व सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़






# पहले पति को खोया अब बेटे को, डीएम की चौखट पर पहुंची पीड़िता

- ससुरालीजनों के खिलाफ दी तहरीर, स्वयं की भी जान को बताया खतरा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**महिला ने** जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर पति और बेटे की हत्या हो जाने व जमीन पर कब्जा तथा स्वयं की रक्षा करने की गुहार लगायी है।

पीड़ित महिला संगीत पतनी अशोक कुमार उर्फ बुधपाल शर्मा निवासी ग्राम बहबलपुर, थाना कम्पिल ने जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि मेरे पति रोजगार के कारण कुछ वर्षों से पांच बेटी व एक बेटे के साथ दिल्ली में रह रहे थे। गांव में मेरे पति के हिस्से में 35 से 40 बीघा जमीन है। मेरे पति जून 2023 में जमीन की बुबाई एवं जमीन की हिस्सेदारी के संबंध में गांव आये थे। दिनांक 08 सितंबर को मेरे जेठ सुनी पुत्र दयाशंकर व जेठानी लता पतनी सुनील व जेठ के पुत्र नितिन पुत्र सुनील आदि परिवारीजनों ने मेरे पति की छत से गिराकर हत्या कर दी। जब मुझे जानकारी हुई, तो वह रिपोर्ट दर्ज कराने थाने जा रही थी, तभी गांव के कुछ संभ्रात लोगों के साथ परिवार वालों ने रोक लिया और समझौता करने का दबाव बनाकर थाने जाने से रोक दिया। पीड़ित का कहना है कि वह ज्यादातर दिल्ली में रहती है। पति की मौत के कुछ समय बाद वह दिल्ली जाने को हुई, तो मेरे जेठ और उनके पुत्रों ने उसके बेटे शिवम पुत्र बुधपाल को बहला फुसलाकर अपने पास रोक लिया। जबकि पीड़िता दिल्ली चली गयी। दिनांक 08.12.2023 को अर्द्धरात्रि करीब 1 बजे पीड़िता के बेटे शिवम की हत्या कर दी गयी। जिस पर पीड़िता दिल्ली से गांव पहुंची, तो पीड़िता को उसके जेठ आदि ने घर से भगा दिया और पीड़िता को उसके बेटे की डेडबॉडी देने से मना कर दिया और धमकी दी कि यहां से चली जाओ नहीं तो तुझे भी जान से मार देंगे। मैं थाने रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची, लेकिन मेरी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी। उपरोक्त ससुरालीजन मुझे भी मारकर मेरी जमीन हड़पना चाहते हैं। जबकि मेरी जमीन ही एक मात्र मेरा व मेरे बच्चों के जीने का सहारा है।




डीएम से गुहार लगाने आयीं मां बेटियां समृद्धि न्यूज

# मारपीट में दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**कोतवाली** क्षेत्र के गाँव महमदपुर मूसेपुर निवासी कुँवरपाल पुत्र सोनपाल राजपूत ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उसकी चाउमीन की दुकान है। उसकी दुकान पर चाउमीन खाने रॉविन पुत्र रामऔतार निवासी गोदाम नगला थाना कायमगंज आया। चाउमीन लेते ही हमारे साथ गाली-गलौज करते हुए बोला साले तूने मुझे चाउमीन ठन्डी दी है, तेरी इतनी औकात। जब हमने गाली-गलौज का विरोध किया, तो राविन, रामऔतार ने मुझे जमीन पर गिराकर लात-घूसों व ईट मारकर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से रॉविन पुत्र जगदीश ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि मैंने अपना खेत प्रेमपाल को बटाई पर दिया था। मंगलवार को धान के बंटवारा के लिए खेत पर गया, तभी उक्त चाउमीन विक्रेता कुँवरपाल ने अपने अन्य साथियों के साथ लाठी-डन्डे व खुरपी मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जाँच पड़ताल शुरु कर दी है।



जानकारी देते दोनों पक्षों के लोग समृद्धि न्यूज

# अमानक नाला बनाये जाने की शिकायत जांच में निकली झूठी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**पूर्व में** बनाए गए नाले की शिकायत पर जांच करने पहुंचे विकास खंड अधिकारी के साथ डीसी मनरेगा को शिकायत जांच झूठी पायी गयी, जबकि सभी मानक पूर्ण निकले।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चांदपुर में पूर्व में क्षेत्र पंचायत द्वारा नाला निर्माण का कार्य कराए जाने की शिकायत ग्रामीण पूर्व प्रधान ओमपाल ने उच्च अधिकारियों से की थी। काफी दिनों से चल रही शिकायतों के आधार पर डीसी मनरेगा रणजीत सिंह अपने साथ एई तथा जेई के साथ विकास खंड कार्यालय पहुंचे और उन्होंने नाला निर्माण की पत्रावली को विकास खंड अधिकारी से तलब किया। तब विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह तथा ब्लॉक कार्यालय के एकाउंटेंट अवनीश सक्सेना ने पत्रावली डीसी मनरेगा रणजीत सिंह को दिखायी तथा पत्रावली को साथ लेकर डीसी मनरेगा तथा विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह ग्राम पंचायत चांदपुर पहुंचे और पूर्व में बनाए गए नाले को देखकर सत्यापन किया। इस दौरान कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होंने बताया कि पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा की गयी शिकायत तथ्यहीन है। वहीं अधिकारियों ने नाप जोख करायी। जिसमें सभी मानक पूर्ण निकले। वहीं विकास खंड अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता के द्वारा तथ्यहीन शिकायत करने पर उनके विरुद्ध पूर्व में कराये गये कार्यों की विभागीय कार्रवाई व जांच की जाएगी और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर डीसी मनरेगा रणजीत सिंह, विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह तथा विभाग के जेई, अवर अभियंता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह गौर तथा मौके पर शिकायतकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।



जांच पड़ताल करते डीसी मनरेगा व बीडीओ व मौजूद ग्रामीण समृद्धि न्यूज

# महिला से दुष्कर्म के मामले में सीओ ने चार दिन बाद दिया बयान

- सिर में चोट लगने से है अचेत, होश में आने पर सही घटना की हो सकेगी जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शादी समारोह में काम करके लौट रही महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया। गम्भीर अवस्था में उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं इस घटना के संदर्भ में क्षेत्राधिकारी ने बयान दिया है कि जब तक महिला होश में नहीं आती है, तब तक दुष्कर्म जैसी घटना होने की बात नहीं कही जा सकती है। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र की एक महिला 08 दिसंबर को फतेहगढ़ एक शादी समारोह में पूरी बेलने गयी थी। काम खत्म होने के बाद वह अपने घर आने के लिए सवारी का इंतजार कर रही थी, तभी लिफ्ट देने के बहाने उसे अपने वाहन में बैठा लिया और उसके रास्ते में उसके साथ दुष्कर्म किया। इससे उसकी हालत बिगड़ गयी। इस घटना की चर्चा होने लगी और सोशल मीडिया पर आ गयी। क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह ने बयान जारी कर बताया कि अधेड़ महिला के साथ दुष्कर्म जैसी सोशल मीडियापर जो खबर प्रसारित हो रही है प्रथम दृष्टि में जांच में आया कि महिला पूड़ी बेलकर घर जा रही थी, तभी रास्ते में गिर गयी। घायलावस्था में नगर पालिका की गाड़ी नेउसे अस्पताल पहुंचा। जहां चिकित्सक शम्भूदयाल ने बताया कि महिला के सर में चोट लगी है, लेकिन उसके होश में आने पर ही सही घटना का पता चलेगा, लेकिन महिला के पति का आरोप कुछ और ही है। चार दिन बीत गये, लेकिन पुलिस अभी इस नतीजे पर नहीं पहुंची कि आखिर मामला मार्ग दुर्घटना का है या फिर कुछ और।

# खबरें चलते-चलते

## पाक्सो एक्ट के मामले में युवक को चार वर्ष का कारावास

**तीस हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दण्डित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने छेड़छाड़ व पाक्सो के मामले में अंशुल पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी मतापुर मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर चार वर्ष का कारावास व तीस हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। बीते सात वर्ष पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के निवासी युवती ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरी 9 वर्षीय किशोरी आम के बाग में बच्चों के साथ खेल रही थी। वहीं मौके पर अंशुल आया और मेरी पुत्री को मोबाइल में फिल्म दिखाने लगा और कपड़े उतारने लगा। पुत्री के चिल्लाने में अन्य लोग आ गये। जिस पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार, अनुज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने अंशुल को दोषी करार देते हुये चार वर्ष का कारावास व तीस हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। जेल में बिताई गई अवधि सजा की अवधि में समायोजित की जायेगी

## किशोर के साथ अश्लीलता करने वाले आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बालकों के साथ अपराध करने वाले आरोपी को अपर जिला विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने आसिम पुत्र हबीवुल रहमान निवासी बन्थलशाहपुर जहानगंज को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कारवास व बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। बीते आठ वर्ष पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के निवासी युवक ने कोतवाली पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरा 14 वर्षीय पुत्र कस्बा कायमगंज में पुरानी गल्ला मंडी के पास ज्वैलर्स की दुकान पर काम करता था। 6 अक्टूबर 2015 को एक व्यक्ति उसकी दुकान पर आया और उस समय दुकान मालिक दुकान पर नहीं थे। वह व्यक्ति मेरे लड़के के साथ आकर अश्लील हरकतें करने लगा। मेरे पुत्र के शोर मचाने पर वह अपनी मारुति ओमनी में जाकर बैठ गया। आसपास लोगों ने पकड़ लिया। उसके बाद मुझे सूचना मिली। पूछने पर उसने अपना नाम आसिम बताया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने आसिम को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## पूर्व विदेश मंत्री की पत्नी को कोर्ट ने भेजा नोटिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दिव्यांगजनों को सहायता देने के नाम पर धोखाधड़ी कर सरकारी धन हड़पने के मामले में पूर्व विदेश मंत्री की पत्नी पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद को एमपी एमएलए कोर्ट ने नोटिस जारी कर नियत तिथि पर न्यायालय में उपस्थित होने को आदेश दिया है। वर्ष 2011 में अपराध अनुसंधान संगठन लखनऊ के निरीक्षक द्वारा धारा 467, 468, 471, 120बी के तहत डॉ0 जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट के प्रतिनिधि प्रत्युश शुक्ला के अलावा अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। विवेचक ने साक्ष्य के आधार पर पूर्व विदेश मंत्री की पत्नी पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद व अतहर फारूकी सचिव डॉ0 जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट को भी आरोपी बनाया। एमपी एमएलए कोर्ट के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने लुईस खुर्शीद को न्यायालय में उपस्थित होने के लिए नोटिस भेजा है। सुनवाई के लिए 21 दिसंबर की तिथि नियत की गई है।

# बाजार बंद कराने निकले ईओ की व्यापारियों से हुई नोकझोंक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बाजार बंद कराने निकले अधिशासी अधिकारी से व्यापारियों की जमकर नोकझोंक हुई। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी कि दुकान खोलने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जानकारी के अनुसार नवाबगंज कस्बे में नगर पंचायत द्वारा मंगलवार को साप्ताहिक बंदी का पालन करने के लिए अधिशासी अधिकारी त्रिवेंद्र कुमार अपने कर्मचारियों को लेकर कस्बे में दुकान बंद कराने निकले थे। इसी बीच जूता चप्पल व्यापारी अनुपम गुप्ता से अधिशासी अधिकारी की जमकर नोकझोंक हो गई। व्यापारी का कहना था कि पहले चौराहे से पालन कराएं, इसके बाद बाजार बंद होगा। इसके बाद काफी देर तक दोनों पक्षों में कहा सुनी होती रही। दुकानदारों के विरोध देखते हुए अधिशासी अधिकारी बीच से अभियान खत्म कर वापस चले गए। थोड़ी देर बाद पूरा बाजार धीरे-धीरे खुल गया। अधिशासी अधिकारी त्रिवेंद्र कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा दुकानदारों को चेतावनी दी गई है। दुकान खोलने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



दोनों पक्षों में होती नोकझोंक

# जिलाधिकारी ने की कर करेत्तर की समीक्षा बैठक

- समस्त विभागों को वसूली बढ़ाने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी की** अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। वाणिज्य कर, विद्युत विभाग, स्टाम्प विभाग में राजस्व वसूली की प्रगति में कमी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में सुधार न हुआ तो शासन को लिखित रूप से अवगत कराया जाएगा। परिवहन विभाग वसूली में मंडल में प्रथम स्थान पर। सभी उप जिलाधिकारी विद्युत विभाग की नाकाबिल आरसी को अलग कर विभाग को वापस करने के निर्देश दिए। मंडी सचिवों को करवंचन की प्रभावी कार्यवाही कर वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। मार्केट में अवैध अतिक्रमण पर समस्त ई0ओ0 कार्रवाई करें। खनन विभाग को भट्टा मालिकों से वसूली करने के निर्देश दिए। मुख्य देय को जमा कराने के निर्देश दिए। सभी संबंधित को बैकलॉग समाप्त कर लक्ष्य को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। मण्डी/नगर निकाय भी वसूली में सुधार करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी, सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारीगण

## नाबालिग पुत्री को भगाने का दो पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। जानकारी के अनुसार दी गयी तहरीर में ग्राम निसाई थाना मोहम्मदाबाद निवासी एक युवक ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा कि उसकी पुत्री 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को दिनांक 10 दिसंबर को करन कुमार बाथम पुत्र सुनील बाथम निवासी ग्राम साज थाना बरनाहल जनपद मैनपुरी बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। मेरी पुत्री बक्से में रखे कुंडल सोने के, झुमकी सोने की, चांदी की पायल तथा शादी के लिए बक्से में रखे 49000/- हजार रुपये भी साथ ले गयी। पीड़ित युवक ने कहा कि उसकी पुत्री को भगाने में उसकी सराज सुमन पत्नी करु बाथम निवासी ग्राम किल्ली परोख थाना बेवर जनपद मैनपुरी का पूरा हाथ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# आवासीय प्लाटों पर कब्जा करने के प्रयास में दबंग

- पीड़ितों ने जिलाधिकारी से लगायी न्याय की गुहार




ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते पीड़ित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आवासीय** प्लाटों पर कब्जे को लेकर पीड़ितों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। जिलाधिकारी को दिये गये प्रार्थना पत्र में पीड़ित श्याम कुमारी पत्नी हरवीर सिंह, हरवीर सिंह पुत्र दुर्विजय सिंह, संजू देवी पत्नी जितेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह पुत्र रामऔतार सिंह, सुखेंद्र सिंह पुत्र दुर्विजय सिंह ने बताया कि उन्होंने आवासीय प्लाट स्थित ग्राम मदनपुर थाना मोहम्मदाबाद जिला फर्रुखाबाद में क्रय किये थे। उनके आवासीय प्लाटों पर विपक्षीगण रजनेश दीक्षित पत्नी अरविन्द दीक्षित, अरविन्द दीक्षित पुत्र दिवारी लाल, नितिन दीक्षित पुत्र अरविन्द दीक्षित निवासी ग्राम कान्हेपुर दबंग, भू-माफिया एवं प्रभावशाली लोग हैं। जो पीड़ितों के उपरोक्त आवासीय प्लाटों पर कब्जा करना चाहते हैं तथा पीड़ितों को निर्माण करने से रोक रहे हैं। पीड़ितों ने अंतर्गत धारा-145 सी.आर.पी.सी. के तहत कार्यवाही भी की है, लेकिन इसके बावजूद उपरोक्त विपक्षीगण जानमाल की धमकी दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में उपरोक्त विपक्षीगणों के खिलाफ कार्यवाही किया जाना आवश्यक है।

**शपथ** | ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से कराया गया अवगत, दिलायी गयी शपथ

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत कुड़री सारंगपुर में हुआ कार्यक्रम



लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते जिलाधिकारी समृद्धि न्यूज




बच्चे का अन्नप्राशन करते डीए समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़री सारंगपुर विकास खण्ड राजेपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी अमृतपुर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं अन्य विभाग के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं को बताया गया तथा योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों के आवेदन प्राप्त किए गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का उद्बोधन को ग्रामवासियों द्वारा सुना गया तथा उपस्थित सभी लोगों ने भारत को विकसित बनाने के लिए मिलकर संकल्प लिया गया तथा सभी को शपथ दिलाई गई। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिला की गोद भराई की एवं नवजात शिशु को खीर खिलाकर अन्न प्रशासन कराया। लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

# एआई के लिए वैश्विक फ्रेमवर्क तैयार करे विश्व : पीएम मोदी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए विश्व से आग्रह किया कि जल्द ही इसके उचित उपयोग के लिए एक फ्रेमवर्क तैयार किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जीपीएआई शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया।

जीपीएआई 29 सदस्य देशों की पहल है। भारत 2024 के लिए जीपीएआई का अध्यक्ष है। इसका उद्देश्य एआई से जुड़ी प्राथमिकताओं पर अत्याधुनिक अनुसंधान और व्यावहारिक गतिविधियों में मदद करके एआई पर सिद्धांत और व्यवहार के अंतर को कम करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई में बदलाव लाने की क्षमता है, लेकिन हमें इसे ज्यादा से ज्यादा पारदर्शी बनाना होगा।

इसकी शुरुआत डेटा और एल्गोरिदम को पारदर्शी और पक्षपात मुक्त बना कर कर सकते हैं। डीप फेक की चुनौती आज पूरी दुनिया के सामने है। इसके अलावा सायबर सुरक्षा, डेटा चोरी और आतंकियों के हाथ में एआई टूल के आने का भी बहुत बड़ा खतरा है।

एक वैश्विक अभियान बनने के कारण हम सभी को मिलकर काम करना होगा।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नैतिक, आर्थिक और सामाजिक चिंताओं पर ध्यान दिए बिना एआई पर विश्वास नहीं बढ़ाया जा सकता है। हमें युवाओं का विश्वास दिलाना होगा कि इसका प्रयोग उनके कौशल के विकास में होगा। हमें विश्वास दिलाना होगा कि एआई लोगों की निजता को बनाए रखेगी।

हमें ग्लोबल साउथ के देशों का विश्वास दिलाना होगा कि एआई उनके भविष्य के रास्ते में नहीं आएगी।उन्होंने कहा कि एआई की विकास यात्रा जितनी अधिक समावेशी होगी, समाज उतने ही बेहतर परिणाम प्राप्त करेगा। पिछले दशकों से सीखते हुए जहां प्रौद्योगिकी तक पहुंच में असमानता थी। अब हमें समाज को इस तरह के नुकसान से बचाना चाहिए। लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रौद्योगिकी से जुड़ने से समावेशिता बढ़ती है।

# देश में नैनो यूरिया का उत्पादन बढ़ाया जा रहा है: मांडविया

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



सरकार ने आज राज्यसभा को बताया कि देश में नैनो यूरिया के नौ संयंत्र काम कर रहे हैं और वर्ष 2025 तक 13 संयंत्र काम करना शुरू कर देंगे जिनकी क्षमता नैनो यूरिया की 44 करोड़ बोतल उत्पादन करने की होगी। रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को राज्यसभा को बताया कि देश में उर्वरक उत्पादन 285 लाख टन तक पहुंच गया है और इसे निरंतर बढाया जा रहा है जिससे कि इस क्षेत्र में आयात पर निर्भरता को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि देश में उर्वरक की जरूरतों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय यूरिया नीति के तहत सभी संयंत्रों में उत्पादन क्षमता बढायी जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी चीन सहित कुछ देशों से करीब 200 लाख टन यूरिया का आयात किया जाता है। इसके लिए सभी से निविदा मंगायी जाती हैं और पारदर्शी तरीके से खरीद की जाती है। रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री इराना कड़ाड़ी ने एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में बताया कि नैनो यूरिया की 500 मिलीलीटर बोतल पर 2400 रूपये की लागत आती है और सरकार इस पर करीब 2150 रूपये की सब्सीडी देकर यह बोतल किसानों को 260 रूपये में उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि यह 500 मिलीलीटर की बोतल एक बोरी उर्वरक का काम करती है।उन्होंने कहा कि किसानों को ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया के छिड़काव के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है और इसके लिए उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव 22 दिसम्बर से

**लखनऊ।** सामाजिक संस्था सोसायटी ऑफ कॅरियर टेक्नोलॉजी (सोक्ट) एवं जन विकास महासभा, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आगामी 22 दिसम्बर से तीन दिवसीय विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव एनआरएलसी ट्रेनिंग संस्थान, सेक्टर-जी, जानकीपुरम के ऑडिटोरियम में शुरू हो रहा है। मुख्य आयोजक पंकज तिवारी ने बताया कि 22 दिसम्बर को उत्सव की शुरूआत प्रातः दस बजे शंखनाद व मंत्रोच्चारण के साथ होगी। उत्सव के अन्तिम दिन 24 दिसम्बर को अपराह्न डेढ़ बजे से शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत एवं सामाजिक एवं क्षेत्रीय विकास में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं एवं व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। मुख्य आयोजक पंकज तिवारी ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले इस उत्सव कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण, पर्यावरण एवं जल संरक्षण संकल्प, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा एवं कॅरियर मार्गदर्शन, आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर जागरूकता, नशामुक्त समाज का संकल्प दिलाने आदि पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, ताकि छात्रों को बेहतर जीवन बनाने के साथ अपना कॅरियर बनाने में मार्गदर्शन मिल सके।

### मैं राजनीति कम करती हूं और विकास ज्यादा: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उत्तर बंगाल दौरे के आखिरी दिन मंगलवार को एक बार फिर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि वह राजनीति कम करती हैं और विकास ज्यादा। दोपहर में कंचनजंघा स्टेडियम जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा,हम राजनीति कम, प्रगति ज्यादा करते हैं। कुछ तो ऐसे हैं जो दिन भर कोसते और कोसते रहते हैं। याद रखें, बुरे शब्द आपको बुरा महसूस कराते हैं, सकारात्मक दृष्टिकोण को नुकसान पहुंचता है। मंगलवार को कंचनजंगा स्टेडियम के कार्यक्रम से ममता ने सीधे तौर पर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार सुनो, हम चुनाव के दौरान सिर्फ पांच किलोग्राम चावल और आटा नहीं देते हैं। मैं साल भर देती हूं। उन्होंने आगे कहा, उत्तर बंगाल आज वंचित नहीं है। आज उत्तर बंगाल विकसित है।

### गुजरात को 338.24 व हिप्र को 633.73 करोड़ की मिली मदद

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने तूफान विपरजॉय से प्रभावित गुजरात और वर्षा प्रभावित हिमाचल प्रदेश के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से क्रमशः 338.24 करोड़ और 633.73 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि जारी किए जाने को मंजूरी प्रदान की है।मंत्रालय के अनुसार केंद्र सरकार ने पहले ही गुजरात और हिमाचल प्रदेश के राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) को 584 करोड़ और 360.80 रुपये जारी किए थे।उल्लेखनीय है कि इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन के कारण हिमाचल प्रदेश गंभीर आपदा से गुजरा था। उधर, गुजरात राज्य चक्रवात बिपरजॉय से बुरी तरह प्रभावित हुआ था।गृह मंत्रालय के अनुसार प्रभावितों को त्वरित राहत देने के लिए दोनों राज्यों के लिए एक अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम की प्रतिनियुक्ति की गई थी।

### जिलेट इंडिया की नवीनतम कैंपेन का रवि किशन ने किया शुभारम्भ

**लखनऊ।** जिलेट की ब्रैंड फिल्म में लोकप्रिय भोजपुरी अभिनेता रवि किशन अभिनय कर रहे हैं। यह फिल्म शेविंग करते समय खरोंच और कट्स को रोकने के लिए सेफ्टी कॉम्ब के साथ जिलेट गार्ड के सिंगल-ब्लेड सिस्टम को प्रदर्शित करती है जिलेट इंडिया की नवीनतम कैंपेन फिल्म मशहूर भोजपुरी अभिनेता रवि किशन द्वारा अभिनीत है। फिल्म में देखा जा सकता है कि वे शेविंग करते समय अपने नियमित रेजर से काफी निराश हैं, क्योंकि इसकी वजह से शूटिंग से ठीक पहले उनके चेहरे पर एक कट लग जाता है। उनके साथ यह घटना तब होती है, जब वे एक महत्वपूर्ण सीन के लिए तैयार हो रहे होते हैं। यह कट न सिर्फ उनकी दिनचर्या में खलल डाल देता है, बल्कि उनके मेक ओवर को बाधित करने के साथ ही फिल्म की शूटिंग में भी रुकावट बन जाता है।

# नालंदा में शहीद स्मारक को उपद्रवियों ने किया क्षतिग्रस्त

**बिहारशरीफ, एजेंसी।**

बिहारशरीफ के कारगिल मोड़ पर स्थित कारगिल पार्क में रात को उपद्रवियों द्वारा शहीद स्मारक को क्षतिग्रस्त करने की खबर सुबह आग की तरह फैल गई। आनन फानन में प्रशासन ने स्थल की रातों-रात मरम्मत करा सही कराया। भाजपा ने प्रशासन पर लीपापोती का आरोप लगाते हुए कारगिल पार्क के गेट के सामने विरोध प्रदर्शन किया।

भाजपा के नेताओं ने बताया कि वीर शहीदों के स्थल को रात को नुकसान पहुंचाया गया, ये वन विभाग और प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है। और जैसे ही सुबह खबर फैली, इसकी तुरंत मरम्मत करवा कर इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर लीपापोती का काम किया गया। प्रशासन ने किसी को भी पार्क के अंदर जाने की इजाजत नहीं दी, जिससे आक्रोशित भाजपा

> ▸ बिहार की जनता को 90 के दशक का जंगलराज का अहसास फिर से होने लगा है

कार्यकर्ताओं ने गेट पर ही, सरकार के विरोध में नारेबाजी की। भाजपा नेताओं ने बिहार मे बढ़ते अपराधिक घटनाओं के लिए महागठबंधन सरकार को जिम्मेवार ठहराते हुए कहा कि अब बिहार में कोई भी सुरक्षित नहीं है, न जाने किसके साथ कहां और किसी भी जगह किसी तरह की आपराधिक घटना घट जाए। बिहार में अपराधियों का मनोबल इतना अधिक बढ़ा हुआ है कि उन्हें पुलिस प्रशाशन का कोई भय नहीं। चोरी, डकैती, लूटपाट, छिनतई, हत्या एवं अपहरण की घटनाएं बहुत ही तेजी से बढ़ती जा रही है। बिहार की जनता को 90 के दशक का जंगलराज का अहसास फिर से होने लगा है।

## अमित शाह इतिहास नहीं जानते :राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें इतिहास की जानकारी नहीं है और पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश के लिए क्या किया इस बारे में वह पूरी तरह से अनभिज्ञ है। गांधी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि मोदी सरकार मुद्दों से सबका ध्यान हटाने के लिए कभी पंडित नेहरू के बारे में बोलेंगे तो कभी किसी और के बारे में अपनी अनभिज्ञता प्रकट करते रहेंगे ताकि हकीकत पर पर्दा डाला जा सके। उन्होंने कहा पंडित नेहरू ने भारत के लिए अपनी जान दे दी, वह वर्षों तक जेल में रहे। अमित शाह इतिहास से अनभिज्ञ हैं। मैं उनसे इतिहास जानने की उम्मीद नहीं कर सकता। गांधी ने कहा, असली मुद्दा जाति आधारित जनगणना है और जनता के लिए जो पैसा आवंटित किया गया है वह किसे मिल रहा है।

# ललित पाटिल ड्रग मामले में किसी को बख्शा नहीं जाएगा : फडणवीस

**मुंबई, एजेंसी।**



उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को विधान परिषद में कहा कि ड्रग मामले में किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ड्रग मामले में दोषी पाए जाने वाले पुलिस कर्मियों को सस्पेंड किया जाएगा। नागपुर में चल रहे विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में देवेंद्र फडणवीस ने विधानपरिषद में कहा कि ललित पाटिल ड्रग मामले में अब तक दस पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है। इनमें 4 पुलिसकर्मियों को बर्खास्त और 6 पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। इस मामले में ललित पाटिल के पुणे के ससून अस्पताल से फरार होने के मामले में ससून अस्पताल के प्रमुख डॉ. संजीव ठाकूर को भी कार्यमुक्त कर दिया है और अस्पताल के स्टाफ की जांच की जा रही है। इस मामले में सहायक पुलिस आयुक्त भागवत को निलंबित किया गया है, अगर सबूत मिले तो उन्हें भी सस्पेंड कर दिया जाएगा। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ड्रग मामले में अंतरराष्ट्रीय गिरोह काम कर रहा है, इसलिए पुलिस को चाकचौबंद रहने का आदेश दिया गया है। विधानपरिषद में कांग्रेस विधायक अशोक भाई जगताप ने ललित पाटिल ड्रग मामले की गहन जांच किए जाने की मांग की थी। अशोक जगताप ने इस मामले में पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका व्यक्त की थी। इसी तरह शिवसेना (यूबीटी) के विधायक सचिन अहीर ने कहा कि ललित पाटिल को किसकी अनुमति से ससून अस्पताल में 9 महीने तक मेहमान की तरह रखा गया।

## 38 लाख की लूट का खुलासा, कंपनी के दो मैनेजर गिरफ्तार

**पटना।** बीते छह दिसम्बर की मध्य रात्रि में बिहार के मुजफ्फरपुर जिले स्थित अहियापुर थाना क्षेत्र के शहबाजपुर स्थित एक निजी फाइनेंस बैंक (भारत फाइनेंस) की शाखा से 38 लाख रुपये की लूट हुई, जिसका मंगलवार को पुलिस ने उद्भेदन कर दिया।सात दिसम्बर की सुबह सूचना के बाद आनन-फानन में एसएसपी राकेश कुमार के साथ जिले के तमाम पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। बैंक मैनेजर ने पुलिस को बताया था कि अपराधी नकाब पहने थे। विरोध करने पर पिटाई की और जान से मारने की बात कही, जिसके बाद डर से सभी शांत हो गए और बदमाश 38 लाख रुपये लूट कर भाग गए। जाते-जाते तीन मोबाइल फोन भी छीन कर ले गए। इसके बाद सिटी एसपी और नगर एएसपी के नेतृत्व एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर पुलिस की टीम ने महज एक सप्ताह में ही इस मामले का उद्भेदन कर दिया।

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त से जुड़ा बिल राज्यसभा में पास

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

राज्यसभा ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त एवं अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें एवं पदावधि) विधेयक 2023 को चर्चा के बाद ध्वनिमत से मंजूरी दी।

बीजू जनता दल (बीजद) के अमर पटनायक ने विधेयक का स्वागत करते हुए कहा कि भारत में अब तक निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति कार्यपालिका द्वारा ही की जाती रही और आयोग ने सराहनीय काम किया है। चर्चा में भाग लेते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के राघव चड्ढा ने कहा कि यह विधेयक संविधान के मूल ढांचे के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि संविधान का मूल ढांचा है- स्वतंत्र चुनाव एवं लोकतंत्र। लेकिन जब आयोग ही पूर्वाग्रह ग्रस्त होगा तो चुनाव निष्पक्ष नहीं हो सकेंगे।यह विधेयक क्या है और इसमें क्या प्रस्तावित किया गया है? इस साल 2 मार्च को सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने फैसला सुनाया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई), लोकसभा में विपक्ष के नेता की सदस्यता वाली एक समिति द्वारा की जानी चाहिए। संविधान सीईसी और ईसी की नियुक्ति के लिए कोई विशिष्ट विधायी प्रक्रिया नहीं बताता है। परिणामस्वरूप, केंद्र सरकार को इन अधिकारियों की नियुक्ति में खुली छूट है। राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रिपरिषद की सलाह पर नियुक्तियाँ करता है। हालाँकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया कि उसका आदेश संसद द्वारा बनाए जाने वाले किसी भी कानून के अधीन होगा। नतीजतन, सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक, 2023 लेकर आई, जिसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सीजेआई के बजाय एक कैबिनेट मंत्री को शामिल करने वाली एक समिति का प्रस्ताव रखा गया।

# रोज रात को किचन में जलाएं तेज पत्ता, मिलेंगे अनगिनत फायदे



तेज पत्ते खाने का टेस्ट बढ़ाने का तो काम करता ही है। लेकिन क्या आपको पता है कि ये सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। तेज पत्ते को एक बर्तन में जलाकर कमरे में रखने से तनाव दूर होता है, मानसिक शांति मिलती है और कई सारे फायदे भी मिलते हैं। आइए आपको बताते हैं इसके बारे में...

**दिमाग को मिलती है शांति**

रात को किचन में 1 तेज पत्ता जलाने से दिमाग शांत होता है। इसे जलाने पर मिलने वाली गंध थकान और चिड़चिड़ाहट भी दूर करती है।

**इम्यून सिस्टम रहता है मजबूत**

तेज पत्ते के धुएं को इम्यून सिस्टम मजबूत करने वाला भी माना जाता है। ये भी माना जाता है कि तेज पत्ता आसपास के वातावरण में मौजूद दूषित कणों को भी काटता है।

**नेगेटिव एनर्जी होती है दूर**

रोजाना रात को किचन में तेज पत्ता जलाने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है। ये घर से हर तरफ की नेगेटिव एनर्जी को दूर करता है।

**बुरे सपनों से मिलेगा छुटकारा**

अगर आपको रात को बुरे सपने परेशान करते हैं तो आपको सोने से पहले किचन में तेज पत्ता जलाना चाहिए। इससे नेगेटिव एनर्जी और बुरे सपने दूर होते हैं।

**बुरी नजर से होती है रक्षा**

अगर आपको ये किसी और को बुरी नजर परेशान कर रही है तो ऐसे में आपको रात के समय किचन में लौंग के साथ तेज पत्ता जलाना चाहिए। इससे बुरी नजर से सुरक्षा होती है।

**तनाव होता है कम**

आजकल की भाग- दौड़ वाली जिंदगी में तनाव होना आम बात है। इससे निजात पाने के लिए रोज रात को किचन में तेज पत्ते का धुआं करना चाहिए।

**होता है धन लाभ**

अगर आप पैसों की तंगी से जूज रहे हैं तो किचन में तेज पत्ता जलाएं। इससे घर में लक्ष्मी का आगमन होता है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सीएम योगी ने श्री कृष्ण जी की प्रतिमा देकर की शिष्टाचार भेंट

## भारतीय अर्थव्यवस्था पर रोजगार सृजन के लिए सबसे ज्यादा दबाव: रघुराम राजन

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन का मानना है कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था भारत में रोजगार सृजन को लेकर काफी दबाव बना हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कौशल विकास के जरिए मानव पूंजी में सुधार की भी पुरजोर वकालत की है। राजन ने पेंसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी में अर्थशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर रोहित लांबा के साथ संयुक्त रूप से लिखी अपनी किताब 'ब्रेकिंग द मोल्ड रिइमेजिनिंग इंडियाज इकनॉमिक फ्यूचर का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत इसकी 1.4 अरब की मानव पूंजी है। हालांकि, इस पूंजी को मजबूती देना सबसे बड़ा सवाल बना हुआ है। अमेरिका के शिकॉगो बूथ में वित्तीय मामलों के कैथरीन ड्यूसेक मिलर विशिष्ट सेवा प्रोफेसर राजन ने कहा कि भारत को विकास की राह पर आगे बढ़ते हुए हर स्तर पर नौकरियां पैदा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, नौकरियां भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सबसे महत्वपूर्ण दबाव बिंदु हैं। अगर हमारे पास निजी क्षेत्र में अधिक नौकरियां होतीं, तो क्या आरक्षण को लेकर इतना दबाव होता? शायद कुछ हद तक यह कम होता। इसके साथ ही उन्होंने राज्यों के स्तर पर नौकरियों को अपने निवासियों के लिए आरक्षित करने की प्रवृत्ति को भी चिंताजनक बताया। राजन ने कहा, यह दर्शाता है कि हम नौकरियां नहीं दे पा रहे हैं। मैं कहूंगा कि यह बुनियादी चिंता है। हम एक संगठित देश हैं। आप अपने राज्य में अपने निवासियों के लिए नौकरियां आरक्षित नहीं कर सकते। इसे हर किसी के लिए उपलब्ध होना चाहिए। मानव पूंजी में सुधार के संदर्भ में राजन ने कहा,अगर हम हाई स्कूल की अच्छी तरह पढ़ाई करने वाले युवाओं में से कुछ को व्यावसायिक प्रशिक्षण देते हैं तो अगले एक साल में बहुत सारी नौकरियां पैदा हो सकती हैं और देश को रोजगार पैदा करने के लिए 10 साल तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, ''अगर हम मानव पूंजी में सुधार करते हैं, तो आज की सबसे बड़ी समस्या नौकरियां खुद-ब-खुद सृजित हो जाएंगी।

# खजूर का दूध पीने से दूर होगी शरीर की सभी कमजोरी



खराब लाइफस्टाइल के कारण कई लोगों को शारीरिक कमजोर और तनाव की समस्या देखने को मिलती है। ऐसे में शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषण देने के लिए सबसे पहला ख्याल सभी के दिमाग में दूध का ही आता है। दूध एक ऐसा सूपरफूड माना जाता है जो शरीर में कई सारे पोषक तत्वों की आपूर्ति करता है। इसमें कैल्शियम, विटामिन, आयरन, प्रोटीन की मात्रा भी काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होती है। वहीं दूध में खजूर मिलाकर पीने से भी शरीर को दोगुना फायदा होता है। दूध और खजूर पीने से शरीर की कमजोरी दूर होती है और इम्यूनिटी मजबूत बनती है। इसके अलावा इस दूध का सेवन करने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता है और शारीरिक कमजोरी भी दूर होती है। एक शोध की मानें तो दूध में खजूर उबालकर पीने से शरीर के ढेरों फायदे होते हैं। वहीं खजूर को खाली पेट खाने से कई सारी गंभीर समस्याएं दूर होती हैं। खाली पेट खजूर खाने से आप एनीमिया से भी बचते हैं। इसके अलावा भी खाली पेट खजूर का दूध पीने से शरीर को कई फायदे होते हैं। आइए जानते हैं.....

**दूध और खजूर में मौजूद पोषक तत्व**

दूध में एंटीऑक्सीडेंट्स, कैरोटेनॉयड्स, फेनोलिक्स जैसे आयरन, प्रोटीन और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषण मिलता है। इसके अलावा खजूर में फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पौटेशियम, कार्ब्स और विटामिन बी 6 पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं।

**शरीर की कमजोरी होगी दूर**

यदि आपके शरीर में कमजोरी रहती है तो आप खजूर वाले दूध का सेवन कर सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व शरीर को मजबूत और ताकतवर बनाने में मदद करते हैं। दूध और खजूर दोनों ही पोषक तत्वों का भंडार माने जाते हैं। इनका खाली पेट सेवन करने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसके अलावा मांसपेशियों की ग्रोथ करने के लिए भी खजूर वाला दूध खाली पेट पीना फायदेमंद होता है।

**हाई ब्लड प्रेशर रहेगा कंट्रोल**



यदि आपका ब्लड प्रेशर हाई रहता है तो भी खाली पेट इस दूद का सेवन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। खाली पेट खजूर वाला दूध पीने से आपका ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहेगा और हार्ट से जुड़ी परेशानियां भी दूर होगी।

**अनिद्रा की समस्या होगी दूर**

यदि तनाव भरी जिंदगी में आपको नींद नहीं आती तो भी इस दूध का सेवन करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। खजूर में पाए जाने वाले गुण अनिद्रा या फिर नींद की कमी की समस्या में बेहद लाभकारी होते हैं। रोजाना एक गिलास दूध में 3-4 खजूर उबालकर पीने से नींद से जुड़ी समस्याओं में फायदा मिलता है।

**गर्भवती महिलाओं के लिए लाभकारी**

दूध और खजूर का सेवन गर्भवती महिलाओं के लिए भी बेहद लाभकारी है। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। गर्भवती महिला और गर्भ में पल रहे शिशु दोनों के लिए ही यह दूध बेहद लाभकारी होता है। इसमें पाए जाने वाले गुण शरीर में ऑक्सिटोसिन बढ़ाने का काम करते हैं। खजूर वाले दूध का सेवन करने से महिलाओं को डिलीवरी के समय फायदा होता है।

**खून की कमी होगी दूर**

शरीर में से खून की कमी दूर करने के लिए भी दूध और खजूर का सेवन करना फायदेमंद होता है। एनीमिया की कमी दूर करने के लिए आप दूध और खजूर का सेवन खाली पेट कर सकते हैं। इसका सेवन करने से शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ेगा और इसमें पर्याप्त मात्रा में आयरन पाया जाता है जो शरीर में से खून की कमी दूर करता है।

**स्किन बनेगी ग्लोइंग**

स्किन को बेहतर और खूबसूरत बनाए रखने के लिए भी लोग कई तरह की चीजों का सेवन करते हैं। स्किन पर बढ़ती उम्र के असर को कम करने के लिए और ग्लोइंग स्किन के लिए आप इस दूध का सेवन कर सकते हैं। इसका सेवन करने से स्किन का ग्लो भी बढ़ता है।